

1300 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित होंगी 13 परियोजनाएं - 12



शेयरों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स 123 अंक टूटा, निफ्टी 24,200 के नीचे बंद- 12




ईरान युद्ध : यूरोप में बढ़ा संकट, सिर्फ छह सप्ताह के लिए बचा विमान ईंधन - 13



आर वैशाली ने फिडे विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर रचा इतिहास - 14


आज का मौसम | 41.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 05.44 | सूर्यास्त 06.33

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या 05:21 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 240, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## महिला आरक्षण: विरोध किया तो चुकाएंगे कीमत

### प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान (131वां) संशोधन, परिसीमन और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर रखे विचार | बोले- इस विषय को राजनीति के तराजू से नहीं तौलना चाहिए और इसका श्रेय वह विपक्षी दलों को भी देने को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में परिसीमन के अनुपात में कोई बदलाव नहीं होने का आश्वासन देते हुए गुरुवार को लोकसभा में सभी राजनीतिक दलों से महिला आरक्षण अधिनियम संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने की अपील की और कहा कि जो भी इसका विरोध करेंगे, उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। मोदी ने महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 व संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर अपने विचार रखते हुए यह भी कहा कि इस विषय को राजनीति के तराजू से नहीं तौलना चाहिए और इसका श्रेय वह विपक्षी दलों को भी देने को तैयार हैं।

उन्होंने कहा, हमारे देश में जबसे महिला आरक्षण को लेकर चर्चा शुरू हुई है और जब-जब चुनाव आया है, जिस दल ने महिलाओं को मिलने वाले इस अधिकार का विरोध किया है, देश की महिलाओं ने उन्हें माफ नहीं किया। मोदी ने कहा, 2024 के चुनाव में ऐसा नहीं हुआ क्योंकि सब ने (2023 में) सहमति से इसे (महिला आरक्षण विधेयक) पारित किया था। किसी का राजनीतिक फायदा नहीं हुआ, किसी का नुकसान नहीं हुआ। अगर हम सब साथ में रहेंगे तो इतिहास गवाह है कि यह किसी के राजनीतिक पक्ष में नहीं जाएगा, देश के लोकतंत्र और सामूहिक निर्णय के पक्ष में जाएगा। जिन्हें इसमें राजनीति की बू आ रही है। वे खुद के 30 साल के परिणामों को देख लें। उनका इसमें ही फायदा है। नुकसान से बच जाएंगे। राजनीतिक रंग देने की जरूरत नहीं। जो विरोध करेंगे उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने महिला आरक्षण व परिसीमन के लिए विधेयक एक साथ लाने पर और कुछ राज्यों के साथ भेदभाव होने संबंधी कुछ विपक्षी सदस्यों की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा, संविधान ने हमें यहां बैठकर देश को टुकड़ों में सोचने का अधिकार ही नहीं दिया है। न टुकड़ों में सोच सकते हैं, ना टुकड़ों में निर्णय ले सकते हैं। निराधार बात है, इसमें रत्ती भर सचाई नहीं है। केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए बवंडर खड़ा किया जा रहा है। मैं बड़ी जिम्मेदारी से आज सदन में कहना चाहता हूं कि दक्षिण हो, उत्तर हो, पूरब हो पश्विम हो, छोटे या बड़े राज्य हों निर्णय प्रकिया किसी के साथ भेदभाव नहीं करेगी।



- संसद में महिला सशक्तीकरण की दिशा में देश ऐतिहासिक कदम उठाने के लिए पूरी तरह तैयार : मोदी
- कांग्रेस ने कहा- सरकार महिला आरक्षण रोकने के लिए परिसीमन बिल लाई

### परिसीमन अनुपात पर गारंटी शब्द चाहिए तो मैं गारंटी देता हूं

मोदी ने कहा, अतीत में जो सरकारें रहीं, जिनके कालखंड में परिसीमन हुआ और जो अनुपात उस समय से चला आ रहा है, उसमें कोई बदलाव नहीं होगा और वृद्धि भी उसी अनुपात में होगी। जब तमिलनाडु की एक सांसद ने गारंटी देने की बात कही तो मोदी ने कहा, अगर गारंटी शब्द चाहिए तो मैं गारंटी देता हूं, वादा शब्द चाहें ते इसका इस्तेमाल करता हूं। तमिल में कोई अच्छा शब्द हो तो उसका इस्तेमाल करता हूं। नीयत साफ है तो शब्दों का खेल करने की कोई जरूरत नहीं है। जब 25-30 साल पहले महिला आरक्षण का विचार आया था तभी इसे लागू कर दिया जाना चाहिए था। हम सब भाग्यवान हैं कि हमें आधी आबादी को इस राष्ट्र निर्माण की नीति निर्धारण प्रक्रिया में हिस्सा बनाने का सौभाग्य मिला है।

### कोई भी अहंकार में न रहे कि हम नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम सभी को इस अहंकार में नहीं रहना चाहिए कि हम नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं। यह उसका अधिकार है। उन्होंने कुछ विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि समय-समय पर सभी ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का समर्थन तो किया लेकिन किसी न किसी बहाने से इसे रोकने का प्रयास करते रहे। उन्होंने कहा तरह-तरह की बहानेबाजी और चीजों को उलझाना अब नहीं चलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, यहां कुछ लोगों को लगता है कि इसमें मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है। अगर आप इसका विरोध करेंगे तो स्वाभाविक है कि मुझे इसका राजनीतिक लाभ होगा। लेकिन साथ चलेंगे तो किसी को इसका लाभ नहीं होगा।

### प्रधानमंत्री बोले- मुझे श्रेय नहीं चाहिए पारित होते ही मैं विज्ञापन देकर सबका धन्यवाद देकर, सबकी तस्वीर छपवाने को तैयार हूं

उन्होंने विपक्षी दलों से कहा, हमें इसका श्रेय नहीं चाहिए। जैसे ही यह पारित हो जाए तो मैं विज्ञापन देकर सबका धन्यवाद देकर, सबकी तस्वीर छपवाने को तैयार हूं। सामने से श्रेय का ब्लैंक चैक आपको दे रहा हूं। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत में कहा, राष्ट्र जीवन में कुछ महत्वपूर्ण पल आते हैं और उस समय की समाज की मनस्थिति और नेतृत्व की क्षमता उस पल को कैद करके एक राष्ट्र की अमानत बना देते हैं, एक मजबूत धरोहर तैयार कर देते हैं। मैं समझता हूं कि भारत के संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में यह वैसा ही पल है। उन्होंने कहा, हम सभी सांसद इस महत्वपूर्ण अवसर को जाने न दें। मुझे विश्वास है कि इस मंथन से जो अमृत निकलेगा, वो देश की राजनीति के रूप-स्वरूप को तो तय करेगा ही, देश की दशा और दिशा भी तय करने वाला है।

## नए परिसीमन पर शाह बोले- दक्षिणी राज्यों का प्रतिनिधित्व कम नहीं होगा, बल्कि बढ़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नए परिसीमन के बाद दक्षिणी राज्यों का संसद में प्रतिनिधित्व कम होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि उनकी हिस्सेदारी कम नहीं होगी, बल्कि बढ़ेगी और 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले सभी चुनाव मौजूदा व्यवस्था के तहत ही होंगे। महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित विधेयक, 2026 पर चर्चा में कुछ विपक्षी सदस्यों की विभिन्न आशंकाओं और आपत्तियों को खारिज करते हुए शाह ने ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि वह विधेयकों पर चर्चा का जवाब शुक्रवार को विस्तार से देंगे, लेकिन कुछ भ्रांतियों को अभी दूर करना चाहते हैं। शाह ने कहा कि ऐसी धारणा पैदा की जा रही है कि इन तीनों विधेयकों के पारित होने से दक्षिण राज्यों की संख्या लोकसभा में बहुत कम हो जाएगी और उन्हें बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने इसे खारिज करते हुए कहा कि कर्नाटक में अभी 28 लोकसभा सीट हैं जो कुल 543 सीट का 5.15 प्रतिशत हैं, लेकिन ये विधेयक पारित होने के बाद कर्नाटक के सदस्यों की संख्या 42 हो जाएगी जो कुल 816 सीटों का 5.14 प्रतिशत होगी। शाह ने कहा कि आंध्र प्रदेश में अभी 25 लोकसभा सीट हैं और उसका प्रतिनिधित्व 4.6 प्रतिशत है जो परिसीमन के बाद 38 (4.65 प्रतिशत) हो जाएंगी।

- गृह मंत्री ने कहा- 2029 के लोस चुनाव से पहले सभी चुनाव मौजूदा व्यवस्था के तहत ही होंगे



उन्होंने कहा कि तेलंगाना में मौजूदा सीट की संख्या 17 (3.13 प्रतिशत) है, जो बाद में 26 (3.18 प्रतिशत) हो जाएंगी। शाह ने कहा, मैं तमिलनाडु की जनता को आश्वस्त करना चहता हूं कि उनके प्रतिनिधित्व में भी कोई कमी नहीं आएगी और राज्य को कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अभी राज्य के 39 सदस्य (7.18 प्रतिशत) हैं जो परिसीमन के बाद 59 (7.23 प्रतिशत) हो जाएंगे।

### ब्रीफ न्यूज

#### गूगल ने बीते वर्ष भारत में 48.3 करोड़ से अधिक विज्ञापनों को हटाया

नई दिल्ली। दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने अपने एआई मंच जैमिनी की मदद से वर्ष 2025 में भारत में नीति का उल्लंघन करने वाले 48.37 करोड़ विज्ञापनों को हटाया है। साथ ही 17 लाख विज्ञापनदाता खातों को निलंबित किया गया। गूगल ने गुरुवार को जारी 2025 विज्ञापन सुरक्षा रिपोर्ट में बताया कि उसने पिछले साल वैश्विक स्तर पर 8.3 अरब से अधिक विज्ञापनों को हटाया और 2.49 करोड़ विज्ञापनदाता खातों को निलंबित किया। कंपनी ने कहा कि उसके जैमिनी एआई मॉडल के एकीकरण ने तत्काल गलत तत्वों का पता लगाने और उन्हें रोकने की उसकी क्षमता में बहुत अधिक सुधार किया है।

#### प्रधानमंत्री मोदी और मैक्रों ने होर्मुज में नौवहन की स्वतंत्रता पर बात की

नई दिल्ली। अमेरिका-ईरान में शांति वार्ता के विफल होने के बाद होर्मुज को समुद्री जहाजों के लिए खोले जाने के लिए अलग-अलग स्तर पर किए जा रहे प्रयास के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पश्चिम एशिया की स्थिति पर बातचीत की। मोदी ने मैक्रों के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति मैक्रों का फोन आया। हमने प. एशिया पर चर्चा की और होर्मुज में सुरक्षा तथा नौवहन की स्वतंत्रता को शीघ्र बहाल करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की।

## गाजियाबाद में आग से 300 झुग्गियां जलीं, सिलेंडर फटे

गाजियाबाद, एजेंसी

गाजियाबाद जिले के एक गांव में गुरुवार दोपहर भीषण आग लगने से 300 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में उस जगह पर भीषण आग लगने की सूचना मिली, जहां कबाड़ के निस्तारण और पुनर्चक्रण का काम होता है। आग लगने के तुरंत बाद झुग्गियों में रखे रसोई गैस सिलिंडर एक-एक करके फटने लगे। इन धमाकों की आवाज से पूरा क्षेत्र दहल उठा और लोगों में दहशत फैल गई।

जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदार के मुताबिक, झुग्गियों के जलने से कई परिवार बेघर हो गए हैं। दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया है, लेकिन पूरे इलाके में धुएं का गुबार है। मंदार के अनुसार, घटना में किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बात की पुष्टि करने के लिए इलाके में सर्वेक्षण कराया जा रहा है कि कोई व्यक्ति लापता तो नहीं है। चिकित्सकों की एक टीम मौके पर है और आसपास के अस्पतालों को भी अलर्ट कर दिया गया है। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं है, हालांकि अधिकारियों को संदेह है कि अवैध बिजली कनेक्शन में शॉर्ट सर्किट या गैस सिलेंडर से रिसाव के कारण चिंगारी भड़की होगी। अधिकारियों के मुताबिक, प्रभावित परिवारों को अस्थायी आश्रयों में ले जाया गया है और उन्हें राहत सामग्री उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस के अनुसार, मौके पर शीतलन प्रक्रिया पूरी होने के बाद घटना की गहन जांच शुरू की जाएगी। कनवानी गांव में लगी आग के दौरान बड़ी संख्या में निवासी अपने काम पर गए हुए थे। इस दौरान कई परिवारों के छोटे बच्चे झुग्गियों में ही मौजूद थे।



- कनवानी गांव में भीषण आग के कारण आसपास की कई इमारतें खाली कराई गईं

### लखनऊ की झुग्गी बस्ती में आग लगने से दो बच्चों की मौत

लखनऊ। यहां के विकास नगर स्थित एक झुग्गी बस्ती में बुधवार को लगी भीषण आग में दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) दीक्षा शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों बच्चों (जिनकी उम्र लगभग दो साल थी) के शव बुधवार देर रात एक बड़े तलाशी अभियान के बाद बरामद किये गये। उन्होंने बताया, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### अमेठी में ट्रेन की चपेट में आने से महिला समेत दो बच्चों की मौत

जगदीशपुर (अमेठी), अमृत विचार। जगदीशपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय एक महिला और उसके दोनों बच्चों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शुकुल बाजार रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास यह हादसा उस समय हुआ जब एक अज्ञात महिला बच्चों के साथ पटरी पार कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से महिला और एक बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर घायल एक बच्चे की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों के नाम अभी सामने नहीं आए हैं।

## अकासा और स्पाइसजेट के पंख टकराए, जांच शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हवाई अड्डे पर गुरुवार दोपहर अकासा एयर और स्पाइसजेट के विमानों के पंखों के टकराने से दोनों विमानों को नुकसान पहुंचा। उड्डयन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद दोनों बोइंग 737 विमानों को हवाई अड्डे पर ही रोक दिया गया है।

डीजीसीए ने कहा कि जांच लंबित रहने तक एक वायु यातायात नियंत्रक और स्पाइसजेट के पायलटों को ड्यूटी से हटा दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना अपराह्न करीब 2.15 बजे हवाई अड्डे के टर्मिनल एक पर हुई जब अकासा एयर का विमान टैक्सीवे पर उड़ान भरने के लिए निकलने वाला था और स्पाइसजेट का विमान पार्किंग स्टैंड की तरफ जा रहा था। अकासा एयर का विमान दिल्ली से हैदराबाद के लिए उड़ान क्यूपी-1406 संचालित करने वाला था, जबकि स्पाइसजेट का विमान उड़ान एसजी 124 का संचालन करने के बाद लेह से आया था। डीजीसीए ने कहा कि स्पाइसजेट का विमान पार्किंग बे में जा रहा था। इसी दौरान अकासा एयर के विमान के एक हिस्से से टकरा गया। टक्कर के कारण स्पाइसजेट विमान के दाहिने हिस्से और अकासा एयर के विमान के एक हिस्से को नुकसान पहुंचा है। अकासा एयर ने कहा कि दिल्ली से हैदराबाद जाने वाली उसकी उड़ान क्यूपी-1406 को बे (जहां विमान खड़ा रहता है) पर लौटना पड़ा। अकासा एयर का विमान खड़ा था जब दूसरे एयरलाइन के विमान का एक हिस्सा उससे टकरा गया।

- डीजीसीए ने वायु यातायात नियंत्रक व स्पाइसजेट के पायलटों को ड्यूटी से हटाया
- पार्किंग एरिया में हुआ हादसा, दोनों विमानों को नुकसान लेकिन यात्री सुरक्षित




## अमेरिका ने ईरान से निकल रहे 13 जहाजों को लौटाया

वाशिंगटन/बेरूत। अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर उसने पीस डील नहीं मानी, तो फिर से जंग शुरू हो सकती है। वहीं उसने होर्मुज से 13 जहाजों को वापस लौटा दिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान के पास समझौता करने का मौका है, लेकिन अगर उसने इसे ठुकराया तो अमेरिका दोबारा सैन्य कार्रवाई शुरू करेगा।

उन्होंने बताया कि अमेरिकी फोर्सेस पूरी तरह तैयार हैं और किसी भी समय कॉम्बैट ऑपरेशन शुरू कर सकती हैं। अमेरिकी सेना राष्ट्रपति के आदेश का इंतजार कर रही है और निर्देश मिलते ही कार्रवाई शुरू की जा सकती है। हेगसेथ ने कहा है कि अमेरिका ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखेगा। यह कार्रवाई तब तक जारी रहेगी, जब तक अमेरिका अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल नहीं कर लेता। वहीं अमेरिकी जनरल डैन केन ने बताया कि अब तक 13 जहाज नाकाबंदी के चलते वापस लौट चुके हैं।

- अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले-ईरान ने डील नहीं मानी तो फिर जंग होगी
- लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ ने नेतन्याहू से बातचीत करने से किया इनकार

## बस हादसे में मृत कार्मिक के आश्रितों को मिलेंगे 20 हजार रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : परिवहन निगम की बस दुर्घटना में चालक या परिचालक की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को अंतिम संस्कार के लिए अब तत्काल 20 हजार रुपये दिए जाएंगे। यह वृद्धि उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम ने यात्री राहत योजना अंतर्गत अपने संविदा कार्मिकों के हित में की है।

परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि निगम में कार्यरत नियमित, संविदा और आउटसोर्स कार्मिकों की ड्यूटी के दौरान किसी भी कारण से मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को 20 हजार राशि दी जाएगी। पहले आश्रितों को केवल पांच हजार रुपये की आकस्मिक सहायता मिलती थी, जिसे बाद में कार्मिक के वेतन से समायोजित कर लिया जाता था। नई व्यवस्था में 20 हजार रुपये सीधे निगम की आय से दिए जाएंगे और इसे बाद में किसी प्रकार से वसूल नहीं किया जाएगा।

- नई व्यवस्था से परिवारों को मिलेगा त्वरित आर्थिक संबल

## अनिल अंबानी की याचिकाएं खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने उद्योगपति अनिल अंबानी की बंबई हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं को गुरुवार को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने तीन बैंकों द्वारा उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खातों को फर्जी घोषित करने के लिए शुरू की गई कार्यवाही को जारी रखने की अनुमति दी थी।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने साथ ही अंबानी को बैंकों के कारण बताओ नोटिस के खिलाफ उच्च न्यायालय की एकल पीठ के समक्ष अपनी याचिका जारी रखने की अनुमति दी। पीठ ने एकल पीठ से अनुरोध किया कि वह इन बैंक द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के खिलाफ अंबानी की याचिका पर शीघ्र निर्णय करे। उच्चतम न्यायालय ने यह आदेश अंबानी द्वारा दायर तीन अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिया, जिनमें उन्होंने उच्च न्यायालय की खंडपीठ के 23 फरवरी के आदेश को चुनौती दी थी। खंडपीठ ने एकल पीठ के उस अंतरिम आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ खातों को फर्जी घोषित करने की कार्यवाही पर रोक लगाई गई थी। इसके साथ ही खंडपीठ ने तीन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और ऑडिट कंपनी बीडीओ इंडिया एलएलपी द्वारा दिसंबर 2025 में एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ दायर अपीलों को स्वीकार कर लिया था। एकल पीठ के आदेश में इंडियन ओवरसीज बैंक, आईडीबीआई बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा की जा रही वर्तमान और भविष्य की सभी कार्रवाइयों पर रोक लगाई गई थी।

अदालत ने कहा था कि यह कार्रवाई कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण फॉरेंसिक ऑडिट पर आधारित है और भारतीय रिजर्व बैंक के अनिवार्य दिशानिर्देशों का उल्लंघन करती है। अंबानी ने एकल पीठ के समक्ष इंडियन ओवरसीज बैंक, आईडीबीआई बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस को चुनौती दी थी।

- अंबानी ने बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को दी थी चुनौती



बदलाव | गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र में 9.18 करोड़ से बने दो आधुनिक सुरक्षा भवनों का उद्घाटन, सीएम ने कहा, सुशासन की पहली शर्त सुरक्षा

## समय पर भर्ती-ट्रेनिंग से बदली पुलिस की तस्वीर : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद पुलिस विभाग में समय पर भर्ती, समय पर ट्रेनिंग और अवस्थापना सुविधाओं के विकास से पुलिसकर्मियों के कार्य की गति बढ़ी है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना और सुशासन का बेहतरीन मॉडल खड़ा हुआ।

वे गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बने दो आधुनिक सुरक्षा भवनों के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इन भवनों में मंदिर सुरक्षा से जुड़े अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय, कंट्रोल रूम, पुलिस स्टोर रूम और मेंटिनेंस वर्कशाप बनाई गई है। इसके निर्माण पर 9.18 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा भवनों में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन भी किया। कहा कि सुरक्षा, सुशासन की पहली शर्त होती है। हर व्यक्ति को सुरक्षा चाहिए। इसके लिए सरकार के स्तर पर प्रयास किए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले पुलिस भर्ती, ट्रेनिंग और सुविधाओं की अनदेखी होती थी, जिससे युवाओं का रुझान भी कम था। लेकिन अब स्थिति बदल गई है।



गोरखपुर : आधुनिक सुरक्षा भवन का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी।

### पुलिस किसी भी स्थिति में असहाय नहीं

सीएम ने कहा कि अब पुलिस असहाय नहीं है। अपराधियों को पकड़ने और थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संसाधन और बल मौजूद है। उन्होंने चेतावनी दी कि सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। अब अपराधी भाग नहीं सकता, क्योंकि उसे थाने में ही रोककर रखने की सुविधाएं दी गई हैं। अब कोई थाने पर हमला नहीं कर सकता, क्योंकि थाने में पुलिस कार्मिकों के लिए अलग से बेहतरीन सुविधाओं से युक्त बैरक बनाए गए हैं। हर समय, हर थाने में पर्याप्त संख्या में पुलिस कार्मिक उपलब्ध होंगे।

### पहले नहीं थी अच्छी आवासीय सुविधा

योगी ने कहा कि पहले थाना हो, चौकी हो, पुलिस लाइन हो या पीएसी वाहिनी, कहीं भी पुलिसकर्मियों के लिए अच्छी आवासीय सुविधा और अच्छे बैरक नहीं थे। पुलिसकर्मी किराए पर रहकर जैसे-तैसे जीवन व्यतीत करता था। होता यह था कि उसके बच्चे की परीक्षा है और उसी समय मकान मालिक घर खाली करने को कह देता। इस पर वह झल्ला कर कहता, घर नहीं खाली करेंगे। आज ये सारी शिकायतें समाप्त हो गई हैं, । सरकार ने हर पुलिस लाइन में आवासीय सुविधा दी है, बैरक बनवाए गए हैं।

अमृत विचार

अयोध्या, शुक्रवार,17 अप्रैल 2026



# भाजपा सरकार आई तो बंगाल की सड़कों पर झाड़ू लगाएंगे माफिया और मौलाना : योगी

## मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल की तीन चुनावी सभाओं में तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्ष पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के बाराबनी, रामपुरहाट और बोलपुर में आयोजित तीन बड़ी जनसभाओं में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), कांग्रेस और वाम दलों पर तीखा हमला बोला। भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में वोट मांगते हुए उन्होंने कहा कि यदि बंगाल में भाजपा की सरकार बनी, तो गुंडे, माफिया और अराजक तत्व बने मौलाना सड़कों पर झाड़ू लगाते नजर आएंगे।

तीनों जनसभाओं में भारी भीड़ उमड़ी और लोग मुख्यमंत्री योगी की एक झलक पाने के लिए छतों और पेड़ों तक पर चढ़े दिखाई दिए। योगी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे भयमुक्त होकर मतदान करें और डबल इंजन सरकार बनाकर टीएमसी का सूपड़ा साफ कर दें। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में बंगाल "सैंड, कोल और लैंड माफिया" का अड्डा बन गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र से आने वाला विकास का पैसा भ्रष्टाचार में खत्म हो जाता है।

**सांस्कृतिक पहचान बनाम 'क्राइम कैपिटल' का मुद्दा :** योगी ने कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य अपनी पहचान खो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान शासन में त्योहारों, परंपराओं और सामाजिक समरसता पर असर पड़ा है।



पश्चिम बंगाल के बोलपुर में आयोजित जनसभा के दौरान मंच से भाजपा नेताओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

- **एक झलक पाने को उमड़े लोग सीएम बोले- भाजपा साफ करेगी तृणमूल का सूपड़ा**

**भाजपा की गारंटी, न गो माता कटेगी न हिंदू बंटेगा :** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में माफियाओं पर बुलडोजर कार्रवाई से व्यवस्था सुधरी है और यही मॉडल बंगाल में भी लागू किया जाएगा। भाजपा की गारंटी दोहराते हुए कहा कि 'गोमाता की रक्षा होगी और हिंदू समाज को बांटने नहीं दिया जाएगा।

**बांग्ला में बात कर योगी ने जीता दिल :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की जनसभाओं में उपस्थित जनसमूह से बांग्ला में संवाद कर उनका दिल जीत लिया। रामपुरहाट व बोलपुर में मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से कहा कि आप सबको भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताना है। अपना आशीर्वाद देना है। इसलिए अब मैं जो कहूंगा, आप लोग उसका जवाब दीजिएगा। फिर सीएम ने कहा, ऑन्धकार हटबे (अंधकार हटेगा)। जनता ने उत्तर दिया- सूरोज उठेबे, कोमोल खिलबे (सूरज उगेगा-कमल खिलेगा)। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, पलटानो दोरकार (परिवर्तन की जरूरत है), जनता ने उत्तर दिया- चाई बीजेपी सोरकार (चाहिए भाजपा सरकार)। सीएम ने जब "आमार सोनार बांग्ला, टीएमसी मुक्तो बांग्ला (हमारा सोने जैसा बंगाल, टीएमसी मुक्त बंगाल)" कहा तो उपस्थित जनसमूह ने भी दोनों हाथ उठाकर इसे कई बार दोहराया।

### जनता दर्शन में योगी बोले- घबराइए मत, इलाज में नहीं आएगी बाधा

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में संवेदनशीलता दिखाते हुए श्रावस्ती से आई एक महिला को उसके बीमार बच्चे के इलाज का भरोसा दिया। महिला ने सहायता की गुहार लगाई, जिस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड की जानकारी ली। कार्ड न बनने पर उन्होंने आश्वासन दिया कि इलाज में कोई बाधा नहीं आएगी और अधिकारियों को तत्काल आयुष्मान कार्ड बनवाने, इलाज का इस्टीमेट तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही विवेकाधीन कोष से मदद का भी भरोसा दिया। जनता दर्शन में करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनी गईं। गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश दिए। जमीन कब्जे और अपराध से जुड़े मामलों में सख्ती बरतने को कहा। इस दौरान उन्होंने बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत कर उन्हें चॉकलेट भी दी।

## धार्मिक पर्यटन के लिए करोड़ों रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **नैमिषारण्य-दधीचि तीर्थ के साथ औरैया-अमरोहा में मिलेगी पर्यटन को रफ्तार**
- **सीतापुर में 99 लाख, औरैया में 278 लाख व अमरोहा में 337 लाख रुपये मंजूर**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बड़े स्तर पर निवेश कर रही है। इसी कड़ी में सीतापुर के मिश्रिख स्थित महर्षि दधीचि तीर्थ के विकास के साथ-साथ औरैया व अमरोहा जिलों में भी करोड़ों रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

सीतापुर में महर्षि दधीचि की तपोभूमि के विकास के लिए 99.14 लाख रुपये की परियोजना पर काम शुरू हो गया है। पहली किस्त के रूप में 74 लाख रुपये जारी किए जा चुके हैं। इस योजना के तहत यात्री शेड, चेंज रूम, भव्य प्रवेश द्वार, प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सरकार का लक्ष्य नैमिषारण्य को विश्वस्तरीय धार्मिक-पर्यटन हब के रूप में स्थापित करना है।

उधर, कानपुर मंडल के औरैया जिले में भी पर्यटन विकास के लिए 278 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से दिबियापुर के सेहुद धाम हनुमान मंदिर, विधूना के दुर्वासा आश्रम और सहार क्षेत्र के गंगा बाबा स्थल का विकास किया जाएगा।

इसी तरह मुरादाबाद मंडल के अमरोहा में पांच परियोजनाओं के लिए 337 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इनमें बाबा लालचंद मंदिर, धुने वाले बाबा शिव मंदिर, प्रज्ञा बुद्ध विहार, डिडौली शिव मंदिर और चामुंडा देवी मंदिर का विकास शामिल है। इन सभी कार्यों के लिए यूपीएसटीडीसी को कार्यदायी संस्था बनाया गया है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### अनुशासनहीनता में मऊ के एसडीओ निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता के मामले में मऊ जिले के एसडीओ अमित कुमार को निलंबित कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक आपत्तिजनक वीडियो के मामले में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल कार्रवाई कराई है। मंत्री ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार से बात कर पूरे प्रकरण की गहन जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद एमडी ने उपखंड अधिकारी (एसडीओ) अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। मुख्य अभियंता, आजमगढ़ ने भी पुष्टि की कि मऊ डिवीजन प्रथम में तैनात एसडीओ के खिलाफ वायरल वीडियो को लेकर यह कार्रवाई की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रमिकों से मिलने आज नोएडा जाएगा सपा प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल शनिवार 17 अप्रैल को नोएडा गौतमबुद्धनगर जायेगा। पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए लाठी चार्ज प्रकरण की जानकारी लेने श्रमिकों, मजदूरों एवं उनके परिवार से मिलने के लिए प्रतिनिधिमंडल के लोग श्रमिकों के पास पहुंचेंगे। नोएडा में 10 हजार से 11 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पर 10-12 घंटे नौकरी करने वाले मजदूरों और श्रमिकों साप्ताहिक अवकाश न मिलने पर शांति प्रदर्शन किया जा रहा था। वेतन बढ़ाने और अतिरिक्त काम के एवज में ओवरटाइम की मांग कर रहे थे। नोएडा फेस-2 में मदरसन इंडिया लिमिटेड के प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया गया। प्रतिनिधिमंडल में माता प्रसाद पांडेय, शाहिद मंजूर, कमाल अख्तर, अतुल प्रधान, पंकज कुमार मलिक, राज कुमार भाटी, सुधीर भाटी, आश्रय गुप्ता, शशांक यादव, फकीर चन्द्र नागर, वीर सिंह यादव विशेष आमंत्रित सदस्य सुनील चौधरी पूर्व प्रत्याशी नोएडा शामिल हैं।

### अटल विद्यालयों के 93.15 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

**अमृत विचार, लखनऊ :** निर्माण श्रमिकों और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए संचालित अटल आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों पहली ही सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में इतिहास रच दिया है। प्रदेश के इन विद्यालयों का कुल परीक्षा परिणाम 93 .15 फीसदी रहा, जो इस नई शैक्षिक पहल की सफलता को दर्शाता है। विद्यालयों की मेधा सूची में आजमगढ़ के संगम यादव ने 97 .6 फीसदी अंक के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष 2,178 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिनमें से अधिकांश सफल रहे। खास बात यह रही कि वाराणसी और प्रयागराज के अटल आवासीय विद्यालयों ने 100 फीसदी परिणाम हासिल कर उत्कृष्टता का नया मानदंड स्थापित किया। मेधा सूची में वाराणसी के हर्ष कुशवाहा 97 .2 फीसदी अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि प्रयागराज के हर्षित ने 95 .8 फीसदी अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। आगरा के गणेश (95 .4प्रतिशत) और मुरादाबाद के उदय प्रताप (95 प्रतिशत) भी शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में शामिल रहे।

### परिषदीय विद्यालयों में नारी शक्ति वंदन अभियान शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में "नारी शक्ति वंदन" अभियान की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाना, निर्णय प्रक्रिया में उनकी भूमिका मजबूत करना और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है। अभियान के पहले दिन "नारी शक्ति सम्मान" कार्यक्रम आयोजित कर 70 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाली छात्राओं के अभिभावकों को सम्मानित किया गया। साथ ही छात्राओं और महिला शिक्षकों ने मानव श्रृंखला बनाकर जागरूकता का संदेश दिया। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि यह अभियान बालिकाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा की भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करेगा। 17 अप्रैल को आत्मरक्षा प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और समाज सेवा गतिविधियां होंगी, जबकि 20 अप्रैल को वाद-विवाद, निबंध, कविता और पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। अधिकारियों को कार्यक्रमों के पारदर्शी व प्रभावी आयोजन के निर्देश दिए गए हैं।

## खनन कार्यों में लापरवाही पर कार्रवाई के आदेश

### मंडलायुक्त की रिपोर्ट के आधार पर सात अधिकारियों-कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **राजस्व हानि के मामले में बड़ा कदम, समयबद्ध खदान संचालन के निर्देश**

**अमृत विचार :** प्रदेश में खनन कार्यों में लापरवाही बरतने वाले सात अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें चार ज्येष्ठ खान अधिकारी भी शामिल हैं। यह कार्रवाई मिर्जापुर मंडलायुक्त की रिपोर्ट और संस्तुति के आधार पर की गई है।

कार्रवाई की जद में आए अधिकारियों-कर्मचारियों में महबूब, जेपी द्विवेदी, कमलेश कुमार राय, आशीष कुमार, चन्द्र प्रकाश तिवारी, कमला शंकर उपाध्याय और सुनील कुमार शामिल हैं, जो उस समय सोनभद्र जिले में तैनात थे।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्रवाई वर्ष 2017 में आवंटित चूना पत्थर की खदान के संचालन में गंभीर लापरवाही के मामले में की गई है। नियमानुसार खदान का संचालन वर्ष 2019 तक शुरू होना था, लेकिन संबंधित अधिकारियों ने समयबद्ध तरीके से कार्य नहीं किया। साथ ही, समयसीमा विस्तार के लिए जरूरी प्रस्ताव भी समय पर शासन को नहीं भेजे गए, जिससे खदान संचालन बाधित रहा और राजस्व की संभावित हानि हुई।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि खनन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार की प्राथमिकता है कि खदानों का संचालन पूरी पारदर्शिता और नियमों के तहत समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि राजस्व में वृद्धि हो और संसाधनों का सही उपयोग हो सके।

### गैरहाजिर आईएएस समीर वर्मा पर कसा शिकंजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्ष 2002 बैच के आईएएस अधिकारी समीर वर्मा की लंबे समय से गैरहाजिरी पर शासन ने सख्ती दिखाते हुए विभागीय जांच शुरू कर दी है। उन्हें 8 अक्टूबर 2025 को नियोजन विभाग में सचिव पद पर तैनाती दी गई थी, लेकिन उन्होंने अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रमुख सचिव अनिल गर्ग को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। बताया जा रहा है कि समीर वर्मा ने स्टडी लीव के लिए आवेदन किया था, जिसे मंजूरी नहीं मिली, इसके बावजूद वे ड्यूटी पर नहीं लौटे। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। उल्लेखनीय है कि समीर वर्मा पहले भी स्टांप एवं पंजीयन विभाग में तबादला विवाद को लेकर चर्चा में रहे हैं, जिसके बाद उन्हें पद से हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया गया था।

## नोएडा हिंसा मामले में सामने आया पाकिस्तान कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नोएडा

- **पुलिस कमिश्नर का खुलासा पाकिस्तान से संचालित दो एक्स हैंडलरों पर रिपोर्ट दर्ज**
- **मामले में 662 गिरफ्तारियां पुलिस की सख्ती से धीरे-धीरे सुधर रहे हालात**

**अमृत विचारः** नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा अब बड़े साजिशी एंगल की ओर इशारा कर रही है। जांच में सामने आया है कि इस पूरे बवाल को भड़काने में पाकिस्तान से संचालित सोशल मीडिया हैंडल्स की भूमिका रही है। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए विदेशी कनेक्शन की जांच तेज कर दी है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने खुलासा किया कि पाकिस्तान से संचालित दो एक्स (ट्विटर) हैंडल्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अब तक कुल 13 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं और 662 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का मानना है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए सुनियोजित तरीके से माहौल को भड़काया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि वेतन वृद्धि की मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन अचानक हिंसक हो गया। इसकी चिंगारी तेलंगाना और कर्नाटक से संचालित व्हाट्सऐप ग्रुपों के जरिए फैली। कई संगठनों ने इन ग्रुपों का इस्तेमाल कर श्रमिकों को उकसाने का प्रयास किया। इसके अलावा टेलीग्राम चैनलों के माध्यम से भी अफवाहें फैलाकर स्थिति को बिगाड़ा गया।

पूरे मामले की जांच कर रही एसटीएफ अब तक 500 से अधिक वीडियो फुटेज खंगाल चुकी है। इन वीडियो के आधार पर हिंसा में शामिल लोगों और साजिशकर्ताओं की पहचान की जा रही है। डिजिटल ट्रेल से दक्षिण भारत से जुड़े कुछ संदिग्धों के तार भी सामने आए हैं, जिनकी भूमिका की गहन जांच जारी है। सोमवार को हुई हिंसा के बाद पुलिस ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए कोतवाली फेज-1, फेज-2, सेक्टर-58, सेक्टर-63 और फेज-3 समेत औद्योगिक क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया। लगातार छापेमारी कर अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और बड़ी संख्या में लोगों से पूछताछ की जा रही है।

प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। जिलाधिकारी मेधा रूपम समेत वरिष्ठ अधिकारी मौके पर डेरा डाले हुए हैं और श्रमिकों से सीधे संवाद कर रहे हैं। वेतन वृद्धि और अन्य फैसलों की सही जानकारी देकर अफवाहों को खत्म करने की कोशिश की जा रही है।

### प्रशासन मैदान में, शांति बहाली की कवायद

हालात सामान्य करने के लिए प्रशासन लगातार सक्रिय है। औद्योगिक क्षेत्रों और श्रमिकों के गांवों में शांति मार्च निकाले जा रहे हैं। अधिकारियों द्वारा सीधे संवाद स्थापित कर भ्रम दूर किया जा रहा है। श्रमिकों को वेतन वृद्धि और सरकारी फैसलों की जानकारी देकर स्थिति को शांत करने का प्रयास जारी है।

### 'मजदूर बिगुल' पर कार्रवाई, कई गिरफ्तार

पुलिस ने मजदूर बिगुल दस्ता संगठन के प्रमुख रूपेश राय समेत 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि संगठन के सदस्य फैक्ट्रियों के आसपास घूमकर श्रमिकों को उकसा रहे थे। इससे पहले भी इस संगठन पर अन्य राज्यों में हिंसा भड़काने के आरोप लग चुके हैं।

### 80 फीसदी औद्योगिक इकाइयों में कामकाज शुरू

पुलिस-प्रशासन की सख्ती के बाद हालात तेजी से सुधर रहे हैं। करीब 80 फीसदी औद्योगिक इकाइयों में कामकाज दोबारा शुरू हो चुका है। सुरक्षा एजेंसियां अभी भी अलर्ट मोड पर हैं और किसी भी नई साजिश या अफवाह को रोकने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## एक हजार पंचायतों से होगी आधार सेवा की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पंचायती राज विभाग द्वारा सभी 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों तक आधार सेवाएं पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। पहले चरण में 1000 ग्राम पंचायतों में यह सुविधा शुरू की जा रही है।

पंचायत सहायकों और आधार ऑपरेटरों की भूमिका संवेदनशील बताते हुए पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने निर्देश दिए हैं कि सभी कर्मी पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि हर पात्र व्यक्ति तक आधार सेवाएं आसानी से पहुंच सकें। प्रदेश के विभिन्न जिलों, लखनऊ, बाराबंकी, खीरी, सीतापुर और बलरामपुर की 77 ग्राम पंचायतों में पहले से ही आधार सेवाएं संचालित हो रही हैं। इस मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी है। आधार ऑपरेटरों और सुपरवाइजर्स के लिए पंचायती राज निदेशालय, अलीगंज लखनऊ में एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। इसमें पंचायत सहायकों और बैंक से जुड़े ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया गया।

## 'निपुण शिक्षक सारथी' से शैक्षिक नींव होगी मजबूत

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में निपुण भारत मिशन के तहत 'निपुण शिक्षक सारथी' कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य बेसिक शिक्षा को परिणामोन्मुख बनाना है। इस पहल में कक्षा 2 के विद्यार्थियों की भाषा और गणितीय दक्षताओं को मजबूत करने पर विशेष फोकस किया गया है, ताकि शुरुआती स्तर पर ही मजबूत शैक्षिक नींव तैयार हो सके।

पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसे चित्रकूट, सोनभद्र, बलरामपुर, गोरखपुर और सीतापुर में लागू किया गया है। 15 राज्य स्तरीय संदर्भ समूह (एसआरजी) को प्रशिक्षित कर तकनीक के माध्यम से शिक्षकों से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें निरंतर शैक्षणिक मार्गदर्शन मिल सके। अब शिक्षकों और तकनीकी टीम के बीच नियमित संवाद बढ़ाकर 18-20 बार संपर्क सुनिश्चित किया जाएगा। इस मॉडल से फील्ड विजिट पर निर्भरता घटेगी और दूरदराज क्षेत्रों तक भी सहायता पहुंचेगी। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षकों को तकनीक-सक्षम मार्गदर्शक बनाकर छात्रों के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

**फंसा पेंच** | **दो माह बाद भी आदेश लागू नहीं, केजीएमयू जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं**

# असहमति से अटकी पोस्टमार्टम सुधार योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **लोहिया व एसजीपीजीआई में संसाधनों की कमी**

**अमृत विचार :** प्रदेश में दुर्घटनाग्रस्त और जटिल मामलों के शवों का पोस्टमार्टम फोरेंसिक विशेषज्ञों से कराने के शासनादेश को जारी हुए करीब दो माह बीत चुके हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक कोई खास बदलाव नहीं दिखा है। व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से लिया गया यह फैसला फिलहाल विभागीय असहमति और संसाधनों की कमी के कारण अटका हुआ है।

इस संबंध में विधि विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक डॉ. आदर्श कुमार के नेतृत्व में दो अहम बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, जहां संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान और डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के फोरेंसिक विशेषज्ञों ने पोस्टमार्टम करने पर सहमति दे दी है, वहीं केजीएमयू का फोरेंसिक विभाग जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।

दूसरी ओर, केजीएमयू प्रशासन का कहना है कि लोहिया और एसजीपीजीआई में मानक के अनुरूप पोस्टमार्टम हाउस और आवश्यक टेबल की व्यवस्था नहीं है, जिससे प्रक्रिया को लागू करने में दिक्कत आ रही है।

**पुरानी व्यवस्था ही जारी :** वर्तमान में पोस्टमार्टम का कार्य अब भी स्वास्थ्य विभाग ( प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग) के चिकित्सकों द्वारा ही किया जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी की निगरानी में जिला चिकित्सालय एवं अन्य सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों को रोटेशन के आधार पर यह जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। हालांकि विवादित मामलों में मेडिकल कॉलेजों के फोरेंसिक विशेषज्ञों की मदद ली जाती है।

### बैठकों का दौर जारी, सहमति का प्रयास

लखनऊ के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह का कहना है कि नई व्यवस्था लागू करने में शुरुआती दिक्कतें स्वाभाविक हैं। सभी मेडिकल कॉलेजों के फोरेंसिक विभागाध्यक्षों के साथ लगातार बैठकें हो रही हैं। राजधानी के 54 थानों से जुड़े पोस्टमार्टम के लिए केजीएमयू, लोहिया और एसजीपीजीआई को केंद्र बनाया जाएगा। वहीं, केजीएमयू के फोरेंसिक विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप वर्मा का कहना है कि संस्थान को शासनादेश के पालन में कोई आपत्ति नहीं है और परिसर में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पहले से जारी है। समस्या अन्य संस्थानों में आवश्यक सुविधाओं की कमी को लेकर है।

### चिकित्सकों का विरोध बना कारण

सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक लंबे समय से पोस्टमार्टम ड्यूटी का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि वे इस विषय के विशेषज्ञ नहीं हैं, जिससे कानूनी मामलों में सटीक जवाब देना कठिन होता है और अस्पतालों की नियमित चिकित्सा सेवाएं भी प्रभावित होती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त अपर मुख्य सचिव अमित घोष ने पोस्टमार्टम की जिम्मेदारी फोरेंसिक विशेषज्ञों को सौंपने का आदेश जारी किया था। इसमें सरकारी के साथ निजी मेडिकल कॉलेजों और पीपीपी मोड पर संचालित संस्थानों को भी शर्तो के साथ शामिल करने के निर्देश दिए गए थे।

## सीएम युवा योजना के तहत तैनात होंगे 90 क्रेडिट काउंसलर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **एमएसएमई को मिलेगा ऋण मार्गदर्शन, 1.5 लाख युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य**

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने सीएम युवा योजना को और प्रभावी बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और बैंकिंग प्रक्रियाओं को आसान बनाने के उद्देश्य से 90 सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर्स तैनात किए जाएंगे। ये काउंसलर युवाओं और बैंकों के बीच सेतु बनकर काम करेंगे।

गोमतीनगर में शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को दो चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में 50 जिलों और दूसरे में 25 जिलों को शामिल किया गया है। सिडबी और आईआईबीएफ के सहयोग से चल रहे इस कार्यक्रम को भारतीय रिजर्व बैंक से मंजूरी मिली है। 'ट्रिपल सी' कोर्स के जरिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया जाएगा, जो खासकर एमएसएमई क्षेत्र के लिए लाभकारी होगा। सरकार ने इस वर्ष योजना के तहत 1.5 लाख युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा है। साथ ही सेवानिवृत्त बैंक अधिकारियों को भी इस पहल से जोड़कर उनकी विशेषज्ञता का उपयोग किया जाएगा।

यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह के अनुसार, सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर एमएसएमई उद्यमियों को उपयुक्त ऋण योजनाओं की जानकारी देंगे, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने में मदद करेंगे और वित्तीय दस्तावेजों को व्यवस्थित करेंगे।

## ओबीसी महिलाओं का हक छीन रही भाजपा



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि देश में पिछड़ों की कुल जनसंख्या 70 फीसदी है तो उनकी आधी-आबादी 33 फीसदी से ज्यादा पिछड़ी महिलाओं के हक की बात इस महिला आरक्षण बिल में नहीं है। स्पष्ट है कि यह सरकार पिछड़े वर्ग की 33 फीसदी से ज्यादा महिला आबादी का हक छीन रही है, उन्हें अधिकार नहीं देना चाहती है। सपा प्रमुख ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि सपा महिला आरक्षण के पक्ष में है, पर उस भाजपाई चालबाजी के खिलाफ है, जो साजिश के तहत की जा रही है। कहा कि भाजपा ने नारी को अपने मातृ संगठन में नहीं रखा, वे उनका मान सम्मान कैसे रखेंगे।

अमृत विचार



**न्यूज ब्रीफ**

### एयरपोर्ट पर कर्मियों को लगाए बैज

**अयोध्या, अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर फायर सर्विस वीक के उपलक्ष्य में अग्नि सुरक्षा जागरूकता व प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फायर स्टाफ द्वारा सभी कर्मचारियों को एयरसाइड व एयरपोर्ट परिसर में कहीं भी आग लगने की स्थिति में किए जाने वाले आवश्यक कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। फायर स्टाफ द्वारा सभी उपस्थित कर्मचारियों को फायर सर्विस वीक के बैज भी लगाए गए।

### 29 को अयोध्या आ सकते हैं मुख्यमंत्री

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 अप्रैल को अयोध्या आ सकते हैं। चर्चा है कि सीएम योगी, राम मंदिर के परकोटा में बने शिव मंदिर पर ध्वज आरोहण करेंगे। राम मंदिर में बने तीन मंदिरों पर अभी ध्वज आरोहण नहीं हुआ है। मां दुर्गा के मंदिर पर साध्वी रितम्भरा ध्वज आरोहण करेंगी।

### पश्चिमी बंगाल में पर्यवेक्षक बने दयानंद

**अयोध्या, अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव गुलाम अहमद पीर ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य व मवई ब्लॉक के नौगवाडीह निवासी दयानंद शुक्ला को पश्चिम बंगाल की उत्तरी आसन सोल विधान सभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पर्यवेक्षक बनाए जाने पर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ नेता मुनीर अहमद खां, महासचिव प्रताप बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुजतबा खान, पूर्व पीसीसी सदस्य कारिब करनी ने खुशी जाहिर की।

# नारी शक्ति का सम्मान सशक्त भारत के लिए जरूरी : कुलपति

## अवध विवि में आयोजित हुआ नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 कार्यक्रम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** विश्वविद्यालय जैसे उच्च शिक्षण संस्थान समाज में वैचारिक परिवर्तन के केंद्र होते हैं। इस अधिनियम के दूरगामी परिणामों को जन-जन तक पहुंचाना हमारा सामूहिक उत्तरदायित्व है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 केवल एक विधायी सुधार नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी राजनैतिक भागीदारी को सुनिश्चित करने वाला एक युगांतरकारी कदम है।

ये बातें गुरुवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहीं। वह कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में प्रदेश सरकार एवं राजभवन के निर्देश पर आयोजित नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अपने अध्यक्षयीय संबोधन में उन्होंने कहा कि ''बेटी अच्छी तो परिवार अच्छा'' इस संदेश से बेटी का महत्व स्वयं सिद्ध होता है। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि अवध विश्वविद्यालय परिवार इस पहल का पूर्ण समर्थन करता है और यह हस्ताक्षर अभियान हमारी इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

इस मौके पर ''नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023'' के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करने के लिए एक वृहद हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। हस्ताक्षर अभियान एवं मानव श्रृंखला का आयोजन मुख्य परिसर कौटिल्य प्रशासनिक भवन के समक्ष एवं आईईटी परिसर में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर प्रो. एसएस मिश्र, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो. फर्रुख जमाल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव, प्रो.सिद्धार्थ शुक्ल, डॉ. विनोद कुमार चौधरी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।



नारी वंदन अधिनियम के तहत चलाए जा रहे अभियान में हस्ताक्षर करते कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह।


नारी वंदन अधिनियम को लेकर अवध विवि में विद्यार्थियों ने बनाई मानव श्रृंखला। अमृत विचार


नारी वंदन कार्यक्रम में मनूचा डिग्री कालेज में छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला। अमृत विचार

### मनूचा डिग्री कॉलेज में मानव श्रृंखला से नारी वंदन को नमन

**अयोध्या, अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु राजा मोहन गर्ल्स पीजी कॉलेज में गुरुवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्राओं एवं प्राध्यापिकाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर समाज में एकजुटता और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। छात्राओं ने शासन द्वारा जारी मिस्ड कॉल नंबर पर कॉल कर जनसमर्थन भी दर्ज कराया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मंजूषा मिश्रा ने नारी शक्ति वंदन अभियान के समर्थन में सभी छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को शपथ दिलाई। प्राचार्य के नेतृत्व में महाविद्यालय से कंधारी बाजार तक एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लोगों को अभियान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्रो. मीनू दूबे, प्रो. प्रज्ञा मिश्रा, प्रो. कविता सिंह, असिस्टेंट प्रो. ज्योतिमा सिंह सहित अन्य प्राध्यापिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### बिना फार्मर आईडी योजनाओं का लाभ नहीं

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्य सचिव एसपी गोयल से भेजे गए पत्र के मुताबिक कृषि विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए फार्मर आईडी जरूरी कर दी गई है। 31मई से इसका अनुपालन किया जाएगा। लेकिन इसके अभाव में गेहूं खरीद बाधित नहीं होने पाएगी। जिला प्रशासन ने इसके लिए व्यवस्था लागू की है। एडीएम वित्त एवं राजस्व अमित कुमार भट्ट ने निर्देश दिया समिति के क्रय केंद्र पर आने वाले किसानों की फार्मर आईडी क्रियेट कराने का दायित्व संबंधित ब्लॉक के एडीए सहकारिता का होगा। डीएओ व उप कृषि निदेशक से कहा गया कि वह एडीओ एजी ब्लॉक क्षेत्र में इस प्रकार लगाएंगे कि किसानों की फार्मर आईडी जनरेट करने में दिक्कत न हो। डिप्टी आरएमओ धनंजय सिंह ने गेहूं खरीद के लिए फार्मर आईडी जनरेट किए जाने संबंधी निर्देश जारी किए जाने की बात कही है।

# महिलाओं ने कहा-नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 का वंदन अभिनंदन

### अधिनियम ऐतिहासिक और प्रभावी कदम

यह कानून महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और प्रभावी कदम है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' महिलाओं में त्मविश्वास बढ़ाएगा और उनका उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेगा। **-बबीता तिवारी, गृहिणी।**



### अधिनियम पीएम मोदी के वादे की पूर्ति

अधिनियम प्रधानमंत्री द्वारा देश की महिलाओं से किए गए वादे की पूर्ति है। इससे मुझे बेहद गर्व महसूस हो रहा है। यह महिलाओं को राजनीति में सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। **-रिंकी, शिक्षिका।**



### लोकतंत्र में महिलाओं को नई पहचान

ये अधिनियम भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की नई पहचान है। यह कहना गलत नहीं होगा कि जब महिलाएं नेतृत्व करेंगी, तो शासन अधिक समावेशी और संतुलित बनेगा। **-गुड़िया, गृहिणी।**



### बढ़ेगा महिलाओं का मान सम्मान

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से हमारा मान-सम्मान बढ़ेगा। अब महिलाओं को राजनीति में बराबरी का अधिकार मिलेगा, सपनों को पंख लगेंगे और देश का भविष्य और मजबूत बनेगा। **-वंदना, शिक्षिका।**



# डॉ. अंकित कौशिक का इनलीड फेलोशिप के लिए हुआ चयन



**अयोध्या, अमृत विचारः** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के स्नातकोत्तर छात्र डॉ. अंकित कौशिक का चयन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय पशुरोग जनपदिक एवं सूचना विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु द्वारा संचालित प्रतिष्ठित इनलीड फेलोशिप हेतु हुआ है। कॉलेज ऑफ वेटरिनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंड्री के पशु औषधि विभाग के द्वितीय वर्ष के छात्र अंकित की यह उपलब्धि विवि एवं महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। यह फेलोशिप पशु रोग जनपदिकी एवं रोग मॉडलिंग के क्षेत्र में उच्चस्तरीय शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदान की जाती है, जिसके अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को प्रति माह लगभग 30,000 की वित्तीय सहायता के साथ-साथ शोध कार्य हेतु प्रतिवर्ष लगभग 82,000 का अनुसंधान व्यय अनुदान भी प्रदान किया जाता है। डॉ. अंकित सफलता का श्रेय विवि के वीसी डॉ. पीएस प्रमाणिक के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने पशु औषधि विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. जेपी सिंह, प्रो. डॉ. एसवी सिंह आदि के सतत सहयोग, मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया।

# वॉलीबॉल संघ के प्रदेश सचिव पर हमला, 3 पर केस

**अयोध्या, अमृत विचारः** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत कनीगंज नोनहटिया इलाके में कर्मचारी नेता व प्रदेश वॉलीबॉल संघ के सचिव नियावां थाना कैंट निवासी रमेश कुमार के ऊपर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर दिया है। कोतवाली अयोध्या पुलिस को दी तहरीर में रमेश ने बताया कि वह खाद्य एवं रसद विभाग में कार्यरत हैं। अराजपत्रित कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष व प्रदेश वालीबॉल संघ के संयुक्त सचिव भी है। बताया कि 14 अप्रैल की रात वह जयसिंहपुर सरोजनी एकेडमी खेल मैदान से घर जा रहे थे। साथ में एक खिलाड़ी मतमुद्दीन खान भी था। रास्ते में बाइक सवार रुद्र यादव, सुजय वर्मा व सम्बेद (पप्पू) ने उन्हें रोक लिया व लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए, बीच बचाव करने के दौरान मतमुद्दीन को भी पीटा। इसके बाद खेल के मैदान में दोबारा जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।


खंडासा थाना क्षेत्र के सहजन मऊ गांव में आग लगने से जली फसल। अमृत विचार

### सहजन मऊ गांव में आग से 38 बीघा गेहूं की फसल राख

**मिल्कीपुर, अयोध्या :** खंडासा थाना क्षेत्र के सहजन मऊ गांव में खेत में गेहूं की कटाई कर रही कंबाइन मशीन 11,000 वोल्ट के हाइटेंशन तार की चपेट में आ गई। इससे मशीन में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। तेज हवा के चलते आग तेजी से आसपास के खेतों में फैल गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। अग्निकांड में रायपुर निवासी दिनेश सिंह की कंबाइन मशीन पूरी तरह जलकर खाक हो गई। साथ ही करीब 10 किसानों की लगभग 38 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई। सूरज सिंह ने का कहना है कि गांव में बिजली के तार काफी नीचे और ढीले लटके हुए हैं, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। हलका लेखपाल संजय पाठक ने बताया कि प्रभावित किसानों में शेर बहादुर, मिथिलेश, अकबाल बहादुर, राजेंद्र प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, साधुराम, वीरेंद्र कुमार, ओमप्रकाश, लाल बहादुर और वेद प्रकाश शामिल हैं।

# एक हेक्टेयर पर मिलेगी 7 बोरी यूरिया, 5 बोरी डीएपी

अयोध्या कार्यालय

- साधन सहकारी समितियों के सचिवों को निर्देश जारी

**अमृत विचारः** किसानों को एक हेक्टेयर भूमि पर सात बोरी यूरिया और पांच बोरी डीएपी ही मिलेगी। रबी व खरीफ फसल सीजन में इससे अधिक उर्वरक नहीं मिलेगी। यह जानकारी गुरुवार को जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्र ने दी। किसानों का कहना है कि इससे यूरिया व डीएपी में ओवररेटिंग व कालाबाजारी बढ़ेगी।

एडीओ तारुन/बीकापुर कोऑपरेटिव अमित कुमार सिंह ने क्षेत्र की सभी साधन सहकारी समितियों के सचिवों को निर्देश दिया है कि उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। वितरण रजिस्टर में प्रत्येक किसान का नाम, पता, फार्मर आईडी और जोत का रकबा अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। उर्वरक का वितरण केवल नियमानुसार ही किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे उर्वरक लेने के समय अपनी फार्मर आईडी साथ लेकर आएं, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# मेडिकल कॉलेज में डीजल चोरी का मामला आया सामने

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में डीजल चोरी का प्रकरण सामने आया है। आरोपी को दो-दो लीटर की कोल्ड ड्रिंक की बॉटल में डीजल ले जाते हुए पकड़ा गया था। इसकी शिकायत नोडल अफसर को भी दी गई, लेकिन अभी तक कार्रवाई न होने की बातें सामने आ रही हैं। एक वर्ष पहले मेडिकल कॉलेज से रीजेंट चोरी का मामला भी सामने आया था। मेडिकल कॉलेज से बुधवार देर शाम जेई राजेश कुमार का दो अप्रैल को लिखा हुआ एक स्पष्टीकरण पत्र वायरल हो गया। यह इलेक्ट्रिशियन के पद पर कार्यरत वार्ड ब्वॉय को लिखा गया था। उनसे पूछा गया था कि 31 मार्च को निरीक्षण में आपकी मोटर साइकिल की डिग्गी व बैग से लगभग आठ लीटर डीजल (दो लीटर की कोल्ड ड्रिंक की चार बोतलों में) बरामद किया गया था। डीजल क्रय किया था तो क्रय का प्रमाण उपलब्ध कराएं और संस्थान परिसर में लाने का कारण स्पष्ट करें। डीजल क्रय के बाद संस्थान परिसर में लाए जाने पर सुरक्षा प्रहरी को अवगत न कराए जाने का कारण स्पष्ट करें। आरोपी द्वारा बताए गए पेट्रोल पंप पर पता करने पर जानकार मिली कि उस दिन किसी को भी बोतल में डीजल दिया ही नहीं गया। जेई राजेश कुमार ने उपरोक्त बिंदुओं पर मनोज को पक्ष रखते हुए तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया था। प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया ने बताया कि मामला पुराना है। इसको दिखवाते हैं।

### अंबेडकरनगर में भूसा खरीद के लिए रिटेंडर कराने का निर्देश

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** मंडलायुक्त राजेश कुमार ने गुरुवार को आयुक्त सभागार में मंडल स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक की। इसमें अंबेडकरनगर में मानक से ज्यादा रेट पर भूसा खरीद का टेंडर कराने पर रिटेंडर कराने का निर्देश दिये। कमिश्नर ने निर्देश दिया कि सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित/छुट्टा गोवंशों पकड़वाकर उनको समीपवर्ती गोआश्रय स्थलों में संरक्षित कराया जाए। शिथिलता न बरती जाए। पशुपालकों को सुपुर्द किए गए गोवंशों का प्रत्येक माह समय से सत्यापन कराया जाए। जिले स्तर पर 25 से 28 तक प्रत्येक माह सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए। निर्माणाधीन बृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का जहां भी निर्माण कार्य चल रहा है उसको तत्काल पूर्ण कराएं। कहा कि सभी गोआश्रय स्थलों में गर्मी और लू से गोवंशों को बचाव के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं तत्काल कराएं। सभी सीडीओ को निर्देश दिया कि सभी गोआश्रय स्थलों में छायादार वृक्ष लगवाए जाए। भूसा टेंडर की समीक्षा में मिला कि शासन से तय मानक सात सौ रुपये प्रति क्विंटल से अधिक अम्बेडकर नगर में 947 रुपये प्रति क्विंटल में टेंडर कराने पर न्यूनतम दर पर रिटेंडर कराने का निर्देश दिया। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर निदेशक पशुपालन आदि मौजूद रहे।

# मतगणना कार्मिकों की तीन दिनी पढ़ाई शुरू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** जनगणना-2027 के पहले चरण में मकान गणना करने वाले कार्मिकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को शुरू हो गया। प्रशिक्षण देने वालों ने प्रगणक और सुपरवाइजर से कहा कि मकानों में रहने वालों से सवाल शालीनता से पूछें। ऐप पर काम करने में धैर्य रखे। कार्मिकों को नए ऐप पर सूचनाओं को भरने के बारे में भी जानकारी दी गई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमित कुमार भट्ट, एसडीएम आरपी त्रिपाठी ने कार्मिकों को पूरी संवेदनशीलता से काम करने के लिए कहा। नगर निगम जोन एक के चार बैच के कुल 186 कार्मिक व नगर निगम जोन-दो के छह बैच के कुल 387 कार्मिकों को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और तहसील सदर के 10 बैच के कुल 423 कार्मिकों का प्रशिक्षण राजकीय इंटर कॉलेज में शुरू किया गया।

फील्ड ट्रेनरों ने प्रगणकों व सुपरवाइजरों को मकान गणना के दौरान मकानों की गिनती के बारे में तो बताया ही साथ ही उन्हें ऐप पर काम करने की तकनीकि जानकारी से लैस किया। साथ ही कोई दिक्कत होने पर तुरंत शंका समाधान करने के लिए भी कहा।

### उत्कृष्ट कार्य पर बीडीओ को किया सम्मानित



बीडीओ अनुराग सिंह को सम्मानित करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे।

**पूराबाजार, अमृत विचार :** जिले में मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रक्रिया में उत्कृष्ट योगदान के लिए खंड विकास अधिकारी पूराबाजार अनुराग सिंह को डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम फुंडे ने कहा कि अनुराग सिंह ने निष्ठा और कर्तव्य परायणता से कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को मजबूत बनाया है। सम्मान पर अनुराग सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में ईमानदारी से दायित्व का निर्वाह करने की बात कही।

### अज्ञात शव मिला, हत्या की आशंका

**मवई, अयोध्या :** मवई थाना क्षेत्र के कुशहरी जंगल में गुरुवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। प्रथम दृष्टया मामला हत्या कर शव जंगल में फेंके जाने का लग रहा है। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी मनोज कुमार यादव ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया, परंतु अब तक पहचान नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने आसपास के थानों में सूचना प्रसारित कर गुमशुदगी की रिपोर्ट से मिलान शुरू कर दिया है।

### घर में लगी आग, दमकल ने पाया काबू

**रुदौली, अयोध्या :** कोतवाली रुदौली के ग्राम खैरनपुर में गुरुवार दोपहर सीएचसी के पीछे रहने वाले लाल मणि त्रिपाठी के घर में अचानक आग लग गई। लपटें देख लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची फायर स्टेशन रूदौली की फायर यूनिट ने कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पाया। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारण और हुए नुकसान की जानकारी नहीं हो पाई थी।

### जिले में तेल की कहीं कोई कमी नहीं : डीएसओ

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में एक बार फिर से पंपों पर भीड़ उमड़ पड़ी है। लोग बुधवार शाम से ही पंपों पर पहुंचकर पेट्रोल और डीजल भराते दिखे। इस कारण कई पंपों पर पेट्रोल खत्म हो गया। सिविल लाइंस स्थित पंपों पर गुरुवार दोपहर तेल नहीं था। वजीरगंज और रामनगर में पेट्रोल नहीं होने के कारण बंदी की स्थिति थी। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि जिले में तेल की कहीं कोई कमी नहीं है। हमारे पास गुरुवार शाम तक पेट्रोल 1300 किलो लीटर व डीजल 500 किलो लीटर उपलब्ध रहा। कुछ संचालकों ने भुगतान नहीं किया था। इस कारण उन्हें तेल नहीं मिला था। हालांकि डिपो से सभी गाड़ियां चल दी है। शाम तक सभी पंपों पर तेल पहुंच गया था। लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं। स्थिति पूरी तरह से सामान्य है।

# 1500 खिलाड़ियों ने लक्ष्य पर साधा निशाना

**अयोध्या कार्यालय :** उप्र स्टेट राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला राइफल क्लब की ओर से यहां डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चल रही प्री-स्टेट एयर शूटिंग प्रतियोगिता में प्रदेश के 36 जिलों के 1500 खिलाड़ियों ने एयर पिस्टल व एयर राइफल शूटिंग स्पर्धा में निशाना साधा। आयोजन अध्यक्ष व जिला राइफल क्लब के कोच शनि वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को प्रतियोगिता का समापन होगा। कहा कि प्रतियोगिता के पहले दिन तकनीकी खराबी के चलते स्पर्धा बिलम्ब से शुरू हो सकी। तकनीकी खामियों को दूर करने के बाद प्रतियोगिता निर्बाध रूप से चल रही हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न कैटेगरी में खिलाड़ी लक्ष्य को साध रहे हैं।

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने गुरुवार को खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि शूटिंग खेल में अनुशासन के साथ आत्मविश्वास होना बेहद जरूरी है। लक्ष्य को साधने के लिए धैर्य का होना खिलाड़ी की सफलता को बढ़ाता है। इस मौके पर यूपी स्टेट राइफल एसोसिएशन के महासचिव जीएस सिंह, ऑफीसियल, खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# कैब जियांट, डॉमिनेटर स्पॉर्टन क्लब ने जीता मैच

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** स्काई स्टेडियम में चल रही अनित सिंह मेमोरियल टी-10 रूल आउट सीबीपीएल-क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को कैब जियान्ट, डॉमिनेटर क्लब व स्पॉर्टन क्लब ने मैच जीते। मुख्य अतिथि प्रतीक मनूचा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया।

आयोजन अध्यक्ष सैय्यद सुबहानी ने बताया कि फ्लड लाइट की दूधिया रोशनी में चल रही प्रतियोगिता का पहला मैच कैब जियांट व एलीट क्लब के बीच खेला गया। एलीट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में कैफ के 26 रनों की मदद से 61 रन बनाये। जवाब में कैब टीम 56 रनों पर सिमट गई। दूसरे मुकाबले में अयोध्या क्रिकेट एकेडमी ने पहले खेलते हुए नौ ओवरों में अमित के 16 रनों की सहायता से 43 रन बनाए। जवाब में डॉमिनेटर क्लब ने सात विकेट शेष रहते जीत हासिल कर ली। तीसरे मुकाबले में स्पॉर्टन क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रेयश के 24 रनों की बदौलत 87 रन बनाया। जवाब में फ्रीडम क्लब बल्लेबाजी करते हुए सैफ के 22 रनों के सहयोग के बावजूद 68 रनों पर सिमट गई और स्पॉर्टन क्लब ने 19 रनों से जीत दर्ज कर ली। इस मौके पर दानिश अंसारी, आयोजन अध्यक्ष दीपेन्द्र श्रीवास्तव, मनोज, आसिफ, अमित, अमन सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि प्रतीक मनूचा। अमृत विचार

# शानदार अंकों के साथ बच्चों ने विद्यालय का नाम किया रोशन

## सीबीएसई 10 वीं का परिणाम : असफल रहे बच्चे दोबारा आयोजित परीक्षा में होंगे शामिल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सीबीएसई 10 वीं का परिणाम जिले के सभी विद्यालयों के लिए सुखद रहा है। सीबीएसई के जिला को-ऑर्डिनेटर महाराजा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस बार 10वीं की परीक्षा में जिले के 60 विद्यालयों के लगभग 4600 बच्चे शामिल हुये थे। इनमें से लगभग 92 फीसदी बच्चे सफल रहे। शेष आठ फीसदी बच्चे सीबीएसई की ओर से दोबारा आयोजित होने वाली परीक्षा में प्रतिभाग कर सकेंगे। जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने शानदार अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

आर्मी पब्लिक स्कूल के सभी 100 छात्र-छात्राएं सफल रहे। इनमें से अंशू सिंह व श्रेयांश गोस्वामी 97 फीसदी, नितेश कुमार मिश्र, उमंग यादव व देवांग शेखर सिंह 95, कुमकुम शेखावत, सात्विक तिवारी, समर्थ प्रकाश सिंदे ने 94.2 फीसदी अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य डॉ. धीरज श्रीवास्तव, महेश चन्द्र श्रीवास्तव, आरबी दुबे आदि शिक्षकों ने सभी बच्चों को सफलता पर बधाई दी।

फैजाबाद पब्लिक स्कूल के सभी 58 बच्चे परीक्षा में सफल रहे। छात्र तनिष्क मौर्य 96 फीसदी व वर्षा यादव ने 94 फीसदी अंक प्राप्त किये। स्कूल की चेरपर्सन जरीना खान, निदेशक सदफ खान, प्रबंधक उमर मुस्तफा व प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार मिश्र ने सभी बच्चों को इस सफलता पर बधाई दी।

जवाहर नवोदय स्कूल के सभी 78 बच्चे सफल रहे। स्कूल के 20 बच्चों ने 90 फीसदी से अधिक अंकों के साथ सफलता पाई। छात्र देवांश ने 97.2 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य केके मिश्र ने सभी सफल बच्चों को बधाई दी। यश विद्या मंदिर का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। देवेंद्र दिनेश दुबे ने 97.2 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुष्का वर्मा ने 91.2 फीसदी, रोहित यादव ने 91, आकृति सिंह ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता पाई।

विद्यालय की निदेशक मंजुला झुनझुनवाला, प्रधानाचार्या सरिता त्रिपाठी, को-आर्डिनेटर गिरीश वैश्य, प्रसून श्रीवास्तव ने हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों व अभिभावकों को बधाई दी। टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल के सभी बच्चे परीक्षा में सफल रहे। अन्वेषिका ने 96.8 फीसदी, जैकब ने 95.6 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। निदेशक बिन्नी सिंह व प्रधानाचार्य मुकेश चन्द्र शर्मा ने सभी बच्चों को बधाई दी।


भवदीया स्कूल में सीबीएसई 10वीं के सम्मानित बच्चों के साथ शिक्षकगण।


अवध इंटरनेशनल स्कूल में सम्मानित हुए मेधावी। अमृत विचार



मेधावियों को सम्मानित करते एमजेएस अकादमी का प्रबंध तंत्र। अमृत विचार

### शत-प्रतिशत रहा एमजेएस अकादमी का रिजल्ट

**मसौधा, अयोध्या :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में एमजेएस अकादमी भरत कुंड के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों ने अच्छा अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के डायरेक्टर अजय सिंह ने बताया कि परीक्षा में विद्यालय के 12 से अधिक बच्चों ने 95 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किये। सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को गुरुवार को सम्मानित करते हुए उन्हें शिक्षण सामग्री भेंट कर पुरस्कृत किया गया।


आकृति यादव (यश विद्या मंदिर), 90 प्रतिशत।


देवेंद्र दिनेश दुबे (यश विद्या मंदिर), 93 प्रतिशत।


रोहित यादव (यश विद्या मंदिर), 91 प्रतिशत।


अनुष्का वर्मा (यश विद्या मंदिर), 91.2 प्रतिशत।


अंशु सिंह (आर्मी पब्लिक स्कूल), 97 प्रतिशत।


श्रेयस गोस्वामी (आर्मी पब्लिक स्कूल), 97 प्रतिशत।


तनिष्क मौर्या (फैजाबाद पब्लिक स्कूल), 96 प्रतिशत।


वर्षा यादव (फैजाबाद पब्लिक स्कूल), 94 प्रतिशत।

## न्यूज ब्रीफ

### भरतकुंड भदरसा में बन रहा आधुनिक कम्यूनिटी सेंटर

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रसिद्ध भरतकुण्ड-भदरसा नगर पंचायत क्षेत्र में आधुनिक कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वैश्विक नगर योजना के अंतर्गत लगभग 1.63 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाला यह सेंटर स्थानीय निवासियों के लिए सामुदायिक सुविधाओं का बड़ा तोहफा साबित होगा। नगर पंचायत प्रशासन के अनुसार, कम्यूनिटी सेंटर में हॉल, मीटिंग रूम, लाइब्रेरी, खेलकूद की सुविधाएं और अन्य आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल होंगे। यह केंद्र सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आदर्श स्थान बनेगा। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के परियोजना प्रबंधक देवव्रत पवार ने बताया निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध होगा।

### भाजपा सम्मेलन की तैयारियां हुईं तेज

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. आंबेडकर जयंती सप्ताह के तहत ब्लॉक मुख्यालय पूराबाजार में भाजपा सम्मेलन आयोजित होगा। मुख्य अतिथि कृषि व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम स्वरूप देने के लिए महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने गुरुवार को पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी। अभियान संयोजक हरभजन गौड़ ने बताया कि सम्मेलन के बाद पूराबाजार में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में शिवम् शुक्ला के संयोजन में नारी शक्ति पद यात्रा निकाली जाएगी।


छात्र यश वर्मा को सम्मानित करते स्कूल के प्रबंधक पीएन सिंह व अन्य। अमृत विचार

### ग्रामोदय पब्लिक का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**पूराबाजार, अमृत विचार :** ग्रामोदय पब्लिक स्कूल रामपुर सरधा का सीबीएसई 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्र यस वर्मा ने 96% अंकों के साथ स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। अनुभव सिंह पटेल 95 फीसदी अंकों के साथ दूसरे और मोहम्मद यूसुफ 94% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। स्कूल के 15 बच्चों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करके स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया। ग्रामोदय ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंधक पीएन सिंह, चेयरमैन डॉ. संदीप सिंह, निदेशक इंजीनियर दीपक सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। स्कूल में छात्र यस वर्मा उनके पिता लाल बहादुर वर्मा व बाबा श्याम लाल वर्मा सहित पूरे परिवार को सम्मानित किया।

### खाटू श्याम दरबार के सामने लगा वाटर कूलर


वाटर कूलर का लोकार्पण करते महंत रामदास। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर निगम ने भक्तों व राहगीरों के लिए नाका हनुमानगढ़ी खाटू श्याम दरबार के सामने वाटर कूलर लगवा दिया है। इसका प्रस्ताव कल्याण सिंह वार्ड पार्षद सूर्य कुमार तिवारी ने दिया था। उद्घाटन गुरुवार को महंत रामदास व रामनगर पार्षद अभिनव पांडे व सूर्या ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सुशील शुक्ला, आलोक शुक्ला, श्रवण जायसवाल, महेश सोनकर, मोहित गुप्ता समेत अन्य शामिल हुए।

### एसडीएम ने किया वाटर कूलर का लोकार्पण


वाटर कूलर का लोकार्पण करतीं एसडीएम सोहावल सविता राजपूत।

**अयोध्या, अमृत विचार :** रोटरी क्लब द्वारा रायबरेली रोड स्थित नऊआ कुंआ पर अर्थ इंटरप्राइजेज के पास आम जनता की सुविधा हेतु शीतल जल मशीन (वाटर कूलर) स्थापित कराई गई। एसडीएम सोहावल सविता राजपूत ने गुरुवार को इसका लोकार्पण किया। क्लब अध्यक्ष संजीव सोनी ने रोटरी के बताया कि क्लब निरंतर समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों के हित में कार्य करने के लिए संकल्पित है। भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए स्वच्छ एवं शीतल जल उपलब्ध कराना इसी सेवा अभियान का एक हिस्सा है।

### चौक में दो दुकानदारों में मारपीट 3 घायल, 7 पर हत्या के प्रयास का केस

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** कोतवाली नगर के चौक इलाके में स्थित दो दुकानदारों के बीच ग्राहकों को लेकर जमकर मारपीट हुई। इस दौरान बीच सड़क पर दोनों पक्षों के बीच लाठियां व ईंट-पत्थर चले। इससे तीन लोग घायल हो गये। एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़ित दुकानदार आदित्य गुप्ता निवासी बछड़ा सुलतानपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुरानी मछली मंडी चौक में दुकान है। बगल में ही सतीश साहू निवासी तेली टोला की दुकान है। मैं व मेरे पिता विनोद गुप्ता, चाचा अजय गुप्ता, भाई राज गुप्ता 14 अप्रैल की रात करीब नौ बजे दुकान बंद कर रहे थे। इस दौरान सतीश अपने साथियों राजा साहू, अन्नू साहू, मो. राजिक, मो. हातिम, मो. जैद व मो. मालिक सभी निवासी तेली टोला के साथ आए व लोहे की रॉड, लाठी डंडों से हम सभी के ऊपर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। इसमें पिता, चाचा व भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार दोनों पक्ष शादी विवाह से संबंधित सामान बेचते हैं। विवाद ग्राहक को अपनी दुकान पर लाने को लेकर हुआ। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### महापौर 4 चार वार्डों का करेंगे भ्रमण

**अयोध्या, अमृत विचार :** स्थानीय सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत महापौर गिरीशपति त्रिपाठी नगर निगम की टीम के साथ शुक्रवार को सुबह सात बजे चार वार्डों का भ्रमण कर जन समस्याएं सुनेंगे, उसका समाधान कराएंगे। इस दौरान नाले की सफाई का जायजा लेकर जल निकासी की रणनीति पर अधिकारियों से चर्चा करेंगे।

इस दौरान उनके साथ नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के अलावा जयप्रकाश नारायण, चंद्रशेखर नगर, स्वामी विवेकानंद एवं झारखंडी वार्ड के पार्षद भी रहेंगे।


**कार्यालय :ग्राम पंचायत भेदौरा मोलनापुर, वि.खं. कोयलसा-आजमगढ़**
पत्रांक : मेमो/निविदा सूचना/2026-27 दिनांक : 15.04.2026
अल्पकालीन निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत भेदौरा मोलनापुर वि.ख. कोयलसा द्वारा केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ वीबी जीरामजी/एस.एल.डब्ल्यू.एम./एस.बी.एम/.स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/आर.जी.एस.ए.योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, अन्नपूर्णा भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, अतिरिक्त कक्ष, सी0एस0सी0 निर्माण, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, बारात घर निर्माण, स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल निर्माण व मरम्मत सम्बन्धित कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17.04.2026 से दिनांक 25.04.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 26.04.2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर 11:00 बजे से खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी, ईट एसओबी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बैग | |
| 3 | डाला गिट्टी, ईट गिट्टी, स्टोन ब्लास्ट | प्रति घन मी. | |
| 4 | मोरंग बालू/ सफेद बालू,गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 5 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 6 | कम्पयूटर, इन्वर्टर, आलमारी, कुर्सी/ स्टेशनरी सामान | प्रति नग | |
| 7 | पेन्ट पुट्टी, चूना ब्लीचिंग | प्रति ली. | |
| 8 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 9 | करकट/एस्बेस्टर सीट | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट, विद्युत सामग्री, स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाईट | प्रति नग | |
| 11 | शौचालय निर्माण सामाग्री, कार्यालय स्थापना सामाग्री | | |
| 12 | ह्यूम पाइप (विभिन्न साईज) | प्रति मी. | |
| 13 | हैंडपंप रिबोर/मरम्मत हेतु सामग्री | | |
| 14 | सीमेंटेड ईट/इण्टरलाकिंग ईट/ पटिया/ पत्थर बेंच | प्रति हजार | |
| 15 | सफाई किट/कोविड-19 किट, | | |
| 16 | समरसेबुल टंकी/एस्बेस्टस सीट, आर0ओ0 प्लान्ट | प्रति नग | |
| 17 | कायाकल्प सामाग्री, खेल कूद सामाग्री | | |
| 18 | चुन्नी, चोकर, भूसा, हरा चारा | | |
| 19 | डस्टबिन , कूड़ा गाड़ी, ई-रिक्शा, साईकिल रिक्शा, भस्मक/इन्सीनेटर | प्रति नग | |
| 20 | इत्यादि | | |

शर्ते - . विस्तृत जानकारी/नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 2. ग्राम पंचायत में निविदा निरस्त करने एवं संशोधन करने का अधिकार रहेगा।
ग्राम प्रधान- शकुन्तला सिंह सचिव- धनन्जय कुमार यादव
ग्राम पंचायत - भेदौरा मोलनापुर, वि.ख. - कोयलसा, आजमगढ

**कार्यालय :ग्राम पंचायत खुरासो, वि.खं. अहरौला-आजमगढ़**
पत्रांक : मेमो/निविदा सूचना/2026-27 दिनांक : 15.04.2026
अल्पकालीन निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत खुरासो वि.ख. अहरौला द्वारा केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ वीबी जीरामजी/एस.एल.डब्ल्यू.एम./एस.बी.एम/.स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/आर.जी.एस.ए.योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, अन्नपूर्णा भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, अतिरिक्त कक्ष, सी0एस0सी0 निर्माण, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, बारात घर निर्माण, स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल निर्माण व मरम्मत सम्बन्धित कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17.04.2026 से दिनांक 25..04..2026 को दोपहर 02.00 बजे तक सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 26.04.2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर 11:00 बजे से खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी, ईट एसओबी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बैग | |
| 3 | डाला गिट्टी, ईट गिट्टी, स्टोन ब्लास्ट | प्रति घन मी. | |
| 4 | मोरंग बालू/ सफेद बालू,गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 5 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 6 | कम्पयूटर, इन्वर्टर, आलमारी, कुर्सी/ स्टेशनरी सामान | प्रति नग | |
| 7 | पेन्ट पुट्टी, चूना ब्लीचिंग | प्रति ली. | |
| 8 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 9 | करकट/एस्बेस्टर सीट | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट, विद्युत सामग्री, स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाईट | प्रति नग | |
| 11 | शौचालय निर्माण सामाग्री, कार्यालय स्थापना सामाग्री | | |
| 12 | ह्यूम पाइप (विभिन्न साईज) | प्रति मी. | |
| 13 | हैंडपंप रिबोर/मरम्मत हेतु सामग्री | | |
| 14 | सीमेंटेड ईट/इण्टरलाकिंग ईट/ पटिया/ पत्थर बेंच | प्रति हजार | |
| 15 | सफाई किट/कोविड-19 किट, | | |
| 16 | समरसेबुल टंकी/एस्बेस्टस सीट, आर0ओ0 प्लान्ट | प्रति नग | |
| 17 | कायाकल्प सामाग्री, खेल कूद सामाग्री | | |
| 18 | चुन्नी, चोकर, भूसा, हरा चारा | | |
| 19 | डस्टबिन , कूड़ा गाड़ी, ई-रिक्शा, साईकिल रिक्शा, भस्मक/इन्सीनेटर | प्रति नग | |
| 20 | इत्यादि | | |

शर्ते - . विस्तृत जानकारी/नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 2. ग्राम पंचायत में निविदा निरस्त करने एवं संशोधन करने का अधिकार रहेगा।
ग्राम प्रधान- मीरा यादव सचिव- संजय कुमार यादव
ग्राम पंचायत - खुरासो वि.ख. - अहरौला, आजमगढ

**कार्यालय :ग्राम पंचायत सतुवहियां, वि.खं. अहरौला -आजमगढ़**
पत्रांक : मेमो/निविदा सूचना/2026-27 दिनांक : 15.04.2026
अल्पकालीन निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत सतुवहियां वि.ख. अहरौला द्वारा केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ वीबी जीरामजी/एस.एल.डब्ल्यू.एम./एस.बी.एम/.स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/आर.जी.एस.ए.योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, अन्नपूर्णा भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, अतिरिक्त कक्ष, सी0एस0सी0 निर्माण, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, बारात घर निर्माण, स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल निर्माण व मरम्मत सम्बन्धित कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17.04.2026 से दिनांक 25..04..2026 को दोपहर 02.00 बजे तक सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 26.04.2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर 11:00 बजे से खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी, ईट एसओबी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बैग | |
| 3 | डाला गिट्टी, ईट गिट्टी, स्टोन ब्लास्ट | प्रति घन मी. | |
| 4 | मोरंग बालू/ सफेद बालू,गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 5 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 6 | कम्पयूटर, इन्वर्टर, आलमारी, कुर्सी/ स्टेशनरी सामान | प्रति नग | |
| 7 | पेन्ट पुट्टी, चूना ब्लीचिंग | प्रति ली. | |
| 8 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 9 | करकट/एस्बेस्टर सीट | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट, विद्युत सामग्री, स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाईट | प्रति नग | |
| 11 | शौचालय निर्माण सामाग्री, कार्यालय स्थापना सामाग्री | | |
| 12 | ह्यूम पाइप (विभिन्न साईज) | प्रति मी. | |
| 13 | हैंडपंप रिबोर/मरम्मत हेतु सामग्री | | |
| 14 | सीमेंटेड ईट/इण्टरलाकिंग ईट/ पटिया/ पत्थर बेंच | प्रति हजार | |
| 15 | सफाई किट/कोविड-19 किट, | | |
| 16 | समरसेबुल टंकी/एस्बेस्टस सीट, आर0ओ0 प्लान्ट | प्रति नग | |
| 17 | कायाकल्प सामाग्री, खेल कूद सामाग्री | | |
| 18 | चुन्नी, चोकर, भूसा, हरा चारा | | |
| 19 | डस्टबिन , कूड़ा गाड़ी, ई-रिक्शा, साईकिल रिक्शा, भस्मक/इन्सीनेटर | प्रति नग | |
| 20 | इत्यादि | | |

शर्ते - . विस्तृत जानकारी/नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 2. ग्राम पंचायत में निविदा निरस्त करने एवं संशोधन करने का अधिकार रहेगा।
ग्राम प्रधान- रेहाना सचिव- संजय कुमार यादव
ग्राम पंचायत - सतुवहियां वि.ख. - अहरौला, आजमगढ

**कार्यालय :ग्राम पंचायत धनेजपाण्डेय, वि.खं. कोयलसा-आजमगढ़**
पत्रांक : मेमो/निविदा सूचना/2026-27 दिनांक : 15.04.2026
अल्पकालीन निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत धनेजपाण्डेय वि.ख. कोयलसा द्वारा केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ वीबी जीरामजी/एस.एल.डब्ल्यू.एम./एस.बी.एम/.स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/आर.जी.एस.ए.योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, अन्नपूर्णा भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, अतिरिक्त कक्ष, सी0एस0सी0 निर्माण, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, बारात घर निर्माण, स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल निर्माण व मरम्मत सम्बन्धित कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17.04.2026 से दिनांक 25.04.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 26.04.2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर 11:00 बजे से खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी, ईट एसओबी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बैग | |
| 3 | डाला गिट्टी, ईट गिट्टी, स्टोन ब्लास्ट | प्रति घन मी. | |
| 4 | मोरंग बालू/ सफेद बालू,गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 5 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 6 | कम्पयूटर, इन्वर्टर, आलमारी, कुर्सी/ स्टेशनरी सामान | प्रति नग | |
| 7 | पेन्ट पुट्टी, चूना ब्लीचिंग | प्रति ली. | |
| 8 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 9 | करकट/एस्बेस्टर सीट | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट, विद्युत सामग्री, स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाईट | प्रति नग | |
| 11 | शौचालय निर्माण सामाग्री, कार्यालय स्थापना सामाग्री | | |
| 12 | ह्यूम पाइप (विभिन्न साईज) | प्रति मी. | |
| 13 | हैंडपंप रिबोर/मरम्मत हेतु सामग्री | | |
| 14 | सीमेंटेड ईट/इण्टरलाकिंग ईट/ पटिया/ पत्थर बेंच | प्रति हजार | |
| 15 | सफाई किट/कोविड-19 किट, | | |
| 16 | समरसेबुल टंकी/एस्बेस्टस सीट, आर0ओ0 प्लान्ट | प्रति नग | |
| 17 | कायाकल्प सामाग्री, खेल कूद सामाग्री | | |
| 18 | चुन्नी, चोकर, भूसा, हरा चारा | | |
| 19 | डस्टबिन , कूड़ा गाड़ी, ई-रिक्शा, साईकिल रिक्शा, भस्मक/इन्सीनेटर | प्रति नग | |
| 20 | इत्यादि | | |

शर्ते - . विस्तृत जानकारी/नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 2. ग्राम पंचायत में निविदा निरस्त करने एवं संशोधन करने का अधिकार रहेगा।
ग्राम प्रधान- अंजली तिवारी सचिव- धनन्जय कुमार यादव
ग्राम पंचायत - धनेजपाण्डेय, वि.ख. - कोयलसा, आजमगढ

**कार्यालय :ग्राम पंचायत पूरादूबे, वि.खं. अहरौला -आजमगढ़**
पत्रांक : मेमो/निविदा सूचना/2026-27 दिनांक : 15.04.2026
अल्पकालीन निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत पूरादूबे वि.ख. अहरौला द्वारा केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ वीबी जीरामजी/एस.एल.डब्ल्यू.एम./एस.बी.एम/.स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/आर.जी.एस.ए.योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, अन्नपूर्णा भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, अतिरिक्त कक्ष, सी0एस0सी0 निर्माण, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, बारात घर निर्माण, स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, लाइब्रेरी/पुस्तकालय निर्माण विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल निर्माण व मरम्मत सम्बन्धित कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17.04.2026 से दिनांक 25..04..2026 को दोपहर 02.00 बजे तक सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 26.04.2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर 11:00 बजे से खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी, ईट एसओबी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बैग | |
| 3 | डाला गिट्टी, ईट गिट्टी, स्टोन ब्लास्ट | प्रति घन मी. | |
| 4 | मोरंग बालू/ सफेद बालू,गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 5 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 6 | कम्पयूटर, इन्वर्टर, आलमारी, कुर्सी/ स्टेशनरी सामान | प्रति नग | |
| 7 | पेन्ट पुट्टी, चूना ब्लीचिंग | प्रति ली. | |
| 8 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 9 | करकट/एस्बेस्टर सीट | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट, विद्युत सामग्री, स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाईट | प्रति नग | |
| 11 | शौचालय निर्माण सामाग्री, कार्यालय स्थापना सामाग्री | | |
| 12 | ह्यूम पाइप (विभिन्न साईज) | प्रति मी. | |
| 13 | हैंडपंप रिबोर/मरम्मत हेतु सामग्री | | |
| 14 | सीमेंटेड ईट/इण्टरलाकिंग ईट/ पटिया/ पत्थर बेंच | प्रति हजार | |
| 15 | सफाई किट/कोविड-19 किट, | | |
| 16 | समरसेबुल टंकी/एस्बेस्टस सीट, आर0ओ0 प्लान्ट | प्रति नग | |
| 17 | कायाकल्प सामाग्री, खेल कूद सामाग्री | | |
| 18 | चुन्नी, चोकर, भूसा, हरा चारा | | |
| 19 | डस्टबिन , कूड़ा गाड़ी, ई-रिक्शा, साईकिल रिक्शा, भस्मक/इन्सीनेटर | प्रति नग | |
| 20 | इत्यादि | | |

शर्ते - . विस्तृत जानकारी/नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 2. ग्राम पंचायत में निविदा निरस्त करने एवं संशोधन करने का अधिकार रहेगा।
ग्राम प्रधान- शत्रुघन सचिव- संजय कुमार यादव
ग्राम पंचायत - पूरादूबे, वि.ख. - अहरौला, आजमगढ

**कार्यालय :ग्राम पंचायत शमसाबाद, वि.खं. अहरौला -आजमगढ़**
पत्रांक : मेमो/निविदा सूचना/2026-27 दिनांक : 15.04.2026
अल्पकालीन निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत शमसाबाद वि.ख. अहरौला द्वारा केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ वीबी जीरामजी/एस.एल.डब्ल्यू.एम./एस.बी.एम/.स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/आर.जी.एस.ए.योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, अन्नपूर्णा भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, अतिरिक्त कक्ष, सी0एस0सी0 निर्माण, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, बारात घर निर्माण, स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल निर्माण व मरम्मत सम्बन्धित कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 17.04.2026 से दिनांक 25..04..2026 को दोपहर 02.00 बजे तक सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 26.04.2026 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर 11:00 बजे से खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी, ईट एसओबी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बैग | |
| 3 | डाला गिट्टी, ईट गिट्टी, स्टोन ब्लास्ट | प्रति घन मी. | |
| 4 | मोरंग बालू/ सफेद बालू,गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 5 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 6 | कम्पयूटर, इन्वर्टर, आलमारी, कुर्सी/ स्टेशनरी सामान | प्रति नग | |
| 7 | पेन्ट पुट्टी, चूना ब्लीचिंग | प्रति ली. | |
| 8 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 9 | करकट/एस्बेस्टर सीट | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट, विद्युत सामग्री, स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाईट | प्रति नग | |
| 11 | शौचालय निर्माण सामाग्री, कार्यालय स्थापना सामाग्री | | |
| 12 | ह्यूम पाइप (विभिन्न साईज) | प्रति मी. | |
| 13 | हैंडपंप रिबोर/मरम्मत हेतु सामग्री | | |
| 14 | सीमेंटेड ईट/इण्टरलाकिंग ईट/ पटिया/ पत्थर बेंच | प्रति हजार | |
| 15 | सफाई किट/कोविड-19 किट, | | |
| 16 | समरसेबुल टंकी/एस्बेस्टस सीट, आर0ओ0 प्लान्ट | प्रति नग | |
| 17 | कायाकल्प सामाग्री, खेल कूद सामाग्री | | |
| 18 | चुन्नी, चोकर, भूसा, हरा चारा | | |
| 19 | डस्टबिन , कूड़ा गाड़ी, ई-रिक्शा, साईकिल रिक्शा, भस्मक/इन्सीनेटर | प्रति नग | |
| 20 | इत्यादि | | |

शर्ते - . विस्तृत जानकारी/नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 2. ग्राम पंचायत में निविदा निरस्त करने एवं संशोधन करने का अधिकार रहेगा।
ग्राम प्रधान- धर्मकान्त सचिव- संजय कुमार यादव
ग्राम पंचायत - शमसाबाद, वि.ख. - अहरौला, आजमगढ

**शिवशंकर सिंह स्मारक महाविद्यालय करीमपुर, रुदौली- अयोध्या**
सम्बद्ध : डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय
**में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत आवश्यकता है -**
**प्राचार्य** - 01 पद,
**स्नातक स्तर पर** कला संकाय (बी0ए0) पाठ्यक्रम हेतु-संस्कृत, प्राचीन इतिहास, अंग्रेजी प्रत्येक विषय में प्रवक्ता (02-02) पद
**परास्नातक स्तर पर** कला संकाय (एम0ए0) पाठ्यक्रम हेतु -राजनीति शास्त्र, हिन्दी प्रत्येक विषय में प्रवक्ता (02-02) पद।
**योग्यता व वेतनमान** - यूजीसी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।
**भवदीय - प्रबंधक**

# सिंधी संस्कृति बेहद प्राचीन व समृद्ध विरासत

## डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विवि स्थित संत कंवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र में व्याख्यान का आयोजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय स्थित संत कंवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र में गुरुवार को सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

प्रो. नीलम पाठक ने कहा कि सिंधी संस्कृति एक अत्यंत प्राचीन और समृद्ध विरासत है। जिसका आधार उसकी भाषा-सिंधी है। किसी भी समाज के लिए उसकी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती, बल्कि उसके इतिहास, मूल्यों और पहचान की संवाहक होती है। सिंधी भाषा दुनिया की प्राचीनतम भाषाओं में से एक है, जिसका सीधा संबंध सिंधु घाटी सभ्यता से माना जाता है।

प्रो. अनूप कुमार ने कहा कि सिंधी भाषा दुनिया की प्राचीनतम भाषाओं में से एक है। जिसका सीधा संबंध सिंधु घाटी सभ्यता से माना जाता है। जब हम सिंधी भाषा के शब्दों और उसकी बनावट का अध्ययन करते हैं, तो हमें उस प्राचीन सभ्यता की जीवनशैली, व्यापारिक सूझबूझ और सामाजिक ताने-बाने की झलक मिलती है। प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल ने बताया कि विभाजन के बाद, सिंधी समुदाय पूरी दुनिया में बिखर गया। उनके पास अपनी कोई विशिष्ट भौगोलिक सीमा नहीं रही, ऐसे में सिंधी भाषा ही उनकी ''''अदृश्य मातृभूमि'''' बन गई।संचालन कपिल कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो. सुरेन्द्र मिश्र, रत्नेश यादव, विनय कुमार शर्मा, प्रतीक रंजन त्रिपाठी, डॉ. सरिता पाठक, डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, डॉ. प्रतिभा, शालिनी पांडेय, डॉ. विनीता पटेल सहित सिंधी समाज के गणमान्य सदस्य सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।


अवध विश्वविद्यालय के सिंधी अध्ययन केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# महाविद्यालय शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय में अप्रैल में प्रस्तावित स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं में पहली बार वस्तुनिष्ठ (बहुविकल्पीय) प्रश्नपत्रों के साथ निगेटिव मार्किंग लागू करने के फैसले से छात्रों संग महाविद्यालयों के शिक्षक भी आक्रोशित हो गए हैं। अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ ने कुलपति को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि माइनस मार्किंग संबंधी आदेश तुरंत वापस नहीं लिया गया तो वे उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन नहीं करेंगे। शिक्षक संघ के सदस्यों ने गुरुवार को महापौर गिरीश पति त्रिपाठी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. जनमेजय तिवारी व महामंत्री प्रोफसर अमूल्य कुमार सिंह ने महापौर से अनुरोध किया कि वे मुख्यमंत्री से मिल कर इस सामाजिक व शैक्षणिक समस्या को उनके समक्ष रखें। ज्ञापन देने वालों में सेल्फ फाइनेंस शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डॉ. घनश्याम यादव व कोषाध्यक्ष डॉ. जुल्फ़िकार हैदर भी उपस्थित रहे। वहीं अवध विवि के कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि मामले में अवध विश्वविद्यालय प्रशासन विचार कर रहा है। जैसा भी निर्णय होगा अवगत कराया जाएगा। सभी की मांगों का संज्ञान लिया गया है।


महापौर को ज्ञापन देते अवध विवि महाविद्यालय शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

# होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में वार्षिकोत्सव संपन्न

- डायरेक्टर होम्योपैथिक की मौजूदगी में 'स्पेक्ट्रम' पत्रिका का विमोचन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राजकीय डॉ. बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। इस मौके पर कॉलेज की वार्षिक पत्रिका 'स्पेक्ट्रम' का विधिवत विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डायरेक्टर होम्योपैथिक डॉ. प्रमोद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के बढ़ते महत्व पर भी प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि एसपी सिटी ट्रैफिक एपी सिंह व प्रख्यात कलाकार मुनि रमन की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। मुनि रमन जी ने अपने प्रेरणादायक गीतों और शब्दों से सभी को भाव-विभोर कर दिया। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष कुमार सिंह ने की।

विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वार्षिक उत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षण स्टाफ, चिकित्सालय स्टाफ और अन्य कर्मचारियों को भी शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनके योगदान की सराहना की गई। अंत में डॉ. विकास मिश्रा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर की।



होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आशीष कुमार सिंह के साथ मौजूद मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# कई एडीजे और न्यायिक अधिकारियों की पीठ बदली

- एससी एसटी एक्ट के जज रहे राकेश कुमार का गैर जनपद तबादला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में जिला जज ने अयोध्या में कई अपर जिला जजों और न्यायिक अधिकारियों की पीठ में बदलाव किया है। इसमें कन्नौज से आए अपर जिला जज हरेंद्र नाथ अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम बनाए गए हैं। इस स्थान पर रहे प्रदीप कुमार सिंह अपर जिला जज कोर्ट नंबर सात बनाए गए।

मऊ जिले से स्थानांतरित होकर आए जनार्दन प्रसाद यादव को अपर जिला जज तृतीय, इस पद पर रहे दीपक यादव को विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट के स्थान पर रखा गया है। एससी एसटी एक्ट के जज रहे राकेश कुमार का तबादला गैर जनपद हो गया है। फतेहपुर से स्थानांतरित होकर आए अभिजीत भूषण को अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय नंबर, इस पद पर रहे रवि कुमार गुप्ता को अपर जिला जज अष्टम बनाया गया है।

गाजियाबाद से आईं दीपिका तिवारी को अपर जिला जज छह, जिले में रही प्रतिभा नारायण को विशेष न्यायाधीश इसी एक्ट बनाया गया है। आजमगढ़ से स्थानांतरित होकर आईं मृणाल वर्मा को सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट का जज बनाया गया है। लखनऊ से आईं एसीजेएम प्रिया सक्सेना को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव बनाया गया है। सचिव रही रंजिनी शुक्ला को एसीजेएम तृतीय बनाया गया है।

लखनऊ से स्थानांतरित होकर आए पीयूष त्रिपाठी को सिविल जज सीनियर डिवीजन बनाया गया है। मनीषा गुप्ता को किशोर न्याय बोर्ड का प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इस स्थान पर रही शिवांगी त्रिपाठी को उच्च न्यायालय ने सिविल जज जूनियर डिवीजन हवेली के पद पर स्थानांतरित किया था।

मथुरा से आए सत्य प्रकाश नारायण तिवारी को सिविल जज जूनियर डिवीजन सदर, कानपुर नगर से आए आशुतोष सिंह को अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रथम तथा गाजियाबाद से स्थानांतरित होकर आईं मंजरी रावल को न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय बनाया गया है। कानपुर नगर से आए नवनीत कुमार सिंह को ग्राम न्यायालय बीकापुर का न्यायाधिकारी प्रयागराज से आईं आकांक्षा जायसवाल को मिल्कीपुर तहसील का ग्राम न्यायालय का न्यायाधिकारी बनाया गया है।

## अवैध स्कूलों पर होगी सख्त कार्रवाई

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में बिना मान्यता के संचालित हो रहे अवैध विद्यालयों और निजी कोचिंग संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। यह कदम माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देशों के बाद उठाया जा रहा है। इस संबंध में जिला स्तर पर आठ जांच टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों को विभिन्न ब्लॉकों में अवैध विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि बिना मान्यता के संचालित विद्यालयों या नियम विरुद्ध कोचिंग संस्थानों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ऐसे सभी संचालकों को तत्काल अवैध संचालन बंद करने के निर्देश दिए हैं। इन जांच टीमों में विभिन्न राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रवक्ता और शिक्षक शामिल हैं।


भूमि की पैमाइश करते राजस्व विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

## सीओ आवास के लिए भूमि का किया चिन्हांकन

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** तहसील जलालपुर में वर्षों से स्थायी आवास के अभाव में कार्य कर रहे क्षेत्राधिकारी के लिए अब अपना सरकारी आवास बनने की उम्मीद मजबूत हो गई है। गुरुवार को इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई, जब मिट्टूपुर रोड स्थित शहीद स्थल के बगल में राजस्व विभाग की टीम ने प्रस्तावित सीओ आवास के लिए भूमि का चिन्हांकन कर लिया। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि का सीमांकन किया और उसकी स्थिति का निरीक्षण भी किया। अधिकारियों के अनुसार चिन्हित भूमि का क्षेत्रफल चार बिस्वा से अधिक है, जिसे आवास निर्माण के लिए उपयुक्त पाया गया है। सीमांकन की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अब इस परियोजना को प्रशासनिक स्तर पर आगे बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा भूमि चिन्हांकन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अब प्रस्ताव को उच्चाधिकारियों के पास भेजा जाएगा।

## समूह सखियों की समस्याओं का किया गया समाधान

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाई जा रही समूह सखी योजना के अंतर्गत आर्थिक लेनदेन में पारदर्शिता लाने के लिए बैंक खातों का संचालन सरल बनाया जा रहा है। इसी क्रम में जलालपुर ब्लॉक के डवॉकरा हॉल में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जलालपुर के बीडीओ दिनेश राम, एडीओ पंचायत बृजेश तिवारी, बीएमएम, बीओ तथा बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक के बैंक मैनेजर संग समूह सखियों और विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान कई समूहों के नए बैंक खाते खुलवाए गए तथा पहले से खुले खातों में आ रही तकनीकी समस्याओं का समाधान कर उनके सुचारु संचालन की व्यवस्था की गई।


नगर के सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में परीक्षा देते छात्र। अमृत विचार

## चैम्स परीक्षा में 174 बच्चों की परखी दक्षता

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** नगर के सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में चैम्स परीक्षा 2026 का आयोजन टीएमटी संस्था लखनऊ की देखरेख में हुआ। जिसमें 174 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी दक्षता का प्रमाण दिया। काबिल-ए-गौर है कि चैम्स परीक्षा कराने वाली संस्था टीएमटी की स्थापना चार दशक पूर्व पद्म भूषण से सम्मानित धर्मशात्री तथा आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने वाले मौलाना डॉ. कल्बे सादिक ने की थी। संस्था का उद्देश्य कौम के प्रतिभाशाली बच्चों, युवाओं को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाना है। संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर आयोजित उक्त परीक्षा में कक्षा चार से कक्षा 11 तक के विद्यार्थी शामिल हुए। केंद्र व्यवस्थापक अबुतुराब नकवी ने बताया कि प्रतियोगिता को चार समूह में विभाजित किया गया था। ग्रुप-ए में कक्षा 04 व 05 के 54 छात्र, ग्रुप-बी में कक्षा 06 और 07 के 45 छात्र, ग्रुप-सी में कक्षा 08 व 09 के 52 छात्र तथा ग्रुप-डी में कक्षा 10 और 11 के 23 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## धोखाधड़ी में नायब नाजिर को जमानत नहीं

**अयोध्या, अमृत विचार :** नामांतरणवाद की नोटिस में फर्जी हस्ताक्षर करके कोर्ट में दाखिल करना तहसील सदर के नायब नाजिर बलराम को महंगा पड़ा। कोर्ट ने उसकी अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। यह आदेश अपर जिला जज सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से गुरुवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडे व रोहित पांडे ने बताया कि महाराजगंज थाना क्षेत्र के मड़ना गांव के रहने वाले रजवंत सिंह ने रिपोर्ट लिखाई थी कि नामांतरणवाद का इश्तहार उसके नाम से कोर्ट से जारी हुआ था। इस नोटिस पर सदर तहसील के नायब नाजिर बलराम ने उसका हस्ताक्षर नहीं करवाया बल्कि खुद उस पर फर्जी हस्ताक्षर करके नोटिस का रजवंत पर तामीला दिखाते हुए उसे कोर्ट में दाखिल कर दिया, जिससे नामांतरण वाद में नामांतरण आदेश पारित हो गया। इसकी जानकारी उसने जब अपनी खतौनी निकाली तो हुई। जिसकी शिकायत उसने तहसीलदार सदर से की लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर रजवंत सिंह ने कोर्ट में अर्जी दाखिल की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने नायब नाजिर समेत इस षड्यंत्र में शामिल कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया था।

## पुलिस ने नारी मिशन शक्ति की दी जानकारी

**सोहावल, अयोध्या :** रौनाही महिला पुलिस ने क्षेत्र के पारस बाल विकास विद्यालय पिरखौली भवनिया पुर में गुरुवार को शविर लगाया। उपनिरीक्षक अल्का यादव इंदुलता, कांस्टेबल कोमल सिंह, प्रियंका संगीता व शिवजी सिंह यादव ने छात्राओं को नारी शक्ति मिशन पांच की योजनाओं और हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी। उपनिरीक्षक अल्का यादव इंदुलता ने सरकार की सुरक्षा से संबधित योजनाओं की जानकारी देने के लिए गांव में जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर प्रधानाचार्य एकता सिंह, रोहित सिंह सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मालीपुर, अंबेडकरनगर :** विद्युत चोरी के मामले में फरार चल रहे वारंटी को मालीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र का है। मालीपुर थाना क्षेत्र के रामपुर दुबे गांव निवासी शिवसागर उर्फ रोहित पुत्र रामपाल पर जारी गैर जमानती अधिपत्र के संबंध में फरार चल रहे वारंटी को मालीपुर पुलिस में थाना क्षेत्र के मंसूरपुर पेट्रोल पंप के सामने लगभग 12:30 बजे हिरासत में लेकर न्यायालय में भेज दिया है। वारंटी पर न्यायालय एडीजे प्रथम विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम द्वारा विद्युत वाद संख्या के तहत मालीपुर थाना में वार्ड दर्ज किया गया था।

## महिला चिकित्सालय में पहुंचा शव वाहन, हड़कंप

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** नगर स्थित महिला चिकित्सालय में गुरुवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब अचानक परिसर में एक शव वाहन के पहुंचने की सूचना फैल गई। वाहन को देखते ही अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों, तीमारदारों और आसपास के लोगों में हडक़ंप मच गया और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। लोगों के बीच यह आशंका जताई जाने लगी कि अस्पताल में कोई गंभीर घटना घटित हो गई है, जिसके चलते शव वाहन बुलाया गया है। कुछ ही देर में यह खबर पूरे अस्पताल परिसर में फैल गई और लोग सच्चाई जानने के लिए इधर-उधर पूछताछ करने लगे। हालांकि जब मौके पर मौजूद लोगों ने नजदीक जाकर जानकारी की, तो मामला पूरी तरह अलग निकला। पता चला कि महिला चिकित्सालय परिसर में संचालित अर्बन अस्पताल के लिए दवाइयों और अन्य आवश्यक सामग्रियों की खेप आई थी, जिसे लाने के लिए उक्त वाहन का इस्तेमाल किया गया था।


सर्वोदय पब्लिक स्कूल की छात्रा साक्षी यादव को सम्मानित करते प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

## जिला टॉपर साक्षी यादव को किया सम्मानित

**आजमगढ़, अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में इस वर्ष सर्वोदय पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा साक्षी यादव ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आजमगढ़ जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि रिया रंजन ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बृहस्पतिवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) गम्भीर सिंह एवं उप जिलाधिकारी सदर नरेन्द्र कुमार गंगवार ने संयुक्त रूप से साक्षी यादव, रिया रंजन तथा उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान कर बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की गई। अपर जिलाधिकारी गम्भीर सिंह ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक व प्रबन्धक राजेन्द्र प्रसाद यादव सहित अध्यापक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



सहकारी संघ जलालपुर का बंद पड़ा क्रय केंद्र। अमृत विचार

## बोरों की कमी से ठप पड़ी गेहूं की खरीद, किसान औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** जनपद में गेहूं खरीद को लेकर सरकार के दावे फिलहाल जमीनी हकीकत से मेल नहीं खा रहे हैं। एक ओर प्रशासन द्वारा गेहूं खरीद की तैयारियों को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अधिकांश सरकारी क्रय केंद्रों पर अभी तक खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। इसका मुख्य कारण बोरों की अनुपलब्धता बताया जा रहा है, जिससे किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि रबी सीजन की फसल तैयार होने के बाद किसान अपनी उपज लेकर क्रय केंद्रों का रुख कर रहे हैं, लेकिन केंद्र बंद मिलने या खरीद शुरू न होने से उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। मजबूरी में किसान अपनी मेहनत की फसल स्थानीय व्यापारियों और बिचौलियों को औने-पौने दामों पर बेचने को विवश हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर गेहूं खरीद का भरोसा दिया जाता है, लेकिन समय पर क्रय केंद्र चालू न होने के कारण उन्हें इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। कई किसानों ने बताया कि यदि जल्द ही खरीद शुरू नहीं हुई तो उन्हें और अधिक नुकसान झेलना पड़ेगा, क्योंकि लंबे समय तक फसल को सुरक्षित रखना भी उनके लिए चुनौतीपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई क्रय केंद्रों पर अभी तक आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी नहीं हो सकी हैं। विशेष रूप से बोरों की कमी के चलते खरीद प्रक्रिया प्रभावित है। केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों का भी कहना है कि बोरों की आपूर्ति न होने के कारण वह खरीद शुरू करने में असमर्थ हैं।

## छात्र-छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन


मेधावियों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** सीबीएसई कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही आरजे एस पब्लिक स्कूल में उत्साह रहा। इस वर्ष विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सम्मानजनक अंकों के साथ सफलता प्राप्त की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे क्षेत्र में भी इसे गौरव का विषय बना दिया। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा श्रेया गुप्ता ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और सभी के लिए प्रेरणा बनीं। इसके साथ ही ज्योति उपाध्याय ने 87 प्रतिशत, मृत्युंजय गुप्ता ने 86.7 प्रतिशत तथा आयुष सिंह ने 86.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा कई अन्य मेधावी विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया तथा विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रबंध निदेशक बलवंत बहादुर सिंह एवं मुख्य अनुशास्ता नीलम सिंह ने छात्रों को मिष्ठान खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

स्पर्धा

महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में बेटियों ने दिखाया दमखम, हैंडबॉल संघ की टीम रही उपविजेता

# हैंडबॉल प्रतियोगिता में स्टेडियम की टीम बनीं विजेता

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** अस्मिता योजना के तहत यूपी ओलिंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को खेल क्षेत्र में प्रोत्साहित करना और उनकी अस्मिता को मजबूत करना है।

प्रतियोगिता में हैंडबॉल संघ, स्टेडियम टीम, पीएस अकबरपुर और आईडी क्लब कुर्की की टीमें शामिल हुईं। बेटियों ने उत्साह और दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। पहला मैच हैंडबॉल संघ और आरडी क्लब कुर्की के बीच खेला गया, जिसमें हैंडबॉल संघ ने 3-0 से आसान जीत हासिल की। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में स्टेडियम टीम ने पीएस अकबरपुर को 2-0 से पराजित किया। रोमांचक फाइनल मैच में स्टेडियम की टीम ने हैंडबॉल संघ को 9-2 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। हैंडबॉल प्रतियोगिता में स्टेडियम टीम विजेता रही, जबकि हैंडबॉल संघ की टीम उपविजेता बनी। खिलाड़ियों में पूरे मैच में तेज गति, बेहतरीन डिफेंस और आक्रामक अटैक देखने को मिला। कार्यक्रम के शुभारंभ एवं पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य रहीं। उन्होंने विजेता और उप विजेता टीमों सहित सभी खिलाड़ियों को टीशर्ट, मेडल और प्रमाण-पत्र प्रदान किए। मुख्य अतिथि शीला भट्टाचार्य ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं और उन्हें मुख्यधारा में लाती हैं।

बेटियों को उपलब्ध कराई जा रही है खेल सुविधाएं : हैंडबॉल प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। उन्होंने बताया कि अस्मिता योजना के माध्यम से जनपद की बेटियों को खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा सकें। इस आयोजन से जनपद में महिला खेल विकास को नई दिशा मिली है। भविष्य में और बड़ी प्रतियोगिताएं आयोजित करने की योजना है, जिससे युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा। जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष आशाराम वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे। ऑफिशियल के रूप में शिल्पी गौतम, अदनान अहमद, अमित तिवारी, अभिषेक उपाध्याय, सुमेधा यादव आदि रहे।


महिला हैंडबॉल खिलाड़ियों के साथ जिला क्रीड़ाधिकारी व सचिव। अमृत विचार

## मारपीट के मामले में 6 से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** जैतपुर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से आधा दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राम लखमीपुर निवासी मुनिराज यादव ने आरोप लगाया कि चार अप्रैल की रात वह ग्राम मटिही स्थित अपनी दूध डेरी और निर्माणाधीन मकान के सामने बैठा था। इसी दौरान जफरपुर सुकरौली निवासी राजन जायसवाल, सतीश रंजन गौड़ उर्फ रिंकू, रामअजोर गौड़ और सत्यम गौड़ लाठी-डंडा व हॉकी लेकर पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने दौड़ाकर उसे लाठी, हॉकी व ईंट-पत्थर से मारपीट कर घायल कर दिया।

# गेहूं खरीद में धांधली के आरोप में आप का प्रदर्शन

## राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जनपद में किसानों की समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को विरोध दर्ज कराया। पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट सुरेश चंद्र के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपते हुए गेहूं खरीद में अनियमितताओं व कालाबाजारी पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि जिले के किसान इस समय दोहरी मार झेल रहे हैं। सरकारी खरीद केंद्रों पर गेहूं की खरीद में भारी धांधली हो रही है, जबकि किसान खाद की किल्लत के चलते महंगे दामों में खाद खरीद फसल को तैयार किया है। समर्थन मूल्य न मिलने पर किसान अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर हैं। आरोप है कि सरकारी क्रय केंद्रों पर बिचौलियों के गेहूं की खरीद हो रही है किसान लाइन में खड़े हैं। आप नेताओं ने मांग की कि खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि किसानों को लंबी लाइनों और बिचौलियों की समस्या से राहत मिल सके। साथ ही, खाद की कृत्रिम कमी पैदा कर उसे ब्लैक मार्केट में ऊंचे दामों पर बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। पार्टी ने मंडियों में सक्रिय बिचौलियों पर नियंत्रण और किसानों को समय पर भुगतान की गारंटी की भी मांग उठाई। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो पार्टी किसानों के हित में बड़ा लोकतांत्रिक आंदोलन करेगी।

इस दौरान राघवेंद्र प्रताप सिंह, रामबिलास तिवारी, सुमित दूबे, सचिन सिंह, सिद्धार्थ सिंह और फूलचंद्र समेत पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपते आप पदाधिकारी।

### जयसिंहपुर कोतवाल पर पक्षपात का आरोप लगा किया प्रदर्शन

**संवाददाता, सुलतानपुर :** तिकोनिया पार्क में गुरुवार को किसान कल्याण एसोसिएशन के साथ पीड़ितों ने जयसिंहपुर कोतवाली प्रभारी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जयसिंहपुर कोतवाल पर पक्षपात करने और शिकायतों को नजरअंदाज करने का गंभीर आरोप लगाया है। एसोसिएशन के अयोध्या मंडल प्रभारी कैलाशनाथ मिश्रा ने कहा कि जयसिंहपुर थाना क्षेत्र में पीड़ितों की सुनवाई नहीं हो रही है। उनका आरोप है कि पुलिस निष्पक्ष जांच के बजाय आरोपियों को संरक्षण दे रही है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। प्रदर्शन की मुख्य वजह चोरमा निवासी पवन कुमार सिंह का मामला है। पवन ने आरोप लगाया कि 15 मार्च को गांव के दयाराम और उनके परिजनों ने उनकी आबादी की जमीन पर लगी लोहे की बाड़ और सीमेंट के खंभों को तोड़ दिया तथा तार भी काटकर उठा ले गए। विरोध करने पर उन्हें गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को एक महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक न तो मुकदमा दर्ज हुआ और न ही कोई ठोस कार्रवाई की गई। आरोप है कि पुलिस ने मामले को सुलझाने के बजाय उलझाने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा।

### महर्षि की सुप्रिया बनीं टॉपर, सनबीम का भी शानदार प्रदर्शन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सीबीएसई कक्षा 10 का परिणाम घोषित होते ही जिले के विद्यालयों में खुशी की लहर दौड़ गई। महर्षि विद्या मंदिर की छात्रा सुप्रिया पटेल ने 97 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं श्रेयांशी पांडेय 95 .2 प्रतिशत, यशवीर सिंह 94 .4 प्रतिशत, रिद्धिमा त्रिपाठी 93 .4 प्रतिशत और समृद्धि मोदनवाल 92 प्रतिशत ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का उत्तीर्ण प्रतिशत 91 प्रतिशत रहा। उधर, सनबीम स्कूल के छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 16 .9 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 64 .61 प्रतिशत ने डिस्टिंक्शन और 89 .2 प्रतिशत प्रथम श्रेणी में सफलता पाई। विद्यालयों में जश्न का माहौल रहा और प्रबंधन ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज ब्रीफ

### बीएसए के मुकदमे में बहस जारी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले की पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी के कार्यालय में घुसकर सरकारी काम में बाधा डालने, गाली गलौज तथा धमकी के मुकदमे में बहस जारी है। बचाव पक्ष के वकील सन्तोष पाण्डेय ने बताया कि सीजेएम नवनीत सिंह ने शेष बहस के लिए 18 अप्रैल की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात के बेलामोहन निवासी निलम्बित शिक्षक सुरेश प्रताप सिंह पर 22 फरवरी 2023 को ये मुकदमा दर्ज हुआ था।

### गुंगवाछ हत्याकांड में सुनवाई 23 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अमेठी के बहुचर्चित गुंगवाछ हत्याकांड में गुरुवार को अभियोजन गवाह न आने से सुनवाई टल गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट न्यायाधीश श्याम मोहन जायसवाल की अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 23 अप्रैल की तारीख नियत की है। अभियोजन के अनुसार 15 मार्च 2022 को अमेठी जनपद के ग्राम पूरे राजापुर, मौजा गुंगवाछ में जमीन विवाद के चलते पूर्व ग्राम प्रधान संकठा यादव, उनके पुत्र हनुमान उर्फ बजरंगी, अमरेश यादव तथा पत्नी नइका उर्फ पार्वती देवी की निर्मम हत्या कर दी गई थी।

### सराफा डकैती काण्ड में नहीं हो सकी गवाही

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शहर के चौक में हुए सराफा डकैती कांड में गुरुवार को अभियोजन पक्ष की गवाही नही दर्ज हो सकी। अधिवक्ता अरविन्द सिंह राजा ने बताया कि पीड़ित भरत सोनी के पुत्र सुमित सेठ की मुख्य गवाही दर्ज हो रही है जिसमे मुख्य बयान पूरा न होने से कोर्ट न्यायाधीश श्याम मोहन जायसवाल ने शेष गवाही के लिए 30 अप्रैल की तारीख निर्धारित कर दी है। शहर के चौक ठठेरी बाजार में भरत जी सोनी की ज्वैलरी की दुकान में 28 अगस्त 2024 को आरोपियों ने दिनदहाड़े डकैती डाली थी। जिसमें रायबरेली जेल में बन्द मुख्य आरोपी विपिन सिंह समेत 12 आरोपियों पर मुकदमा विचाराधीन है।

### महिलाओं के सम्मान का नया युगः मीना

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** भाजपा के नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत लंभुआ और कादीपुर में महिला सम्मेलन आयोजित हुए तथा कॉलेजों में हस्ताक्षर अभियान चला। प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के आत्मसम्मान, भागीदारी और नेतृत्व को सशक्त करेगा। इसके लागू होने से लोकसभा व विधानसभाओं में 33 : आरक्षण मिलेगा, जिससे महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी।

# आरआई समेत 3 पर केस दर्ज करने का आदेश

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जनपद अमेठी के बहुचर्चित भूमि विवाद व फर्जीवाड़ा प्रकरण में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अलंकृता शक्ति त्रिपाठी ने सख्त रुख अपनाते हुए थाना अमेठी को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। मामले में कोरारी गिरधरशाह निवासी नरेन्द्र बहादुर सिंह ने आरोप लगाया कि ग्राम महमूदपुर स्थित गाटा संख्या 950 व 951 में सहखातेदार होने के बावजूद, सहखातेदार रामलखन सिंह के पुत्रों बजरंग सिंह व विक्रम सिंह तथा तत्कालीन राजस्व निरीक्षक राजकुमार सिंह की मिलीभगत से उनके हस्ताक्षर फर्जी तरीके से बनाकर उन्हें वादी से हटाकर प्रतिवादी बना दिया गया। आरोप है कि मृतक अमरपाल सिंह के नाम से भी कूटरचित हस्ताक्षर कर सीमांकन एवं पत्थरनसब की कार्रवाई कागजों में पूरी दिखा दी गई, जबकि वास्तविकता में ऐसी कोई कार्यवाही मौके पर नहीं हुई। विरोध करने पर आरोपियों द्वारा गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया। पुलिस में सब शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने अधिवक्ता रणशेर सिंह के जरिए कोर्ट की शरण ली।

### कोर्ट में सीसीटीवी फुटेज पेश, आरोपितों की न्यायिक हिरासत 29 तक बढ़ी

शराब दुकान चोरी मामले में तीन आरोपियों की न्यायिक हिरासत एसीजेएम शुभम वर्मा ने 29 अप्रैल तक बढ़ा दी है। एपीओ वन्दना पाठक ने बताया मामले में विवेचक राजकुमार सीसीटीवी फुटेज लेकर गुरुवार को कोर्ट पहुंचे। बचाव पक्ष की दलील व अभियोजन पक्ष को सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा है। हलियापुर थाना क्षेत्र में देशी शराब की दुकान में हुई चोरी के मामले में आरोपित करमराज, रामू व अमृतलाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। प्रकरण में आरोपितों के पास से चोरी की 3 पेटी देशी शराब, पीओएस मशीन, नकद 10,650 रुपये समेत अन्य सामान बरामद होने तथा घटनास्थल से उनकी मोटरसाइकिल मिलने को आधार माना गया। वहीं, आरोपितों ने पुलिस पर हिरासत में मारपीट व उत्पीड़न करनेबके गंभीर आरोप लगाए हैं।

### कल्यानपुर गोलीकांडः पूर्व मंत्री के पुत्र समेत तीन की जमानत मंजूर

अखंडनगर थानाक्षेत्र के कल्यानपुर गांव में हुए चर्चित गोलीकांड मामले में गुरुवार को पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह के पुत्र अभिजीत प्रताप सिंह, आरोपी विक्कू सिंह उर्फ शिवा सिंह व अभिनव सिंह उर्फ पवन की जमानत अर्जी पर हुई सुनवाई में सेशन जज सुनील कुमार की अदालत ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा , रणजीत सिंह त्रिशुंडी व संदीप सिंह को सुनने के बाद जमानत मंजूर कर ली है। वही आरोपी नमित सिंह की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। मामला 15 मार्च की सुबह का है, जब वादी जिलाजीत यादव ने जमीन विवाद को लेकर पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह व अन्य पर हमला और फायरिंग का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। घटना में वादी पक्ष के करीब एक दर्जन लोग घायल हुए थे। पुलिस ने घटना मे कई आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### साक्ष्य के अभाव में गैर इरादतन हत्या के प्रयास के तीन आरोपी बरी

- अखंडनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत बेलवाई माधोपुर गांव में 17 वर्ष पूर्व शिवनाथ पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास से जुड़ा मामला

**संवाददाता, सुलतानपुर :** जनपद के अखंडनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत बेलवाई माधोपुर गांव में 17 वर्ष पूर्व हुई गैर इरादतन हत्या के प्रयास के मामले में सेशन कोर्ट ने तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। सेशन जज सुनील कुमार की अदालत ने मीरपुर प्रतापपुर निवासी रणधीर सिंह, संदीप सिंह एवं राहुल सिंह को दोषमुक्त घोषित किया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा के अनुसार, घटना 19 जुलाई 2009 की सुबह की है। वादी शिवनाथ राजभर ने आरोप लगाया था कि वह सुबह करीब 8 बजे अपने खेत की देखभाल करने जा रहा था, तभी आरोपियों ने उसे जबरन बोलेरो वाहन में बैठाकर घर में बंद कर लिया और लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की। पिटाई के दौरान वह बेहोश हो गया, जिसके बाद आरोपियों ने उसे मृत समझकर नहर किनारे फेंक दिया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलों और प्रस्तुत साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद अदालत ने पाया कि आरोप सिद्ध करने हेतु पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। इसी मामले में आरोपी महिपत सिंह उर्फ सधई सिंह की दौरान विचारण मौत हो गई थी।

### पेड़ से टकराई बुलेट युवक की मौत

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव निवासी अंकित शर्मा (28) की बारात से लौटते समय सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा बुधवार देर रात दो बजे गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बहाउद्दीनपुर गांव के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, अंकित अपने मामा गिरजा शंकर शर्मा के बेटे हरिमंगल शर्मा की बारात में शामिल होने आए थे। विवाह कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वह देर रात अकेले ही बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में पावन धाम के पास अचानक संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हो गया। हादसे की सूचना पर बड़े भाई जगमोहन मौके पर पहुंचे और तत्काल डायल 112 व एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस की मदद से घायल अंकित को सीएचसी जयसिंहपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# फायरिंग में घायल की इलाज के दौरान मौत

बल्दीराय सुलतानपुर

**अमृत विचारः** स्थानीय थाना क्षेत्र के बिघौली गांव में तेरहवीं कार्यक्रम के दौरान हुई फायरिंग में घायल दिलीप कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को गांव में तनावपूर्ण माहौल के बीच प्रशासन की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार कराया गया।

बीते नौ अप्रैल की रात तेरहवीं निमंत्रण को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने फायरिंग कर दी। फायरिंग में दिलीप सहित पांच लोग घायल हो गए थे। गंभीर हालत में दिलीप को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया था, जहां 16 अप्रैल को उनकी मौत हो गई। शव गांव पहुंचते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया।



नायब तहसीलदार को मांगपत्र सौंपते परिजन। ● अमृत विचार

- मांगों के लिखित आश्वासन पर परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी, बुलडोजर कार्रवाई, 50 लाख रुपये मुआवजा, सरकारी नौकरी और शस्त्र लाइसेंस की मांग को लेकर अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। अधिकारियों के आश्वासन और काफी समझाने के बाद परिजन माने और अपनी मांगों को लिखित रूप में सौंपते हुए अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मामले में मृत्योपरांत धारा बढ़ा दी गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

# कमिश्नर ने लिया विकास कार्यों का जायजा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मंडलायुक्त अयोध्या मंडल राजेश कुमार की अध्यक्षता में जयसिंहपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मिश्रौली में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। इस दौरान ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

मण्डलायुक्त ने जल जीवन मिशन की प्रगति पर नाराजगी जताते हुए एक माह में हर घर जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के निस्तारण के आदेश दिए। इसके बाद उन्होंने निर्माणाधीन उपनिबंधक कार्यालय जयसिंहपुर का निरीक्षण किया, जहां 85ः कार्य पूर्ण पाया गया। खिड़की-दरवाजों की खराब फिनिशिंग पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए। वहीं गोसाईगंज थाने में बन रहे 26 आवासीय भवनों की प्रगति 36ः पाई गई, जिसे समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण पूरा करने को कहा गया। अंत में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए।



निर्माण कार्य का निरीक्षण करते मंडलायुक्त राजेश कुमार। ● अमृत विचार

- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मिश्रौली में लगी ग्राम चौपाल

### वित्तीय अनियमितता पर प्रधान के अधिकार सीज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला पंचायत राज अधिकारी की जांच में करौंदीकला विकासखंड की ग्राम पंचायत कम्मरपुर के प्रधान मनोज तिवारी व तत्कालीन पंचायत सचिव शिवराज सोनकर को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। शिकायतकर्ता धर्मेंद्र कुमार तिवारी द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायत के आधार पर हुई जांच में खुलासा हुआ कि प्रधान ने नियमों का उल्लंघन करते हुए अपने चचेरे भाई की फर्म 'राज कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर' को कार्य करने का आदेश दिया। इस फर्म को करीब 10 .85 लाख रुपये का भुगतान किया गया, जो शासनादेश के खिलाफ है। जांच रिपोर्ट में इसे पद के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितता माना गया है। डीपीआरओ ने जिलाधिकारी को रिपोर्ट सौंपते हुए कार्रवाई की सिफारिश की, जिस पर डीएम ने प्रधान के सभी वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार तत्काल प्रभाव से सीज कर दिए।



नामित सदस्यों को शपथ दिलातीं एसडीएम। ● अमृत विचार

### नामित सभासदों को एसडीएम ने दिलाई शपथ

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत लंभुआ सभागार में गुरुवार को शासन द्वारा नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नामित तीन सभासदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर औपचारिक रूप से अपने दायित्वों की शपथ ली। नामित सभासद सुशील कुमार सिंह, सीताराम मोदनवाल और मालती मिश्रा को उपजिलाधिकारी प्रीति जैन ने संविधान व विधि द्वारा स्थापित नियमों के पालन की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के साथ ही तीनों सभासदों ने कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी अमित सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश सिंह 'अंगद' सहित कई जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे। समारोह में सभासद प्रतिनिधि प्रशांत चतुर्वेदी, राजेंद्र प्रसाद यादव, घनश्याम यादव, सतीश शिल्पकार और हरिओम अग्रहरि समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः** अमृत विचारः कोतवाली देहात क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना देर शाम अहिमाने बाजार के पास हुई। पखरौली से लौट रहे पीपरपुर थाना क्षेत्र के बीकापुर निवासी सुरेश कुमार (पुत्र भोला) को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन उन्हें इलाज के लिए ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। कोतवाल धर्मवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

# समस्याओं को लेकर व्यापारी आंदोलित

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** नगर पंचायत लंभुआ के व्यापारी नेताओं ने गुरुवार को कस्बे की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी प्रीति जैन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग करते हुए प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई करने की अपील की।

व्यापारी नेता सदासुख अग्रहरि, जयशंकर त्रिपाठी और सुशील बरनवाल ने बताया कि कस्बे के प्रमुख चौक-चौराहों पर डग्गामार वाहन और ई-रिक्शा अवैध रूप से खड़े होकर सवारियां भरते हैं, जिससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा प्रतिष्ठानों और रेस्टोरेंट्स को कमर्शियल गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति न होने से व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जल निकासी के लिए बन रहे नाले के निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है। नाला खुदाई की मिट्टी सड़क पर छोड़े जाने से बाजार में धूल उड़ती रहती है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पुलिस द्वारा लंबे समय तक वाहन चेकिंग से ग्राहकों की आवाजाही बाधित होती है। साथ ही विद्युत विभाग द्वारा बिना सूचना के स्मार्ट मीटर लगाए जाने पर भी आपत्ति जताई गई। व्यापारियों ने एसडीएम से सभी समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेकर समाधान कराने की मांग की है।



एसडीएम प्रीति जैन को ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

- एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर की समस्याओं के निस्तारण की मांग

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 1991 अनुक्रमांक 1721445 का अंकपत्र और प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **राजकरन पुत्र राजाराम ग्राम चरनगहिया बेलहा–बलरामपुर।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र रेहान के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **मु. परवेश पुत्र हनीफ, निवासी – नगरिया तहसील– बिधूना, जिला –औरैया।**

**सूचना**

मैने अपना नाम ZAKIR ALI से बदलकर MOHD ZAKIR ALI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **MOHD ZAKIR ALI S/O-NASIR ALI R/0-165/64KA, KACHCHA HATA AMINABAD, DIST-LUCKNOW-226018 (U.P)**

**सूचना**

मैं ABDUL LATIF पुत्र ABDUL AZIZ, निवासी – 312, ग्राम – मेवातीयान, गोण्डा, उ0प्र0 सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर ABDUL LATIF SIDDIQUI रख लिया है, अतः आज से मुझे ABDUL LATIF SIDDIQUI के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पॉलिसी सं0– 215421673 में मेरा नाम शिवम श्रीवास्तव अंकित है जबकि मेरा सही नाम प्रखर श्रीवास्तव है जो कि मेरे सभी अभिलेखों में अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम प्रखर श्रीवास्तव व शिवम श्रीवास्तव मेरे ही हैं। अतः मेरी उपरोक्त पॉलिसी में मेरा सही नाम प्रखर श्रीवास्तव अंकित किया जाये। **प्रखर श्रीवास्तव पुत्र तेग बहादुर श्रीवास्तव निवासी– कायस्थाना सतरिख तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी।**

**सूचना**

पहले मेरा नाम TRIPATHI ALOK GIRIJA SHANKER था अब मैंने बदलकर अपना नाम ALOK G TRIPATHI रख लिया है भविष्य में मुझे ALOK G TRIPATHI के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O GIRIJASHANKAR DAYARAM TRIPATHI R/O KHERAWA JARUKHA SAYA, AMBEDKAR NAGAR.**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजमणि त्रिपाठी पिता स्व0 जमुना प्रसाद त्रिपाठी निवासी श्री राम पंडित डीह, कूकनगर ग्रिंट, गोंडा 271312. यह शपथ करता हूं कि मेरी जमीन ग्राम– बुक्कूनपुर, तहसील मनकापुर जिसकी गाटा संख्या 179 मि. एवं 180 मि. के मूल बैनामा के दस्तावेज ग्राम– बुक्कनपुर से मसकनवा के रास्ते में कहीं गिर गए है।

धर्म–कर्म

विंदेश्वरीगंज के हैधनाखुर्द गांव में आयोजित दुरदुरिया कार्यक्रम में उमड़ी महिलाओं की भारी भीड़

# शंकर–पार्वती व राधा–कृष्ण की झांकियों से सजा मंच, उमड़ी आस्था

विंदेश्वरीगंज, सुल्तानपुर

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के हैधनाखुर्द गांव में गुरुवार को दुरदुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देवफल बाबा मंदिर परिसर में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में आसपास के एक दर्जन से अधिक गांवों की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने अवसान मैया का प्रसाद ग्रहण कर परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में करणी सेना के मंडल महामंत्री प्रशांत तिवारी, विकास शुक्ला और विधायक ताहिर खान अपने समर्थकों सहित उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मातृशक्ति के बिना समाज का कल्याण संभव नहीं है। यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमन्ते तत्र देवता का उल्लेख करते हुए उन्होंने नारी सम्मान और उनकी भूमिका को सर्वोपरि बताया। दुरदुरिया अनुष्ठान के दौरान छलिया जागरण परिवार द्वारा भगवान शंकर-पार्वती और राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्हें देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नंदकिशोर कनौजिया, अवधेश दूबे, दीपक तिवारी आदि मौजूद रहे।



हैधनाखुर्द में राधा–कृष्ण झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

### राम विवाह प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**लंभुआ, सुलतानपुर :** स्थानीय क्षेत्र के चौकिया गांव में आयोजित नव दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के पांचवें दिन श्रद्धालु भगवान राम के विवाह प्रसंग को सुन भाव-विभोर हो उठे। कथा आचार्य पंडित राकेश जी महाराज ने राम-लक्ष्मण के गुरु वशिष्ठ के साथ मिथिला गमन और राजा जनक द्वारा आयोजित धनुष यज्ञ का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने माता सीता के गौरी पूजन तथा सखियों द्वारा प्रभु राम के दिव्य स्वरूप के वर्णन को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जब कोई भी राजा धनुष नहीं उठा सका, तब गुरु के आदेश पर भगवान राम ने सहज ही धनुष को तोड़कर जनक की चिंता दूर की। परशुराम और राम संवाद का भी रोचक वर्णन किया गया। कथा के उपरांत राम विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने माता जानकी के चरण पूजकर मंगल गीत गाए। मुख्य यजमान रामजन पांडेय व विमला देवी ने आरती की। राम कथा में मुख्य रूप से लम्भुआ विधानसभा के पूर्व विधायक देवमणि दुबे, समाजसेवी आशीष तिवारी, माताप्रसाद सिंह सत्य नारायण दुबे बालमुकुंद विश्वकर्मा लाल साहब बृज मोहन सिंह कमलाकांत पाण्डेय, राम चंद्र सिंह, माता प्रसाद सिंह, राम कृष्ण पाण्डेय, प्रभव पाण्डेय, अनय पाण्डेय अवनीश सिंह समेत बड़ी सख्या में लोग मौजूद रहे।



कथा व्यास को सम्मानित करते समाजसेवी आशीष तिवारी।

# पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भारी भीड़, कई पर खत्म हुआ डीजल

• पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने की अफवाह ने दिखाया असर

गोंडा, नवाबगंज



पेट्रोल पंप पर जुटी लोगों की भीड़। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय व कस्बों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को भी पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने की अफवाह ने बड़ा असर दिखाया। सोशल मीडिया पर फैली खबरों के बाद लोगों में अचानक घबराहट फैल गई और जिले भर के पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्थिति यह रही कि सुबह से ही लोग बड़ी संख्या में वाहनों के साथ-साथ डिब्बे व गैलन लेकर ईंधन भराने पहुंचने लगे।

जिला मुख्यालय समेत नवाबगंज, तरबगंज, वजीरगंज, मनकापुर समेत कई क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं। शहर के तिवारी पेट्रोल पंप, शर्मा तथा सेठ पेट्रोल पंप, नवाबगंज कस्बे के सरफराज पेट्रोल पंप और जेडी पेट्रोल पंप पर सुबह करीब 11 बजे से ही भीड़ बढ़नी शुरू हो गई, जो दोपहर तक अनियंत्रित हो गई। इसी तरह गौतम पेट्रोल पंप, पंडित सिंह पेट्रोल पंप व दत्तनगर स्थित एकेवीके पेट्रोल पंप पर भी लोगों की भारी भीड़ देखी गई। बढ़ी मांग के चलते अधिकांश पेट्रोल पंपों पर दोपहर बाद डीजल समाप्त हो गया। जेडी पेट्रोल पंप के कैशियर बाबा ने बताया कि सुबह आई डीजल की खेप दो घंटे में ही खत्म हो गई। वहीं, एकेवीके पेट्रोल पंप के प्रबंधक मधुसूदन सिंह ने देर रात तक आपूर्ति होने की संभावना जताई है। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ रहा है। रबी फसलों की सिंचाई के समय में डीजल की कमी से कृषि कार्य प्रभावित होने की आशंका है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकतानुसार ही ईंधन खरीदें। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थ के प्रभारी शिव प्रकाश तिवारी ने बताया कि कहीं भी पेट्रोलियम पदार्थों की कमी नहीं है। डीजल व पेट्रोल की आपूर्ति हो रही है। अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। अभी स्थिति सामान्य है।

## बिटिया का विवाह है साहब ! चार सिलेंडर से नहीं चलेगा काम

**गोंडा, अमृत विचार :** सहालग का दौर शुरू हो गया है। शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्यक्रमों की धूम तेज हो गई है, लेकिन इसी बीच रसोई गैस सिलेंडर की कमी ने आयोजकों की चिंता बढ़ा दी है। प्रशासन की ओर से पहले ही यह घोषणा की गई थी कि मांगलिक कार्यक्रमों के लिए व्यावसायिक (कमर्शियल) सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे, लेकिन बढ़ती मांग के आगे व्यवस्था लड़खड़ाती नजर आ रही है। जिला पूर्ति कार्यालय में अब तक 300 से अधिक आवेदन कमर्शियल सिलेंडर के लिए प्राप्त हो चुके हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवेदन कर रहे हैं। स्थिति यह है कि उपलब्धता कम और मांग अधिक होने के कारण अधिकारियों के हाथ-पांव फूलते नजर आ रहे हैं। शहर के रकाबगंज निवासी रामनारायण गुप्ता ने बताया कि उनके घर विवाह समारोह है, लेकिन समय पर सिलेंडर न मिलने से भोजन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं, राजेन्द्र नगर के महेश ने कहा कि उन्होंने एक सप्ताह पहले आवेदन किया था, फिर भी अभी तक सिलेंडर नहीं मिल पाया है। उधर, सिविल लाइन क्षेत्र की मीना देवी का कहना है कि बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा। पूर्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मांग के अनुरूप सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अचानक बढ़ी मांग के कारण कुछ दिक्कत आ रही हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। फिलहाल, सहालग के इस सीजन में सिलेंडर संकट ने कई परिवारों की खुशियों पर असर डालना शुरू कर दिया है। यदि जल्द ही आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। विनोद बताते हैं कि बिटिया की शादी है 10 सिलेंडर की आवश्यकता थी लेकिन तीन सिलेंडर का ही अनुमोदन मिला है ऐसे में समस्या बढ़ रही है। कार्ड बन चुके हैं गैस सिलेंडर न मिलने से भोजन व्यवस्था प्रभावित हो सकती है इज्जत भी खतरे में है यदि भोजन नहीं बन पाएगा तो क्या करेंगे। जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि लगातार शादी-ब्याह जैसे कार्यक्रमों के लिए आवेदन आ रहे हैं। समस्या के निस्तारण का प्रयास किया जा रहा है। कंपनी व एजेंसियों को अनुमोदन कर प्रार्थना पत्र भेजा जा रहा है। पूरी तरीके से उपलब्धता का प्रयास हो रहा है।



डीएसओ कार्यालय में आवेदन देने वालों की जुटी भीड़।

## सेंट माइकल में सम्मान समारोह, रितिका बनीं टॉपर



टॉपर छात्रा को सम्मानित करते विद्यालय के शिक्षक। • अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** सेंट माइकल कान्वेंट स्कूल, आईटीआई कैंपस मनकापुर में शैक्षिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत कक्षा 10 सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों के सम्मान में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति की चेयरमैन मनोरमा सिंह एवं प्रबंधक वी. के. पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य बाकियाराज टी. के. ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय की छात्रा रितिका पांडेय ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में शीर्ष स्थान हासिल किया है। रितिका ने अंग्रेजी एवं इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किया। रितिका पांडेय के पिता मनोज कुमार पांडेय गोरखपुर में अधिवक्ता हैं, जबकि उनकी माता कविता पांडेय उच्च प्राथमिक विद्यालय मसकनवा में अनुदेशक के पद पर कार्यरत हैं। रितिका का निवास खालेगांव, मसकनवा में है। उनकी इस सफलता से परिवार एवं क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इसके अतिरिक्त आकांक्षा ओझा ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा काजल मोदनवाल ने 95.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कुल 15 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

# खाता धारकों के लाखों रुपये लेकर बीसी संचालक फरार

### आधार में छेड़छाड़ कर दूसरे बैंक में खाते खोल योजनाओं की राशि हड़पने का आरोप

**धोखाधड़ी**

• दर्जनों ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर की शिकायत

संवाददाता गोंडा



एसपी कार्यालय के बाहर मौजूद पीड़ित खाताधारक। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एक बीसी संचालक द्वारा सैकड़ों ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि बीसी संचालक ऋषभ प्रताप सिंह ने आधार कार्ड का दुरुपयोग कर ग्राहकों की जानकारी के बिना दूसरे बैंक में खाते खुलवाकर सरकारी योजनाओं की धनराशि हड़प ली।

पीड़ितों के अनुसार आरोपी ग्राहकों के आधार नंबर के साथ किसी अन्य व्यक्ति का मोबाइल नंबर लिंक कर एनएसडीएल पेमेंट बैंक में खाते खोल देता था। इसके बाद किसान सम्मान निधि, पेंशन, गैस सब्सिडी और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं का पैसा इन खातों में आने पर उसे अपने परिजनों और परिचितों के खातों में ट्रांसफर कर निकाल लेता था।

महेश कुमार, शिव सरन, मंगल और शिवम सहित दर्जनों ग्रामीणों ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत की और कार्रवाई की मांग की। पीड़ितों का कहना है कि आरोपी महाराजगंज चौराहे पर पीएनबी का बीसी संचालित करता था, जहां वे लेनदेन के लिए जाते थे। इसी दौरान उसने विश्वास में लेकर अंगूठा लगवाया और बिना जानकारी दिए फर्जी खाते खोल दिए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने अपने पैसे की मांग की तो आरोपी ने अभद्रता करते हुए पैसा देने से मना कर दिया और बीसी केंद्र बंद कर फरार हो गया। इस मामले में करीब 20-25 लोगों से 5 से 7 लाख रुपये की ठगी का अनुमान है, जबकि 4-5 ग्राम सभाओं के लोग इससे प्रभावित बताए जा रहे हैं।

पीड़ितों ने बताया कि उन्होंने छह दिन पहले करनैलगंज कोतवाली में भी शिकायत दी थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद वे एसपी कार्यालय पहुंचे।

एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय ने मामले का संज्ञान लेते हुए सीओ करनैलगंज को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

# निरीक्षक समेत 22 उप निरीक्षक हुए स्थानांतरित

**पुलिस महकमे में फेरबदल**

**गोंडा, अमृत विचार :** पुलिस महकमे में बड़े पैमाने पर तबादले किए गए हैं। एसपी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार एक निरीक्षक सहित 22 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। सभी को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जारी सूची के अनुसार निरीक्षक रमाशंकर राय को अतिरिक्त निरीक्षक थाना कटरा बाजार से अतिरिक्त निरीक्षक थाना उमरीबेगमगंज भेजा गया है। एसआई अवधेश यादव को थाना खोड़ारे से थाना परसपुर तथा वीरबहादुर यादव को थाना खोड़ारे से थाना मनकापुर भेजा किया गया है। सीताराम यादव को थाना कटरा बाजार से थाना उमरीबेगमगंज, जबकि मो. सरफराज खां को थाना करनैलगंज से थाना धानेपुर भेजा गया है। धर्मेन्द्र यादव को थाना कोड़िया से थाना धानेपुर तैनात किया गया है। सुमित कुमार सिंह को चौकी प्रभारी मंगुरा बाजार (थाना उमरीबेगमगंज) से चौकी प्रभारी कर्नलगंज बनाया गया है। अभिलेख तिवारी को थाना उमरीबेगमगंज से चौकी प्रभारी मंगुरा बाजार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिवनाथ गुप्ता को चौकी कर्नलगंज से थाना उमरीबेगमगंज व वैभव सिंह को चौकी एससीपीएम थाना कोतवाली नगर से चौकी दर्जीकुआं भेजा गया है। रोहित रघुवीर को थाना कोतवाली नगर से चौकी एससीपीएम तथा संजय कुमार त्रिपाठी को थाना मनकापुर से थाना उमरीबेगमगंज स्थानांतरित किया गया है। गजेन्द्र पाण्डेय का पूर्व स्थानांतरण आदेश निरस्त कर कर उन्हें यथास्थान रखा गया है। पुलिस लाइन से आकाशदीप को थाना परसपुर, राजेन्द्र प्रसाद को थाना खोड़ारे, रामचन्द्र यादव व वीरेन्द्र यादव को थाना नवाबगंज, रामकेश भारती को थाना इटियाथोक, शमसुद्दीन को धानेपुर, शशांक मौर्य को करनैलगंज, शेषनाथ पाण्डेय को कोड़िया व अशोक जायसवाल को वरीय उपनिरीक्षक थाना कोतवाली नगर नियुक्त किया गया है।

## भागवत कथा के समापन पर उमड़े श्रद्धालु

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस पर प्रवाचक राधेश्याम शास्त्री ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए महाभारत प्रसंग के माध्यम से वाणी के प्रभाव और कर्म के रहस्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे व्यंग्य और कठोर वचनों से भी बड़े विवाद जन्म ले सकते हैं। महाभारत का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि द्रौपदी के एक वचन ने दुर्योधन के मन में गहरी चोट पहुंचाई, जिसके परिणामस्वरूप उसे अपमानित करने का कुप्रयास किया गया और घटनाओं की श्रृंखला ने महाभारत जैसे युद्ध को जन्म दिया। कथा समापन के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अशोक गुप्ता, रामप्रसाद, आशीष गुप्ता, मनोज कुमार, ममता देवी, जानकी, चांदनी, जगन्नाथ सहित कई लोग उपस्थित रहे।



कथा सुनाते राधेश्याम शास्त्री।

## पूर्व छात्रों ने विद्यालय को भेंट किए पंखे

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज, बेलसर के दो पूर्व छात्रों ने अपने विद्यालय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सराहनीय पहल की है। पूर्व छात्र संजय शुक्ल और संजीव कुमार तिवारी ने भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय के जूनियर विंग के छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए 5-5 पंखे भेंट स्वरूप प्रदान किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ले. आनंद कुमार पांडेय ने दोनों पूर्व छात्रों का आभार व्यक्त किया। शिक्षकों ने भी दोनों पूर्व छात्रों की इस उदारता की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व छात्रों का अपने विद्यालय से जुड़ाव और सहयोग विद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य लियाकत अली के साथ समस्त शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एलबीएस कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता आयोजित



कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं। • अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को निबंध, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष नन्द किशोर चौधरी ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के साथ-साथ सभी वर्गों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो. रंजन शर्मा अध्यक्ष, भूगोल विभाग ने डॉ. आंबेडकर के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निबंध प्रतियोगिता में दृष्टि श्रीवास्तव ने प्रथम, दीप्ति ने द्वितीय तथा उत्कर्ष वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में ललित यादव प्रथम रहे, जबकि भूमि द्विवेदी एवं दृष्टि श्रीवास्तव संयुक्त रूप से द्वितीय और संदीप तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। वहीं वाद-विवाद प्रतियोगिता में संदीप तिवारी ने प्रथम, दीप्ति ने द्वितीय और बुसरा ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक जिला समाज कल्याण अधिकारी एस.पी. सिंह ने अतिथियों का आभार जताया। संचालन डॉ. अवधेश कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. बैजनाथ पाल, डॉ. अभीक सिंह, डॉ. रामिन्त पटेल सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक मौजूद रहे।

## 98 लाख के इनपुट टैक्स क्रेडिट घोटाले का आरोपी गिरफ्तार

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** फर्जी जीएसटी फर्म बनाकर सरकार को लाखों रुपये की राजस्व क्षति पहुंचाने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। थाना कौड़िया पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए फर्म का पंजीकरण कर करीब 98 लाख रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का अनुचित लाभ उठाया था। थाना कौड़िया में पंजीकृत मुकदमा के तहत आरोपी मनोज कुमार (27) निवासी ग्राम चंदनपुर महमूदपुर बाजार, थाना बिसवां, जनपद सीतापुर को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। राज्य कर अधिकारी सुरेन्द्र कुमार की तहरीर मे आरोप लगाया गया कि कुमार इंटरप्राइजेज नामक फर्म ने बिना वास्तविक लेन-देन के फर्जी इनवर्ड सप्लाई दिखाकर 98,25,190 की आईटीसी हासिल की और उसे अन्य फर्मों को पास-ऑन किया। जांच में फर्म का पता फर्जी पाया गया और संबंधित मोबाइल नंबर भी बंद मिला। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि प्रमोद नामक व्यक्ति ने उसे लालच देकर उसका आधार व पैन कार्ड लेकर सिम जारी कराया और उन्हीं दस्तावेजों से फर्जी फर्म का पंजीकरण कराया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से आधार कार्ड व पैन कार्ड बरामद किए हैं, जिनका मिलान जीएसटी दस्तावेजों से किया गया।

## टेम्पो से टकरायी बाइक, दो घायल

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** पर्वती गांव के पास मनकापुर-नवाबगंज मार्ग पर गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना हो गई, जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वजीरगंज क्षेत्र के टिकरी गांव के मधवापुर निवासी हिमांशु (24) साथी रक्षाराम (25) पुत्र गूंठे के साथ बाइक से गुरुवार को नवाबगंज बाजार आया था। घर लौटते समय रक्षाराम बाइक चला रहा था, जबकि हिमांशु पीछे बैठा हुआ था। पर्वती गांव के पास उनकी बाइक तेज रफ्तार में थी और अचानक अनियंत्रित होकर सामने जा रहे टेम्पो से टकरा गई।

## क्षेत्रीय विपणन अधिकारी पर आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज

• विजिलेंस जांच में आय-खर्च में बड़ा अंतर, शासन की अनुमति के बाद कार्रवाई शुरू

**करनैलगंज, अमृत विचार :** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में करनैलगंज में तैनात क्षेत्रीय विपणन अधिकारी प्रीति पाण्डेय के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई विजिलेंस जांच में अनियमितताएं पाए जाने के बाद की गई है।

जानकारी के अनुसार, प्रीति पाण्डेय के खिलाफ शिकायत उनके बाराबंकी जनपद में तैनाती के दौरान हुई थी। शासन के निर्देश पर विजिलेंस लखनऊ सेक्टर ने उनकी चल और अचल संपत्तियों की जांच की। जांच में सामने आया कि उन्होंने अपनी वैध आय से करीब 38.65 लाख रुपये अधिक खर्च किए हैं। विजिलेंस रिपोर्ट के अनुसार, उनकी कुल वैध आय लगभग 1.73 करोड़ रुपये आंकी गई, जबकि संपत्ति खरीद और अन्य मदों पर करीब 2.12 करोड़ रुपये खर्च किए गए। आय और व्यय में इस बड़े अंतर को लेकर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की संस्तुति की गई। शासन ने 23 फरवरी को एफआईआर दर्ज करने की अनुमति प्रदान की, जिसके बाद अब उनके खिलाफ भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विजिलेंस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खंभे से भिड़ी बाइक युवक गंभीर

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा-लखनऊ मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के पास गुरुवार दोपहर एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। जरवल रोड क्षेत्र के ग्राम रुदाईंन निवासी युवराज (20) पुत्र अवधेश किसी कार्य से बाइक से जा रहा था। जहांगीरावा रेलवे क्रॉसिंग के समीप बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के अगले हिस्से के परखचे उड़ गए और युवक उछलकर दूर जा गिरा। हादसे में उसके सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। राहगीरों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## सभासद उपचुनाव में अंतिम दिन 5 नामांकन दाखिल

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** नगरपालिका परिषद के दो वार्डों में सभासद पद के उपचुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन कुल पांच प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। तहसील परिसर स्थित नामांकन स्थल पर दिनभर हलचल बनी रही। वार्ड नंबर 16 सकरौरा से अकबाल, साबिर और कुलसुम ने नामांकन पत्र दाखिल किया, जबकि वार्ड नंबर 25 भैरवनाथ पुरम से मोहम्मद राहत व साजिद ने अपनी दावेदारी पेश की। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब जांच और आगे की चुनावी प्रक्रिया तय कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। प्रशासन ने शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

**प्रक्रिया** | 10 अप्रैल को हाईटेंशन लाइन का तार गिरने से हुई थी पत्रकार रंजीत तिवारी की मौत

# पत्रकार की मौत का शासन ने लिया संज्ञान, आयुक्त को सौंपी जांच

**गोंडा, अमृत विचार :** बिजली विभाग की कथित लापरवाही से पत्रकार रंजीत तिवारी की मौत का शासन ने संज्ञान लिया है। मृतक की पत्नी पूजा तिवारी द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए प्रार्थना पत्र पर अपर मुख्य सचिव ने आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं।

बीते 10 अप्रैल को एचटी लाइन का तार टूटकर रंजीत पर गिर गया था। करंट की चपेट में आने से रंजीत की मौत हो गयी थी। इस घटना के बाद डीएम के निर्देश पर कोतवाली नगर में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया है। वहीं मृतक की पत्नी पूजा तिवारी ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर स्थायी सरकारी नौकरी देने, परिवार को कम से कम एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने तथा नामजद सभी आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। पत्र में पूजा ने परिवार के भरण-पोषण और बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि उनके तीन छोटे बच्चे पूर्णिमा (8), आर्यन (5) व विराट (4)हैं। परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनके पति पर थी। पूजा के पत्र पर संज्ञान लेते हुए अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद ने आयुक्त देवीपाटन मण्डल को मामले की जांच कराकर न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिया है।

### सिटी मजिस्ट्रेट की कमेटी ने शुरू की जांच

**गोंडा, अमृत विचार :** इस घटना के बाद डीएम प्रियंका निरंजन ने सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में टीम का गठन कर घटना की जांच का आदेश दिया था। टीम में सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर, सीओ सिटी व अधीक्षण अभियंता को शामिल किया गया है। गुरुवार से इस टीम ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व वाली इस टीम ने परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि जल्द ही जांच पूरी कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जायेगी।



एडीएम को ज्ञापन देते ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारी। • अमृत विचार

### परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दे सरकार

**गोंडा, अमृत विचार :** हाईटेंशन बिजली लाइन का तार टूटने से हुई पत्रकार रंजीत तिवारी की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना से आक्रोशित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने गुरुवार को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम आलोक कुमार को सौंपा और पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की मांग की। पत्रकारों ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि अगर 15 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन करेगा। संगठन ने बिजली विभाग की लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह बताते हुए इसे प्रशासनिक विफलता करार दिया। इस दौरान एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, परसपुर विकास मंच अध्यक्ष अरुण सिंह, राकेश दत्त राम पांडेय, अतुल यादव समेत बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

### परिवार की मदद को आगे आया इंद्रा इंटरनेशनल स्कूल

**गोंडा, अमृत विचार :** दिवंगत पत्रकार रंजीत तिवारी के परिवार की मदद के लिए आईसीएसई बोर्ड से संचालित इंद्रा इंटरनेशनल स्कूल आगे आया है। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से रंजीत की मौत के बाद पत्नी पूजा और उनके बच्चों के सामने भविष्य का गहरा संकट खड़ा हो गया था। दुख की इस घड़ी में उन्हें सहारा देने के लिए विद्यालय प्रबंधन ने सराहनीय पहल की है। गुरुवार को स्कूल प्रबंधक मनोज त्रिपाठी और प्रधानाचार्य एच मोलाय ने घर जाकर पीड़ित परिवार से भेंट की। उन्होंने पूजा को ढांढस बंधाते हुए आर्थिक सहायता सौंपी। साथ ही उनके दो बच्चों को नर्सरी से इंटर तक नि:शुल्क शिक्षा देने की घोषणा की। त्रिपाठी ने कहा कि अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने में विद्यालय कभी पीछे नहीं हटेगा।

## वाहन की टक्कर से अधेड़ घायल

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** मनकापुर-उतरौला मार्ग पर जवाहर नवोदय विद्यालय के पास बुधवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। भूतहिया चैनपुरा धुसवा निवासी बेचई शर्मा (65) अंधियारी बाजार से सब्जी लेकर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब आठ बजे जवाहर नवोदय विद्यालय के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस के माध्यम से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## भूमि अधिग्रहण कर नहर की खोदाई का कार्य शुरू

**गोंडा, अमृत विचार :** सरयू परियोजना- प्रथम, संगठन अयोध्या के अधीन कार्यरत पंचदशम सिंचाई कार्य मंडल के अंतर्गत सरयू नहर खंड 4 गोण्डा की पायरकोहना माइनर पर ग्राम सहजलपुर, तहसील मनकापुर के भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई पूर्ण करने के पश्चात नहर निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। तहसील मनकापुर के ग्राम पतिजिया खुर्द स्थित नेतुआ माइनर के दो गाटों पर भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई पूर्ण होने के पश्चात नहर निर्माण चालू हो गया है। सरयू नहर खण्ड -4 के अधिषाशी अभियंता दुर्गेश गर्ग ने बताया कि पायरकोहना माइनर तथा नेतुआ माइनर पूर्ण रूप से गैप मुक्त हो गई है तथा आगामी खरीफ फसली में इन दोनों नहरों का संचालन कराया जाएगा।

## समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक किये गये सम्मानित

**गोंडा, अमृत विचार :** गुरुवार को ब्लाक संसाधन केंद्र छपिया पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता बीइओ महेंद्र कुमार ने शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। सेवानिवृत्त पूर्व माध्यमिक विद्यालय सैदनपुर के प्रधानाध्यापक व जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष असगर अली, चारु प्रथम के शिक्षक पारसनाथ वर्मा, प्राथमिक विद्यालय बरसैनिया के प्रधानाध्यापक रणवीर सिंह को भावपूर्ण विदाई दी गई। सभी सेवा निवृत्त अध्यापकों को अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख शैलेंद्र पांडेय, राजमंगल पांडेय, नागेंद्र पांडेय, राधेश्याम वर्मा, कुलदीप सिंह, सुधांशु गुप्ता, डा. मनोज सिंह, महेश्वरी मिश्रा, दलजीत सिंह, रामतेज शर्मा,ने संबोधित किया। संचालन गया लाल यादव ने किया। प्रधानाध्यापक पूरन गुप्ता, बलराम वर्मा, शारदा देवी, माधुरी वर्मा, फूलमती, कविता त्रिपाठी, अरूण वर्मा, प्रशांत सिंह, विनोद सिंह राधेश्याम वर्मा, अनिल सिंह, रामतेज, गंगाराम वर्मा,महेश्वरी प्रसाद, ओम प्रकाश पांडेय, अतुल मालवीय, झिनकनू प्रसाद, रामबाबू मौर्या, डा. मनोज सिंह, सुरेश कुमार, अम्बिका पटेल, राम आशीष वर्मा, जय प्रकाश, ऋषि तिवारी, आनंद शंकर त्रिपाठी,आलोक पाण्डेय सलीम, पूर्णिमा रानी आदि रहे।

# 12 घंटे के छापे में 11.47 लाख की अवैध दवाएं जब्त, तीन गिरफ्तार

## नेपाल सीमा पर नशे के कारोबार पर बड़ा प्रहार, 35 बाक्सों में रखीं दवाएं बरामद

**कार्रवाई**

- पिकअप वाहन पर लदी थीं दवाएं पांच औषधियों के लिये गए नमूने

संवाददाता, बलरामपुर


बरामद अवैध दवाएं और गिरफ्तार आरोपी साथ में पुलिस व एसएसबी के जवान।

**अमृत विचार :** जनपद प्रशासन ने नशीली एवं प्रतिबंधित दवाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नेपाल सीमा के निकट संयुक्त छापेमारी में अवैध दवाओं की बड़ी खेप बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से सीमावर्ती इलाके में हड़कंप मच गया है और प्रशासन की सक्रियता की सराहना हो रही है।

एसएसबी 9वीं बटालियन, ड्रग इंस्पेक्टर सुमीत वर्मा तथा थाना हरैया पुलिस की संयुक्त टीम ने महादेव बांकी, खरवन बांध क्षेत्र में सूचना के आधार पर छापेमारी की। इस दौरान महिंद्रा पिकअप लोडर को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में अल्प्राजोलाम, डाइसाइक्लोमाइन हाइड्रोक्लोराइड, ट्रामाडोल, एसीटामिनोफेन टैबलेट्स और कोडोडेक्स कफ सिरप जैसी प्रतिबंधित एवं नियंत्रित दवाएं बरामद हुईं। मौके से कुल 35 बॉक्स दवाएं जब्त की गईं, जिनकी अनुमानित कीमत 11,47,057 आंकी गई है।

वाहन में सवार गोविंद सोनी, आकाश कुमार श्रीवास्तव तथा चालक कपिल जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद दवाओं में से पांच नमूने परीक्षण हेतु सुरक्षित किए गए हैं, ताकि प्रयोगशाला जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जा सके।

यह संयुक्त अभियान लगातार 12 घंटे तक चला। कार्रवाई 15 अप्रैल को अपराह्न 3 बजे शुरू हुई और 16 अप्रैल को प्रातः 3 बजे समाप्त हुई।

आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नेपाल सीमा पर नशीली दवाओं की तस्करी रोकने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# स्वास्थ्य सेवाओं की जांच को आयी केंद्रीय टीम


बैठक में मौजूद सीएमओ और टीम के सदस्य। • अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य अधिसूचना ब्यूरो की राज्य स्तरीय टीम गुरुवार को बलरामपुर पहुंची। टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज का निरीक्षण कर सुविधाओं और सेवाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के बाद सीएमओ कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय चिकित्सालयों के चिकित्सा अधिकारियों, औषधि वितरकों तथा सभी ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों के संकलन, उनकी गुणवत्ता और समयबद्ध रिपोर्ट भेजने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्षता डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने की। राज्य स्तरीय प्रतिनिधियों में दीक्षा सचदेव तथा अभिषेक सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने आंकड़ा प्रबंधन को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार चौधरी, राजेश पाण्डेय, अरविंद मिश्रा, डॉ. श्याम जी श्रीवास्तव, सिद्धार्थ आदि थे।

# महिला को खुदकुशी को उकसाने में युवक पर केस

**कार्रवाई**

गैडासबुजुर्ग, बलरामपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के दुबौली गांव में एक महिला की आत्महत्या का मामला सामने आया है। पति की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी तुलाराम यादव ने पुलिस को बताया कि वह मुंबई में मजदूरी करते हैं, जबकि उनकी पत्नी रंभा (40) गांव में रहती थीं। आरोप है कि गांव का राज बहादुर उर्फ खद्दे कई महीनों से महिला के मोबाइल पर बार-बार फोन कर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था।

विरोध के बावजूद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया, जिससे महिला मानसिक तनाव में रहने लगी थी। पति के अनुसार आरोपी को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसने जान से मारने की धमकी देते हुए फोन करना बंद न करने की बात कही। आरोप है कि 2 अप्रैल की रात आरोपी घर में घुस गया। महिला के शोर मचाने पर परिजन जाग गए, लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

बताया गया कि लगातार प्रताड़ना और लोक-लाज के डर से महिला ने उसी रात आत्महत्या कर ली। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव मिश्रा ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# ससुराल जाते समय हादसे में युवक की मौत

**हरैंया सतघरवा, बलरामपुर, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरदौलिया-शिवपुरा मार्ग पर देवपुरा गांव के पास बुधवार देर शाम सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। अज्ञात पिकअप की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

शव की पहचान भीष्म वर्मा (25) पुत्र ननकुन्ने निवासी परसिया गोसाईं, थाना ललिया के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह अपनी ससुराल कुकुरभुकवा जा रहा था। तभी देवपुरा के पास अज्ञात पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# अफवाहों से बढ़ी डीजल किल्लत


पेट्रोल लेने के लिए पंप पर जुटी लोगों की भीड़। • अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में बीते दिनों पेट्रोल-डीजल की किल्लत को लेकर बनी स्थिति अब धीरे-धीरे सामान्य होती नजर आ रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में ईंधन की कोई वास्तविक कमी नहीं है बल्कि अफवाहों और पैनिक बाइंग के कारण अस्थायी संकट उत्पन्न हुआ।

प्रशासन के अनुसार 12 और 14 अप्रैल को ऑयल डिपो बंद रहने के चलते पेट्रोल पंपों पर ईंधन की आपूर्ति बाधित हुई थी। इसके चलते 16 अप्रैल को जिले के 41 पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और 37 पंपों पर डीजल का स्टॉक समाप्त हो गया था। हालांकि सामान्य दिनों में जहां प्रतिदिन औसतन 92 हजार लीटर पेट्रोल और 1.41 लाख लीटर डीजल की बिक्री होती है, वहीं 15 अप्रैल को यह आंकड़ा अचानक बढ़कर 1.52 लाख लीटर पेट्रोल और 1.83 लाख लीटर डीजल तक पहुंच गया। इस असामान्य वृद्धि ने सप्लाई पर अतिरिक्त दबाव डाला। स्थिति को संभालने के लिए प्रशासन ने त्वरित कदम उठाते हुए विभिन्न तेल कंपनियों से समन्वय किया। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के डिपो से टैंकर मंगवाए गए हैं। गोंडा, लखनऊ और देवरिया के बैतालपुर डिपो से ईंधन की आपूर्ति लगातार जारी है जिससे हालात में तेजी से सुधार हो रहा है। प्रशासन ने बताया कि 16 अप्रैल की सुबह तक 10 आईओसीएल, 6 बीपीसीएल और 5 एचपीसीएल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध था जबकि अन्य पंपों पर भी लगातार आपूर्ति पहुंच रही है। ट्रैफिक प्रतिबंधों के कारण लखनऊ मार्ग से आने वाले टैंकरों को वैकल्पिक रास्तों के जरिए जिले तक लाया जा रहा है ताकि आपूर्ति बाधित न हो। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण न करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कृत्रिम मांग बढ़ाने से ही समस्या हुई है।


शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर खुशी जताते मेधावी। • अमृत विचार

## सीबीएसई 10वीं में शारदा पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**बलरामपुर, अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में शारदा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष परीक्षा में शामिल सभी 54 छात्र-छात्राएं सफल रहे, जिससे विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल है। विद्यालय की छात्रा अविका जायसवाल ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कुमार विराट ने 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अब्दुल रहीम ने 90.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया। मेधावी छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। सफल छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को सफलता का श्रेय दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की लगन, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों की मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा। शारदा पब्लिक स्कूल के इस शानदार परिणाम ने न केवल विद्यालय का गौरव बढ़ाया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# एसडीएम की टिप्पणी से वकील आक्रोशित

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन की गुरुवार को आयोजित बैठक में अधिवक्ताओं ने एसडीएम की कार्यशैली और कथित टिप्पणी पर कड़ा विरोध जताया और एसडीएम के स्थानांतरण तक क्रमिक अनशन का ऐलान किया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रामधर शुक्ला ने की। अधिवक्ताओं ने कहा कि एसडीएम नेहा मिश्रा द्वारा अधिवक्ताओं के प्रति की गई टिप्पणी और कार्य व्यवहार से अधिवक्ता समाज में आक्रोश है। महामंत्री पवन शुक्ला ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर डीएम से भी वार्ता की गई, जिसमें अधिवक्ताओं ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई। अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया कि जब तक संबंधित अधिकारी का स्थानांतरण नहीं किया जाता, तब तक क्रमिक अनशन जारी रखा जाएगा। बैठक के अंत में इस संबंध में प्रस्ताव पारित कर आगे की रणनीति पर भी चर्चा की गई।

# घर से लाखों के जेवर और नकदी चोरी

बालपुर, गोंडा



**अमृत विचार :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के सरदार पुरवा गांव में बीती रात एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। गांव निवासी महराजदीन पाण्डेय के घर चोरों ने धावा बोलते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

बताया जा रहा है कि घटना देर रात उस समय हुई, जब परिवार के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। इसी दौरान चोर घर के पीछे से छत पर चढ़कर अंदर घुस आए और अलमारी व बक्सों के ताले तोड़कर कीमती सामान समेट ले गए। घटना का खुलासा तब हुआ जब घर की सदस्य पुष्पा की नींद खुली। उन्होंने देखा कि घर के कई कमरों के दरवाजे खुले हैं और सामान बिखरा पड़ा है। यह नजारा देख उनके होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत परिवार व आसपास के लोगों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है। वहीं, ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि थाना गांव से दूर होने के कारण यहां नियमित पुलिस गश्त नहीं होती, जिससे आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही हैं। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

**प्रदर्शन** 25 अप्रैल तक सभी मनरेगा कर्मचारी सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे

# आठ माह से मानदेय न मिलने पर रोजगार सेवकों का फूटा गुस्सा

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले रोजगार सेवकों ने गुरुवार को पचपेड़वा ब्लॉक परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया और खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक संघ अध्यक्ष अतुल कुमार पांडे के नेतृत्व में कर्मचारियों ने कहा कि मनरेगा कर्मियों को पिछले आठ माह से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लागू करने, एचआर पॉलिसी लागू कर मानदेय बढ़ाने तथा बीते 20 वर्षों से कार्यरत मनरेगा कर्मियों के नियमितीकरण की मांग की गई। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि 16 अप्रैल से 25 अप्रैल तक मनरेगा कर्मी सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। साथ ही एक मई को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। कर्मचारियों ने मांग की कि हड़ताल अवधि में किसी भी कर्मचारी पर कार्य करने का दबाव न बनाया जाए।

इस दौरान संतोष सिंह, विश्राम गिरी, मोहनलाल यादव, बिंदु लाल, नूर आलम, अरविंद यादव, सुबोध कुमार, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद आरिफ, नंदकिशोर चौधरी सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।


खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते रोजगार सेवक। • अमृत विचार


बीडीओ को मांगों का ज्ञापन देते रोजगार सेवक व पंचायत सहायक। • अमृत विचार

## मानदेय न मिलने पर रोजगार सेवकों ने किया प्रदर्शन, हड़ताल का एलान

**गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचार :** कई महीनों से लंबित मानदेय को लेकर ग्राम रोजगार सेवकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) प्रांतीय वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और जोरदार नारेबाजी की। गुरुवार को विकासखंड बभनजोत में आयोजित प्रदर्शन के दौरान ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, लेखाकार-कंप्यूटर ऑपरेटर और एपीओ ने "दाम नहीं तो काम नहीं" का नारा देते हुए 16 से 25 अप्रैल तक कलमबंद हड़ताल पर जाने की घोषणा की। ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय मनरेगा कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू हेमंत राव ने कहा कि कई महीनों से मनरेगा कर्मियों का भुगतान लंबित है, जिससे उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। मजबूरी में उन्हें हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन, खंड विकास अधिकारी (सांख्यिकी) अनिल कुमार चौधरी एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल को सौंपा। इस मौके पर विकास कुमार गुप्ता, अवधेश कुमार चौधरी, राघवेंद्र कुमार, हरिप्रसाद वर्मा, इसरार अली, महेंद्र कुमार, अजय कुमार जायसवाल, रामधीरज जायसवाल, महादेव प्रसाद मौर्य, मोहम्मद नसीम, ऋषेंद्र मोहन श्रीवास्तव, दिलीप कुमार, गौरी शंकर सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुदामा चरित्र से मिलती है मित्रता की सीख

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार:** रामगढ़ के अतरौलिया में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस पर कथा प्रवाचक आचार्य रघुनाथ दास शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। प्रवाचक ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा को प्रेमपूर्वक गले लगाकर उनका उद्धार किया। उन्होंने कहा कि सुदामा भले ही भौतिक रूप से गरीब थे, लेकिन भगवान के स्नेह से वे संसार के सबसे धनवान बन गए। कार्यक्रम के अंत में नाम संकीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। आयोजक डॉ. सर्वेश शुक्ल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जयप्रकाश शास्त्री, अरुण शुक्ल, सुरेश तिवारी, गिरजेश शुक्ल, धर्मेंद्र शुक्ल, सुरेश तिवारी, संदीप द्विवेदी सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

## वृद्धाश्रम में मना जन्मदिन, बुजुर्गों संग बांटी खुशियां


वृद्धाश्रम में जन्मदिन पर बुजुर्गों को उपहार देते विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** समाज सेवा और मानवीय संवेदनाओं की मिसाल पेश करते हुए विश्व हिंदू महासंघर के पदाधिकारियों ने जिला मीडिया प्रभारी जयसिंह का जन्मदिन वृद्धाश्रम में मनाकर नई प्रेरणा दी। गौरा चौराहा स्थित आबर गांव के वृद्धाश्रम में आयोजित इस कार्यक्रम ने बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। जन्मदिन पर वृद्धाश्रम में रह रहे करीब 150 बुजुर्गों को फल वितरित किए गए। संगठन के कार्यकर्ताओं ने बुजुर्गों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष चौधरी विजय सिंह ने कहा कि संगठन आगे से सभी पदाधिकारियों के जन्मदिन वृद्धाश्रम, गौशालाओं और गरीब बस्तियों में मनाएगा। इसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक खुशियां पहुंचाना, सेवा भाव को बढ़ावा देना और सामाजिक समरसता को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आज जब लोग जन्मदिन होटलों और शोर-शराबे में मनाने लगे हैं, ऐसे समय में जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांटना समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश है। कार्यक्रम में राधेश्याम कौशल, जीवनलाल कसौधन, शिवकुमार वाल्मीकि, विजय प्रताप सोनी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जंगली जानवरों से बचाव के बताए जरूरी उपाय


ग्रामीणों को जंगली जानवरों से सुरक्षा की जानकारी देते अफसर।

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग ने गुरुवार को ग्राम पंचायत सेमरहवा में जागरूकता अभियान चलाया। वन क्षेत्राधिकारी योगेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों को जंगली जानवरों से बचाव के उपाय बताए और सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुहेलवा वन क्षेत्र से सटे गांवों में अक्सर जंगली जानवरों की आवाजाही रहती है। ग्रामीण अकेले या शाम के समय जंगल की ओर न जाएं। खेतों में कार्य करते समय समूह में रहें और बच्चों को अकेला न छोड़ें। यदि कोई जंगली जानवर दिखाई दे तो शोर मचाने के बजाय तुरंत वन विभाग को सूचना दें। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय सेमरहवा में बच्चों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों को जंगल की ओर खेलने न जाने, वन्यजीवों को न छेड़ने और आपात स्थिति में संपर्क करने के तरीके बताए गए। वन विभाग ने कहा कि जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान न देने और विभाग का सहयोग करने की अपील की गई। इस अवसर पर हरेंद्र सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## वीरपुर सेमरा में नई पुलिस चौकी शुरू


फीता काटकर नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि व अन्य।

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी वीरपुर सेमरा का गुरुवार को उद्घाटन संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि योगी मिथिलेश नाथ ने शिलापट्ट का अनावरण व फीता काटकर चौकी का लोकार्पण किया। इस अवसर पर एसपी विकास कुमार ने कहा कि नई चौकी बनने से क्षेत्र की कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। ग्रामीणों को छोटी शिकायतों व एफआईआर दर्ज कराने के लिए दूर थाने नहीं जाना पड़ेगा, जिससे त्वरित कार्रवाई और अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। कार्यक्रम का एएसपी संचालन विशाल कुमार पांडे एवं सीओ डॉ. जितेंद्र कुमार के निर्देशन में हुआ। क्षेत्रवासियों ने इसे जनहित में बड़ा कदम बताते हुए स्वागत किया। समारोह में पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, गैंसड़ी विधायक राकेश यादव, ब्लॉक प्रमुख मनोज कुमार तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## पचपेड़वा में नामित सभासदों ने ली शपथ

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत पचपेड़वा में शासन द्वारा नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को संपन्न हुआ। एसडीएम तुलसीपुर राकेश जयंत ने नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नगर पंचायत पचपेड़वा में जीवन प्रकाश मिश्रा, आशुतोष चौधरी और रामविलास विश्वकर्मा ने शपथ ली। समारोह पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह की उपस्थिति में आयोजित हुआ। शपथ के बाद सभासदों ने पद की गरिमा बनाए रखते हुए क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अवनीश कुमार, नगर पंचायत के निर्वाचित सभासद, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। नामित सभासदों के मनोनयन से नगर क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## छात्राओं को रोजगार अवसरों की दी गई जानकारी

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग में गुरुवार को काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से करियर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. जे.पी. पांडे के निर्देशन में संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य छात्राओं को गृह विज्ञान विषय से जुड़े विभिन्न रोजगार अवसरों की जानकारी देना था। वक्ताओं ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में छात्राओं को अपने करियर के प्रति जागरूक रहना बेहद जरूरी है। विभागाध्यक्ष डॉ. शकुंतला सिंह ने विषय से जुड़े रोजगार अवसरों और प्रतियोगी परीक्षाओं पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. अनुज सिंह ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर मार्गदर्शन दिया। वहीं डॉ. ऋषि रंजन पांडे और डॉ. विनीत कुमार ने विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में मणिका मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। सुधा कसौधन एवं सौम्या तिवारी ने भी छात्राओं से अपने अनुभव साझा किए।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय**
**उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या**
**(कैम्प कार्यालय–सुलतानपुर)**

एन0आई0टी0 सं0:– 147/सा0/02/03 दिनांक: 15/04/2026

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) की ओर से ''भारतीय मन्दिर वास्तुकला संग्रहालय की स्थापना हेतु प्रस्तावित भूमि के मध्य नाले के डायवर्जन हेतु एलाईमेन्ट संख्या–1 व 2 ग्राम–मांझा जमथरा, तहसील–सदर, अयोध्या पर कच्चे नाले के निर्माण कार्य'' हेतु ई–निविदा आमंत्रित किया गया है। इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण उ0प्र0 सरकार की ई–प्रक्योरमेन्ट वेवसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 16.04.2026 से 27.04.2026 को 05:00 बजे अपरान्ह तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 28.04.2026 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या में 02:00 अपरान्ह में खोली जाएगी। निविदा की लागत निविदा सूचना में अंकित है।

**अधीक्षण अभियन्ता**

**न्यूज ब्रीफ**

### आज आयोजित होगा वृहद रोजगार मेला

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भिनगा के राजा बीरेंद्र कांत सिंह महाविद्यालय में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत वृहद रोगजार मेले का आयोजन होगा। इसमें 25 से अधिक कंपनियां साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकरी सचिन चौधरी ने दी।

### चाकू रखने के दो दोषियों पर जुर्माना

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** मल्हीपुर पुलिस ने छह वर्ष पूर्व बहराइच के थाना नवाबगंज के किशुनगांव निवासी उबैदुर्रहमान उर्फ बिकाऊ व सिराजुद्दीन को चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सीजेएम विनीत कुमार यादव ने दोषियों को न्यायालय उठने तक की कैद व प्रतीक को 500 रुपए के जुर्माने से दंडित किया।

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**बदला चौराहा (श्रावस्ती), अमृत विचार :** हरदत्तनगर गिरण्ट के प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय वाहन जांच के दौरान बहराइच मल्हीपुर मुख्य मार्ग के पास से एक शातिर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर इटवारिया के मजरा बनघुसरा निवासी लाल मथन उर्फ मिथुन पुत्र मदन लाल के रूप में हुई है। जिसके कब्जे से पुलिस ने एक देशी तमंचा 12 बोर व एक कारतूस बरामद किया।

### अतिक्रमण हटवाया

**सिरसिया (श्रावस्ती) :** जिले के विभिन्न स्थानों पर बुधवार शाम को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने सड़क की पटरी पर कब्जा जमाए दुकानदारों को पटरी खाली करने का निर्देश दिया। साथ ही सड़क किनारे लगे ठेले, रेहड़ी, दुकानों व खड़े वाहनों को हटवाया गया। सिरसिया थाना प्रभारी शैलकांत उपाध्याय ने बताया कि यातयात को सुगम बनाने के लिए सड़क की पटरियों से अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। अतिक्रमण दूर होने से दुर्घटनाओं की संभावना भी कम हो जाती है।

# संजय सेतु दो माह के लिए बंद प्लाटून पुल से आवागमन शुरू

## देवीपाटन मंडल की लाइफलाइन के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू

**संवाददाता, जरवलरोड, बहराइच**

**अमृत विचार।** देवीपाटन मंडल की लाइफलाइन माने जाने वाले संजय सेतु को गुरुवार दोपहर 12 बजे से आगामी दो माह के लिए सभी प्रकार के वाहनों के लिए पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर इसका जीर्णोद्धार कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है।


संजय सेतु की मरम्मत को लेकर खोदाई करती जेसीबी। अमृत विचार

पुल बंदी के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान पुलिस क्षेत्र अधिकारी कैसरगंज डीके श्रीवास्तव थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह चौकी प्रभारी घाघरा घाट दिनेश कुशवाहा नायब तहसीलदार सुरेंद्र वर्मा, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के रेजिडेंट इंजीनियर अनंत राम मौर्य, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अजीत कुमार, अवर अभियंता एस.के. राव, राजेश कुमार, आलोक यादव, ट्रैफिक पुलिस क्षेत्राधिकारी राज सिंह, पीटीओ अवध राज गुप्ता, सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा पुल के दोनों ओर बैरिकेडिंग कर वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। हालांकि आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संजय सेतु के बगल उत्तरी छोर पर बनाए गए प्लाटून पुल से आवागमन शुरू कर दिया गया है। इस वैकल्पिक मार्ग से वर्तमान में स्कूली वाहन, एंबुलेंस व अन्य आपातकालीन सेवाओं वाले वाहनों के अलावा दोपहिया और छोटे चार पहिया यात्री वाहनों को रास्ता दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने लोगों से अपील की है कि धैर्य बनाए रखें और केवल निर्धारित वैकल्पिक मार्ग का ही उपयोग करें।

शुक्रवार सुबह से पुल के ऊपरी हिस्सों पर भारी मशीनरी के साथ बड़े पैमाने पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जाएगा।


संजय सेतु बंद किए जाने के बाद प्लाटून पुल से आवागमन करते वाहन चालक। अमृत विचार

### संजय सेतु बंद होने से बदली यातायात व्यवस्था, चहलारी घाट बना नई लाइफलाइन

**जरवलरोड, बहराइच।** संजय सेतु के मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य के कारण यातायात पूरी तरह बंद कर दिया गया है, जिसने जिले की आवाजाही के समीकरणों को पूरी तरह बदल कर रख दिया है। इस बड़े बदलाव के बीच लखनऊ–महमूदाबाद–चहलारी घाट–बहराइच मार्ग एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में उभरकर सामने आया है, जो वर्तमान में जिले की नई ट्रैफिक लाइफलाइन बन चुका है। संजय सेतु के बंद होने से यातायात का भारी दबाव अब चहलारी घाट मार्ग पर शिफ्ट हो गया है, जिससे इस रूट पर वाहनों की संख्या में अचानक काफी इजाफा देखने को मिल रहा है। हालांकि इस बदलाव ने यात्रियों को किराए के मामले में एक बड़ी और सुखद राहत भी दी है। चहलारी घाट मार्ग पर कोई टोल टैक्स न होने के कारण यात्रियों के किराए में लगभग 8 तक की कमी आई है, जो स्थानीय लोगों और दैनिक यात्रियों के लिए एक बड़ा आर्थिक लाभ साबित हो रहा है। इसके साथ ही छोटे वाहनों के लिए पीपा पुल को भी एक सीमित विकल्प के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है ताकि मुख्य मार्गों पर भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। फिलहाल सोशल मीडिया और स्थानीय चर्चाओं में चहलारी घाट को राहत का मार्ग माना जा रहा है क्योंकि इसकी उपलब्धता की वजह से यातायात पूरी तरह ठप नहीं हुआ है।

## अज्ञात वाहन ने मासूम को रौंदा

**पयागपुर बहराइच (अमृत विचार)।** थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा में गुरुवार शाम एक भीषण सड़क हादसे ने हर किसी का दिल दहला दिया। घर के बाहर खेल रहा एक तीन वर्षीय मासूम अचानक सड़क पर आ गया, जिसे एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया। हादसे में बनकटा निवासी प्रमोद (पुत्र दूंजई) का तीन वर्षीय बेटा विशाल की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### घरेलू विवाद में पति ने लगाई फांसी, दो बच्चे हुए अनाथ

**खैरीघाट।** थाना खैरीघाट अंतर्गत पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान राम अचल पुत्र भल्लर निवासी ग्राम पारा बकैना उम्र लगभग 35 वर्ष के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पति – पत्नी में कहा सुनी हुई थी और उसके बाद पत्नी अपने मायके चली गई थी जिस कारण उसने घर में अपने बडेर से साड़ी का फंदा लगाकर लटक गया। सुबह इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मृतक अपने पीछे दो बच्चे छोड़ गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

## बच्चों को दी जाए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा : डीएम

**बहराइच, अमृत विचार।** महिला महाविद्यालय बहराइच के सभाकक्ष में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में महाविद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने प्राचार्य व शिक्षण स्टाफ से अपेक्षा की है कि महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। उन्हें अन्य सामाजिक, कल्चरल व स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भी बढ़ावा दें। बैठक के दौरान प्रस्तावित एजेण्डा पर विचार-विमर्श करते हुए डीएम ने सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, नगर मजिस्ट्रेट राजेष प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद, महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव श्यामकरन टेकड़ीवाल, प्राचार्या प्रो. डॉ. प्रिया मुखर्जी, अशोक कुमार मातनहेलिया, संतोष कुमार अग्रवाल, अजय कुमार अग्रवाल, जगराम मौर्या व दिनेष पाल रावत सहित अन्य मौजूद रहे।


जिला स्तरीय स्थाई समिति की बैठक करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी। अमृत विचार

### बहराइच में पत्रकार उत्पीड़न का कोई मामला नहीं : संतोष

**बहराइच, अमृत विचार।** जिला प्रशासन एवं मीडिया के मध्य सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद के मान्यता प्राप्त पत्रकारों की जिला स्तरीय स्थाई समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, पत्रकार संजय मिश्रा, कुंवर दिवाकर सिंह, जय चन्द्र सोनी, हनुमान प्रसाद गुप्ता व विशेष आमंत्रित सदस्य अजय शर्मा तथा संयोजक सदस्य जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी मौजूद रहे। बैठक का संचालन करते हुए जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि पत्रकार उत्पीड़न से सम्बन्धित कोई भी प्रकरण प्राप्त नहीं हुआ है। इस स्थिति पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। बैठक के दौरान पत्रकार सदस्यों द्वारा पत्र सौंपा गया। जिसके सम्बन्ध में डीएम व एसपी ने कहा कि मीडिया हित को दृष्टिगत रखते हुए नियमानुसार कार्यवाही होगी।

### नीलगाय की टक्कर से पिता की मौत, बेटा घायल

**खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार।** जिले में खैरीघाट थाना अंतर्गत ग्राम दलजीतपुरवा निवासी हनीफ (48) की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसका बेटा आरिफ (18) गंभीर रूप से घायल हो गया। हनीफ अपने बेटे आरिफ को लेने गए थे, जो मुंबई से घर आया था। दोनों बाइक से नानपारा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान शिवपुर और नानपारा के बीच अचानक सामने आई नीलगाय से उनकी बाइक टकरा गई। हादसा इतना तेज था कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान हनीफ की मौत हो गई। वहीं आरिफ का इलाज जारी है।

## महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**माल्ही चौराहा (श्रावस्ती), अमृत विचार:** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत बुधवार को महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक लाल साहब सिंह ने लोगों को बाल विवाह के प्रति जागरूक किया। कहा कि बाल विवाह करना कानूनन अपराध है। यदि कोई बाल विवाह करता है या उसमें शामिल होता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिलती है तो तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1098, 1090, 112 व 181 पर सूचना दें, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा मल्हीपुर क्षेत्र स्थित भारत-नेपाल सीमा पर बुधवार को पुलिस व एसएसबी जवानों ने संयुक्त रूप से गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नियमित गश्त कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।


महिलाओं को जागरूक करती पुलिस। अमृत विचार

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**बदला चौराहा (श्रावस्ती), अमृत विचार:** मल्हीपुर क्षेत्र के ग्राम शिवगढ़कलां में बुधवार को एक युवक करंट की चपेट में आ गया। परिवार के लोग जब तक उन्हें अस्पताल पहुंचाते उनकी मौत हो गई। ग्राम शिवगढ़कलां निवासी संजय कुमार वर्मा (30) गुरुवार को अपना कपड़ा प्रेस कर रहे थे। प्रेस का तार कटा होने से वह करंट की चपेट में आ गए। परिजन उन्हें भंगहा सीएचसी लेकर जा रहे थे, रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

## बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- हादसे में घायल युवक को अस्पताल में कराया गया भर्ती

**गिलौला (श्रावस्ती), अमृत विचार:** गिलौला क्षेत्र के ग्राम परेवपुर के निकट बुधवार रात एक बाइक सामने से आ रही बस से टकरा गई। इससे बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज बहराइच मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

बहराइच जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरहिया निवासी अखिलेश कश्यप (21) व संदीप कुमार (20) बाइक से वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम अशोकाडीह आए थे। वहां से रात में वापस लौटते समय बौद्ध परिपथ पर ग्राम परेवपुर के निकट वह सामने जा रहे ट्रक को ओवरटेक करने लगे। इसी बीच सामने से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस से बाइक की टक्कर हो गई। गिलौला पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से गिलौला सीएचसी पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने अखिलेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं, संदीप की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता उमेश चंद्र ने बताया कि अखिलेश का 21 अप्रैल को विवाह होना था। घटना से विवाह की खुशियां मातम में तब्दील हो गईं। थानाध्यक्ष गिलौला आशीष कुमार ने बताया कि दुर्घटना करने वाली बस को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया गया है।

### गोंडा-बहराइच मार्ग पर हादसे में अधेड़ की मौत

**पयागपुर बहराइच, अमृत विचार।** गोंडा–बहराइच मार्ग पर खुटेहना के पास बुधवार को तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे घायल व्यक्ति को सीएचसी पयागपुर में मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान राम निवास (48) पुत्र सुर लाल, निवासी मौहारी बनकटा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की तैयारी शुरू कर दी है

## संदिग्ध हालात में युवक का शव फंदे से लटकता मिला

**पयागपुर, बहराइच**

**अमृत विचार।** थाना पयागपुर क्षेत्र के परसिया आलम गांव में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव पेड़ से फंदे के सहारे लटकता हुआ पाया गया। मृतक की पहचान शिवम वर्मा (19) पुत्र मनोज कुमार वर्मा के रूप में हुई है प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिवम वर्मा का शव घर से कुछ दूरी पर स्थित एक पेड़ से लटका हुआ ग्रामीणों ने देखा। देखते ही देखते यह खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और युवक की पहचान की। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिस पर थाना पयागपुर के प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया फिलहाल युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## जोन विजेता पुलिस खो-खो टीम हुई सम्मानित

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** पुलिस लाइन सभागार में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में गोरखपुर जोन में विजेता रही पुलिस की खो-खो टीम को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश वार्षिक खेलकूद कैलेंडर वर्ष-2026 के तहत गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय कबड्डी/खो-खो कलस्टर प्रतियोगिता में श्रावस्ती पुलिस की खो-खो पुरुष टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। विजेता टीम को एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने शील्ड व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। एएसपी ने बताया कि प्रतियोगिता में श्रावस्ती पुलिस टीम के कोच मुख्य आरक्षी रविंद्र यादव के निर्देशन में टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। टीम के खिलाड़ियों में मुख्य आरक्षी तुलसी प्रसाद, भगवती प्रसाद, आरक्षी अचल कुमार, जगदीश राणा, गोविंद सिंह राणा, अनुराग राणा, अजय कुमार राणा, सूरजबली व कमल किशोर राजवंशी शामिल रहे। इस मौके पर सीओ नगर भरत पासवान, सीओ कार्यालय सतीश कुमार शर्मा, आलोक कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।


खो–खो टीम को सम्मानित करते एडीएम साथ में एएसपी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

## माता कौशल्या के कहने पर बाल रूप में आ गए भगवान

**बदला चौराहा (श्रावस्ती), अमृत विचार:** जमुनहा क्षेत्र के बभनपुरवा में गोविंद दास कुटी पर श्रीराम कथा व ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार शाम बलरामपुर से आए प्रवाचक अशोक महराज ने श्रीराम जन्म के प्रसंग की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान श्री हरि ने पहले माता कौशल्या को अपने मूल रूप में दर्शन दिए। इसके बाद माता के कहने पर उन्होंने नवजात बच्चे का स्वरूप धारण कर लिया और अपनी बाल लीलाओं से सभी को आनंदित करने लगे। संगीतमयी कथा का श्रवण कर लोग झूम उठे। कथा के दौरान लोगों के बैठने व पेयजय के साथ ही प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई।


श्री राम कथा सुनाते अशोक महराज।

**जनगणना–2027** तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ, प्रथम दिवस पर अधिकारियों ने दी अहम जानकारी

## जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया

**संवाददाता, कैसरगंज (बहराइच)**

**अमृत विचार।** जनगणना 2027 के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को एपेक्स इंटरनेशनल स्कूल कैसरगंज में हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम दिन प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना की प्रक्रिया, तकनीकी प्रबंधन और डेटा गुणवत्ता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसमें एक-एक जानकारी की शुद्धता अत्यंत आवश्यक है। आप सभी की जिम्मेदारी है कि हर घर तक पहुंचकर सही और सटीक डेटा संकलित करें, जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंच सके।तहसीलदार मीना गोड़ ने कहा कि "प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही हर जानकारी को गंभीरता से समझें और फील्ड में उसका सही क्रियान्वयन करें। जनगणना की सफलता आप सभी की मेहनत और ईमानदारी पर निर्भर करती है।वहीं नायब तहसीलदार सचिन श्रीवास्तव ने तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "एचएलओ ऐप का सही उपयोग, डेटा का सुरक्षित संग्रहण और समय पर सिंक्रोनाइजेशन अत्यंत जरूरी है। छोटी-छोटी गलतियां भी बड़े स्तर पर प्रभाव डाल सकती हैं, इसलिए सतर्कता बरतें।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को दस्तावेज सत्यापन, एचएलओ ऐप सेटअप एवं सुरक्षा, एचएलपी सत्यापन, भवन क्रमांकन एवं चिन्हांकन, एचएलओ ऐप पर डेटा संग्रह, स्वः गणना सत्यापन, सिंक्रोनाइजेशन, परिवार से संपर्क, मकान में प्रवेश की प्रक्रिया तथा डेटा गुणवत्ता बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।


एपेक्स इन्टरनेशनल स्कूल कैसरगंज मे जनगणना का प्रशिक्षण लेते प्रशिक्षणार्थी।

### डॉ.भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी का आयोजन

**बलहा, बहराइच।** विकास खंड बलहा के सभागार में 283 नानपारा विधान सभा स्तरीय संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा रहे। पूर्व मंत्री ने अभिनव कुरिया शिक्षक, ननकऊ प्रसाद सोनकर पूर्व प्रधान, अवधेश प्रसाद प्रधान प्रतिनिधि, दिनेश सोनकर प्रधान प्रतिनिधि, रामधीरज प्रधान को माला एवं अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर महराजदीन वर्मा मंडल अध्यक्ष रूपईडीहा, अरविंद चौधरी मंडल अध्यक्ष रजवापुर, सालिकराम लोधी मंडल अध्यक्ष रामपुर धोबीयहार, रेखा पाण्डेय नानपारा नगर मंडल अध्यक्ष, राकेश पाण्डेय मंडल अध्यक्ष शिवपुर सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## संस्था व पुलिस ने रुकवाया बाल विवाह

**बहराइच, अमृत विचार।** अक्षय तृतीया पर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के अभियान के तहत प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बुधवार को देहात टीम और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर मरी माता मंदिर परिसर में होने जा रहे बाल विवाह को रोकवा दिया। टीम ने मौके से एक नाबालिग जोड़े को अपने संरक्षण में लेकर जिला बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया। बता दें कि अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाहों के मद्देनजर देहात टीम मरी माता मंदिर पर लगातार निगरानी कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान टीम को एक जोड़े पर शक हुआ। जब उनके आयु संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई तो नाबालिग पाए गए। टीम ने तुरंत पुलिस के सहयोग से विवाह की रस्मों को रुकवा दिया।

मौके पर मौजूद दूल्हा और दुल्हन पक्ष के परिजनों को बताया गया कि नाबालिगों की शादी करना एक गंभीर कानूनी अपराध है, जिसके लिए जेल और जुर्माने का प्रावधान है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बच्चों को जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष ने घटना को संज्ञान में लेते हुए कड़ी नाराजगी जताई और तत्काल आवश्यक कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिए। समिति के निर्देश के बाद पुलिस अब मामले की जांच कर रही है और संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी में है। फिलहाल बच्चों को उचित संरक्षण में भेज दिया गया है।


मंदिर में बाल विवाह के दौरान मौजूद दूल्हा–दुल्हन। अमृत विचार



घमंड से सब कुछ बर्बाद हो जाता है। घमंड से बचें और सेवा करें। तभी जीवन में सुख-शांति आ सकती है।
-गुरु नानक देव

# दूरगामी विधायी पहल

संसद में पेश किए जा रहे तीन अहम विधेयक— विशेषकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम, परिसीमन से जुड़े प्रावधान और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रतिनिधित्व संशोधन, सिर्फ विधायी पहल नहीं, बल्कि आने वाले दशक की भारतीय राजनीति की दिशा तय करने वाले अत्यंत निर्णायक कदम हैं। इनकी महत्ता जितनी व्यापक है, विवाद भी उतना ही गहरा है। इसके लिए राज्यों में चुनावों के बीच अचानक बुलाए विशेष सत्र की 'हड़बड़ी' पर विपक्ष सवाल उठाते हुए इसे असामान्य और चुनावी नैरेटिव सेट करने की रणनीति के रूप में देख रहा है। महिला आरक्षण जैसे लोकप्रिय और नैतिक रूप से अजेय मुद्दे को केंद्र में रखकर सत्ता पक्ष द्वारा राजनीतिक बढ़त लेना कहीं से अनुचित नहीं, ऐसे में विपक्ष द्वारा इसे 'टाइमिंग की राजनीति' कहकर सवाल उठाना बहुत तार्किक नहीं लगता।

महिला आरक्षण विधेयक का मूल प्रस्ताव, लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसद सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करना, सैद्धांतिक रूप से सर्वसम्मति का विषय है, पर इसके लागू होने को ताजा जनगणना और परिसीमन से जोड़ देना इसे विवादास्पद बनाता है। विपक्ष का आरोप है कि यह शर्त आरक्षण को अनिश्चितकाल तक टालने का माध्यम बन सकती है। प्रस्ताव में ताजा जनगणना का आशय 2011 की जनगणना से लिया जा रहा है, इसे आधार बना कर महिला आरक्षण को लागू करना तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि पिछले 15 वर्षों में जनसंख्या, शहरीकरण और सामाजिक संरचना में भारी बदलाव आया है। बेहतर विकल्प यही प्रतीत होता है कि 2027 के आसपास नई जनगणना के बाद परिसीमन हो जाने के बाद इस आरक्षण को लागू किया जाए, लेकिन इससे सरकार के लिए तत्काल राजनीतिक लाभ की संभावना समाप्त हो जाती है। महिला आरक्षण को बिना परिसीमन समाप्त हुए अगले चुनाव से भी लागू किया जा सकता है, सही है कि इससे सीटों के रोटेशन और प्रतिनिधित्व में असमानता के प्रश्न खड़े होंगे फिर भी, इसे अंतरिम व्यवस्था के रूप में तो अपनाया ही जा सकता है, जिसकी उम्मीद नहीं है। आरक्षण के बाद संसद में महिलाओं की संख्या 283 तक पहुंचने से भारतीय लोकतंत्र में ऐतिहासिक बदलाव होगा। नीति-निर्माण में लैंगिक दृष्टिकोण मजबूत होगा, विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में, लेकिन केवल सीटें बढ़ाने से महिलाओं की समस्याएं हल नहीं होंगी। राजनीतिक सशक्तीकरण के साथ सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण भी जरूरी है। पंचायत स्तर पर आरक्षण के अनुभव बताते हैं कि वास्तविक प्रभाव तब आता है, जब महिलाओं को निर्णय लेने की स्वतंत्रता और संसाधन मिलते हैं।

फिलहाल इस विधेयक को पारित कराने के लिए सरकार को व्यापक समर्थन जुटाना होगा। संविधान संशोधन के लिए दो-तिहाई बहुमत जरूरी है। महिला आरक्षण के नैतिक दबाव के कारण विपक्ष के लिए खुला विरोध करना कठिन है, इसलिए इस विधेयक का पारित होना संभव दिखता है, भले ही उसके क्रियान्वयन की समय सीमा पर अस्पष्टता बनी रहे। महिला आरक्षण भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक अवश्य है, परंतु इसे परिसीमन और जनगणना से जोड़ना इसकी समय सीमा को अनिश्चित बना देगा और यह पहल त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन तक शीघ्र नहीं पहुंच सकेगी।

## प्रसंगवश

# समाजवाद के पहरुआ थे युवा तुर्क चंद्रशेखर

समाजवाद के प्रखर अनुयायी चंद्रशेखर का स्पष्ट मानना था कि गैर-बराबरी को खत्म किए बिना समतामूलक समाज का निर्माण संभव नहीं है। इसके लिए उन्होंने पूंजीवादी व्यवस्था को खत्म कर समाजवादी व्यवस्था की स्थापना पर बल दिया। वे डॉ. लोहिया के इस विचार से पूरी तरह सहमत थे कि पूंजीवाद कम्युनिज्म की तरह ही जुआ, अपव्यय और बुराई है और दो तिहाई विश्व में पूंजीवाद पूंजी का निर्माण नहीं कर सकता। वह केवल खरीद-फरोख्त ही कर सकता है, जो हमारी स्थितियों में महज मुनाफाखोरी और कालाबाजारी है। सच कहें तो चंद्रशेखर राष्ट्रवादी होने के साथ-साथ मानवतावादी भी थे।

उनकी अवधारणा एक ऐसे समाजवादी समाज के निर्माण की थी, जहां भय, भूख और भ्रष्टाचार न हो। चतुर्दिक सुख और समृद्धि का प्रसार हो। सैकड़ों साल बाद भारतीय समाज का स्वरूप, चरित्र



अरविंद जयतिलक
लेखक

एवं चिंतन की व्याख्या का दायरा और उसके मूल्यों को मापने व परखने का मापदंड क्या होगा, इसकी भविष्यवाणी आज संभव नहीं है, लेकिन जब भी असमानता और अन्याय पर आधारित समाज के खिलाफ तनकर खड़े होने वाले शिल्पकारों का इतिहासपरक मूल्यांकन होगा, उस परिधि में समाजवाद के महानायक चंद्रशेखर सहज रूप से याद आएंगे। चंद्रशेखर का जन्म 1927 में पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के इब्राहिमपट्टी के एक किसान परिवार में हुआ। उनकी स्कूली शिक्षा भीमपूरा के रामकरन इंटर कालेज में हुई। उन्होंने स्नातकोत्तर की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूरी की।

युवा तुर्क कहे जाने वाले चंद्रशेखर विद्यार्थी राजनीति जीवन के समय ही एक फायरब्रांड नेता के रूप में स्थापित हो चुके थे। वे कॉलेज के दिनों से ही सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों में हिस्सा लेते थे और आगे बढ़कर उसकी अगुवाई करते थे। प्रारंभ से ही उनका रूझान समाजवाद की ओर था। नतीजतन वे शीध्र ही छात्र जीवन के बरअक्स समाजवादी राजनीति की धुरी बन गए।

1951 में वे सोशलिस्ट पार्टी के वर्कर बन गए, लेकिन जब सोशलिस्ट पार्टी में फूट पड़ी तो वे कांग्रेस में चले गए। वे 1962 से 1977 तक राज्यसभा के सदस्य रहे। 1984 में भारत की पदयात्रा कर भारत की चिरंतन संस्कृति और सभ्यता को समझने की कोशिश की। उनकी इस पदयात्रा ने देश के तमाम शीर्षस्थ नेताओं के मन में हलचल पैदा कर दी।

इमर्जेंसी के बाद जब 1977 में जनता पार्टी की सरकार बनी, तो सभी दिग्गज नेताओं ने मंत्रिपद स्वीकारा, लेकिन चंद्रशेखर ने मंत्री पद नहीं लिया। उन्होंने जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद लेना स्वीकार किया। उनका मकसद जनसेवा के जरिए समाज में समाजवादी चेतना का विकास करना था। वे पहली बार 1977 में बलिया जिले से लोकसभा के सदस्य चुने गए। वर्ष 1990 में उन्हें प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला, जब उनकी ही पार्टी के विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भाजपा के समर्थन वापस लेने के उपरांत अल्पमत में आ गई। चंद्रशेखर के नेतृत्व में जनता दल में दो फाड़ हो गया। 64 सांसदों का धड़ा अलग हुआ। राजीव गांधी ने चंद्रशेखर को प्रधानमंत्री बनने का प्रस्ताव दिया। कांग्रेस ने सात महीने बाद ही उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया। कहा जाता है कि उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए कभी भी सरकारी घर 7 रेसकोर्स रोड पर नहीं रहे। वे या तो तीन साउथ रेवेन्यू वाले घर में रहते या भोड़सी के भारत यात्रा आश्रम में। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नीतीश के भरोसे की विरासत संभाल पाएंगे 'सम्राट'!





योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

बिहार की राजनीति में सत्ता का शिखर छूना जितना कठिन है, उससे कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है, उस शिखर पर टिके रहकर अपनी सर्वमान्यता सिद्ध करना। सम्राट चौधरी का बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में उदय राज्य के सियासी इतिहास में एक नए युग का सूत्रपात माना जा रहा है। यह केवल एक व्यक्ति का मुख्यमंत्री बनना नहीं है, बल्कि भारतीय जनता पार्टी का बिहार में उस 'बड़े भाई' की भूमिका को आधिकारिक रूप से स्वीकार करना है, जिसका इंतजार पार्टी कार्यकर्ता दशकों से कर रहे थे। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद पैदा हुए राजनीतिक शून्य को भरने की जिम्मेदारी अब सम्राट चौधरी के कंधों पर है, लेकिन सवाल यह है कि क्या वह नीतीश कुमार की उस लंबी और गहरी छाया से बाहर निकल पाएंगे, जिसने पिछले दो दशकों से बिहार की राजनीति को परिभाषित किया है? यही वह कसौटी है, जिस पर अब सम्राट चौधरी को परखा जाएगा।

सम्राट चौधरी का राजनीतिक उदय कोई आकस्मिक घटना नहीं है। यह उनके पिता शकुनि चौधरी की विरासत और उनके स्वयं के आक्रामक संघर्ष, दशकों की राजनीतिक यात्रा, रणनीतिक धैर्य और समयानुकूल निर्णयों का परिणाम है। 16 नवंबर 1968 को मुंगेर के लखनपुर में जन्मे सम्राट ने बहुत कम उम्र में ही सत्ता का स्वाद चख लिया था। 1999 में राबड़ी देवी सरकार में सबसे कम उम्र के मंत्री बनने से लेकर आज मुख्यमंत्री की कुर्सी तक का सफर वैचारिक बदलावों और रणनीतिक फैसलों से भरा रहा है।

राजद और जदयू जैसी क्षेत्रीय शक्तियों के साथ काम करने के बाद 2017 में भाजपा का दामन थामना उनके करियर का सबसे निर्णायक मोड़ साबित हुआ। भाजपा ने उनमें एक ऐसे पिछड़ा नेतृत्व (ओबीसी) को देखा, जो न केवल संगठन में जान फूंक सकता था, बल्कि राजद के 'माई' (एमवाई) समीकरण के सामने एनडीए के 'लव-कुश' समीकरण को मजबूती दे सकता था। विशेषकर कुशवाहा समुदाय से आने के कारण सम्राट चौधरी भाजपा के लिए सामाजिक संतुलन का सबसे सटीक मोहरा साबित हुए। भाजपा ने उन्हें न केवल स्वीकार किया, बल्कि प्रदेश अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद देकर उनकी नेतृत्व क्षमता पर भरोसा भी जताया। यही भरोसा आज उन्हें मुख्यमंत्री पद तक ले आया है।

नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद पैदा हुए राजनीतिक शून्य को भरने की जिम्मेदारी अब सम्राट चौधरी के कंधों पर है। सवाल यह है कि क्या वह नीतीश कुमार की उस लंबी और गहरी छाया से बाहर निकल पाएंगे?

मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी की नियुक्ति के साथ ही बिहार की राजनीति में एक दुर्लभ संयोग भी जुड़ा है। जननायक कर्पूरी ठाकुर के बाद वह दूसरे ऐसे नेता बने हैं, जिन्होंने पहले उपमुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाली और बाद में मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचे। यह उपलब्धि उनके कद को तो बढ़ाती है, लेकिन इसके साथ आने वाली अपेक्षाएं उनके लिए हिमालयी चुनौतियों जैसी हैं। नीतीश कुमार केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि वह बिहार के लिए एक 'इंस्टीट्यूशन' बन चुके थे। उनके 20 वर्षों के शासनकाल ने राज्य में सुशासन की एक ऐसी परिभाषा गढ़ी, जिसमें महिला सुरक्षा, सड़कें, बिजली और शराबबंदी जैसे मुद्दे हर घर से जुड़े थे। सम्राट चौधरी के लिए सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि वे स्वयं को नीतीश कुमार के विकल्प के रूप में पेश करते हैं या एक ऐसी नई पहचान गढ़ते हैं, जो नीतीश के 'विकास' और भाजपा की 'वैचारिक प्रखरता' का संगम हो।

अधिकांश राजनीतिक विश्लेषक इस बात पर एकमत हैं कि नीतीश कुमार जैसा सर्वमान्य नेता बनना सम्राट चौधरी के लिए रातों-रात संभव नहीं होगा। नीतीश कुमार की स्वीकार्यता समाज के हर वर्ग, चाहे वह महादलित हो, अति पिछड़ा हो या आधी आबादी (महिलाएं) हो, में गहराई तक थी। सम्राट चौधरी के पास फिलहाल एक मजबूत सांगठनिक ढांचा और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आशीर्वाद है, लेकिन उन्हें अपनी 'आक्रामक छवि' को अब 'प्रशासकीय संयम' में बदलना होगा। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के बाद अब उनके हर फैसले की तुलना नीतीश कुमार के मानकों से की जाएगी। क्या वह उसी सहजता से महादलितों और अति पिछड़ों के हितों की रक्षा कर पाएंगे? क्या वह शराबबंदी जैसी पेचीदा नीतियों को लेकर जनता के बीच अपना स्पष्ट नजरिया रख पाएंगे? ये कुछ ऐसे सवाल हैं, जिनका उत्तर उनके कार्यकाल के शुरुआती सौ दिन ही तय करेंगे।

चुनौतियां केवल बाहर ही नहीं, गठबंधन के भीतर भी हैं। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद जदयू के भविष्य और निशांत कुमार के सक्रिय राजनीति में प्रवेश ने नई चर्चाओं को जन्म दिया है। जदयू के भीतर इस बदलाव को लेकर एक दबी हुई छटपटाहट है। सम्राट चौधरी को यह सुनिश्चित करना होगा कि गठबंधन के सहयोगी दल खुद को उपेक्षित महसूस न करें। साथ ही, उन्हें भाजपा के भीतर भी उन वरिष्ठ नेताओं को विश्वास में लेना होगा, जो मुख्यमंत्री पद की दौड़ में पीछे रह गए। सम्राट चौधरी पर उनके पुराने विवादों, जैसे कम उम्र में मंत्री पद से हटाए जाने की घटना और उनके शैक्षणिक पहलुओं को लेकर विपक्ष हमलावर रहेगा। एक मुख्यमंत्री के रूप में उनकी पेशेवर छवि और शुचिता पर उठने वाले सवालों का सामना उन्हें अपनी कार्यशैली से ही करना होगा।

बिहार में 2025 का जनादेश एक तरह से 'फेयरवेल मैंडेट' जैसा रहा है, जहां जनता बदलाव की मानसिक तैयारी कर चुकी थी। सम्राट चौधरी के लिए सबसे बड़ी ताकत उनका ओबीसी समुदाय से होना और भाजपा आलाकमान का पूर्ण समर्थन है, लेकिन उनकी राह का सबसे बड़ा कांटा 'नीतीश कुमार का औरा' है। भाजपा ने अब तक बिहार में नीतीश कुमार के साये में राजनीति की है, अब उसे अपनी स्वतंत्र इमारत खड़ी करनी है, जिसकी नींव सम्राट चौधरी को रखनी है। यह सफर कांटों भरा है, क्योंकि उन्हें न केवल विकास की रफ्तार बनाए रखनी है, बल्कि बिहार की उस जटिल सामाजिक संरचना को भी साधे रखना है, जहां जाति की राजनीति कभी खत्म नहीं होती।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



हाईकोर्ट की डेडलाइन खत्म हो चुकी है, लेकिन सरकार निकाय चुनाव नहीं करा रही है। कानून का लगातार उल्लंघन हो रहा है और संविधान की मूल भावना को चोट पहुंचाई जा रही है। राष्ट्रपति को दखल देना चाहिए और राज्यपाल से बात कर सुनिश्चित करना चाहिए कि चुनाव समय पर हों।
-अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बौखलाए हुए हैं और बचकानी बातें कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी हमेशा कानून और न्यायालयों का सम्मान करती है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी ओबीसी आयोग की रिर्पोट की सिफारिशों की अनुपालना के पश्चात ही चुनाव करवाए जाने के लिए निर्देशित किया है।
-मदन दिलावर
शिक्षा मंत्री, राजस्थान



# दोबारा बातचीत से पूर्व विश्वास बहाली की जरूरत



अमित नारायन
राजनीतिक विश्लेषक

इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच हुई शांति वार्ता फिलहाल बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई। जब वार्ता शुरू हुई थी, तभी यह कयास लगाए जा रहे थे कि इसमें कोई हल नहीं निकलेगा। यह आशंका सच साबित हुई। अमेरिका अपनी मांगों पर अड़ा हुआ है और ईरान अपनी मांग को लेकर। युद्ध विराम अभी जारी है। ट्रंप ने पुनः पाकिस्तान की धरती पर ईरान से वार्ता के संकेत दिए हैं। अब देखना यह है कि वार्ता कब होती है और दोनों देश क्या शर्तें रखते हैं। ईरान की सबसे बड़ी शर्त है कि उसे युद्ध में हुए नुकसान का मुआवजा मिले और होर्मुज जलडमरूमध्य में टोल वसूली का अधिकार मिले, लेकिन अमेरिका उसे यह छूट देने को तैयार नहीं है।

अमेरिका चाहता है कि ईरान अपनी लंबी दूरी की मिसाइलों पर कैपिंग करे और परमाणु बम बनाने की जिद छोड़ दे, पर ईरान इस शर्त पर राजी नहीं है। अब सवाल यही है कि जब दोनों देश अपनी-अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं, तो वार्ता कैसे सफल होगी और युद्ध विराम कब तक टिकेगा, हालांकि अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य को घेर रखा है और उसकी सेना ने तो तेल लेकर जा रहे ईरानी जहाजों को भी रोक दिया है। अब उसकी इस कार्रवाई को उकसावा माना जा रहा है।

ट्रंप ने पुनः पाकिस्तान की धरती पर ईरान से वार्ता के संकेत दिए हैं। अब देखना यह है कि वार्ता कब होती है और दोनों देश क्या शर्तें रखते हैं।

इस युद्ध का खामियाजा पूरी दुनिया भुगत रही है। युद्ध में शामिल न होने के बाद भी ईरान के हमले में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, बहरीन जैसे देशों के तेल डिपो, बड़े-बड़े औद्योगिक कारखाने, पेयजल के स्रोत, हवाई अड्डे तबाह हो गए। उनके नागरिकों की मौत भी हुई। अब अमेरिका इन देशों के इंफ्रास्ट्रक्चर को दुरुस्त करने के नाम पर बड़े पैमाने पर कमाई करेगा। उसकी कंपनियां वहां निवेश करेंगी। साथ ही डोनाल्ड ट्रंप इन देशों को बड़े पैमाने पर हथियार भी बेचेंगे। युद्ध में हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई इन्हीं देशों से करेंगे।

ईरान से संघर्ष में अमेरिका को 20 बिलियन डॉलर से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ है, जबकि इससे कहीं ज्यादा का नुकसान खाड़ी में उसके सहयोगी देशों ने ईरानी हमले से झेला है। दुनिया के तमाम देशों में कच्चे तेल और गैस के लिए त्राहि- त्राहि मची हुई है। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंगे बिछाकर तमाम देशों के तेल और गैस से भरे जहाजों को रोक रखा है। सिर्फ कुछ मित्र देशों के जहाजों को ही उसने अनुमति दी है, वहां से गुजरने के लिए। ऐसे में तीन हजार से अधिक जहाज वहां तेल और गैस भरकर खड़े हैं। इस मौके का फायदा भी अमेरिका ही उठा रहा है। उसने तमाम देशों को तेल बेचने का ऑफर भी दे दिया है।

अमेरिका ने होर्मुज पर कब्जे की अपनी मंशा जाहिर कर दी है और उसे घेर कर यह घोषणा कर दी है कि जो देश ईरान को टोल देंगे, उनके जहाज को वह वहां से नहीं जाने देगा। चीन इस घेरेबंदी के बाद भी वहां से निकला, जबकि यह स्पष्ट नहीं हो सका कि उसने ईरान को टोल दिया था या नहीं। उधर, तेल भरे जहाज रोके जाने से ईरान नाराज है और उसने कड़ी प्रतिक्रया दी है। अब पाकिस्तान फिर से चीन की अंदरूनी मदद से ईरान को वार्ता के लिए मना रहा है. लेकिन विदेशी मामलों के जानकार मान रहे हैं कि दोबारा वार्ता तभी सफल होगी जब खुले मन से दोनों देश वार्ता की मेज पर बैठेंगे। दोनों पक्षों को अपनी- अपनी शर्तों में कुछ ढील देनी होगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भले ही पुनः वार्ता के संकेत दे रहे हैं, लेकिन उनके अड़ियल रुख से वार्ता की सफलता पर हर किसी को संदेह है। खाड़ी देशों और इजरायल में भारी तबाही मचाने के साथ ही अमेरिकी लड़ाकू विमानों और ड्रोन को गिराकर अपनी ताकत का अहसास कराने वाला ईरान अमेरिकी शर्तों पर झुकने को तैयार नहीं है। हां, उसने इस बात के संकेत जरूर दिए हैं कि अमेरिका कुछ झुकेगा तो वह भी झुकने को तैयार है। ईरान चाहता है कि उसे होर्मुज में टैक्स वसूली का अधिकार मिले। उसके यहां जो क्षति हुई है उसका मुआवजा मिले। साथ ही उसके ऊपर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंध हटें। यह शर्तें मानना अमेरिका के लिए कठिन है, क्योंकि इन शर्तों को मानने के बाद ट्रंप अपने देश की जनता के सामने हारे हुए योद्धा से कम नहीं दिखेंगे जो वह दिखना नहीं चाहते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मई माह में चीन का दौरा करने वाले हैं। इस दौरे से पहले वे ईरान पर निर्णायक जीत चाहते हैं, इसीलिए वे वार्ता के लिए दोबारा उतावले हैं। अगर ईरान उनकी शर्तें मान लेता है, तो ट्रंप आसानी से घोषित कर पाएंगे कि अमेरिका और उसके सहयोगी इजरायल ने यह युद्ध जीत लिया है, लेकिन ईरान आसानी से उन्हें इस युद्ध से बाहर नहीं निकालने देगा। ट्रंप यदि युद्ध जीत कर आते हैं, तो चीन पर वार्ता से पहले बड़ा दबाव होता वे खुद को जीते हुए योद्धा की तरह वहां पेश करते, लेकिन अब दबाव ट्रंप पर है, क्योंकि वे यहां बहुत लंबी-लंबी बातें नहीं कर पाएंगे।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# कन्फ्यूशियस की सलाह

ली वेई नाम का एक बूढ़ा आदमी महान दार्शनिक कन्फ्यूशियस के पास एक सवाल लेकर गया, जो आज भी बहुत से बुजुर्गों को परेशान करता है। अपनी पूरी ज़िंदगी औलाद के लिए लगा देने के बाद भी, हम बुढ़ापे में खुद को अकेला क्यों महसूस करते हैं?

ली वेई ने अपनी औलाद के लिए सब कुछ कुर्बान कर दिया।



सुनील सिंह
ब्लॉगर

उसने बहुत मेहनत की ताकि उन्हें कभी किसी चीज़ की कमी न हो। जब बच्चे बड़े हो गए और अपनी ज़िंदगी जीने लगे, तो ली वेई ने अपना घर बेच दिया और बेटे के पास रहने चला गया। यह सोचकर कि अब वह प्यार और अपनापन पाएगा, लेकिन उसे वह खुशी नहीं मिली। वे उसकी बातें आधे मन से सुनते, उसके सुझावों से चिढ़ जाते और उसकी मौजूदगी को बोझ समझने लगे।

ली वेई ने कन्फ्यूशियस से अपना दुख कह सुनाया, "गुरुजी! मैंने अपनी ज़िंदगी बच्चों के लिए दे दी। सोचा था उनके साथ रहकर सुकून मिलेगा, लेकिन मैं खुद को उनके बीच नापसंद महसूस करता हूं। ऐसा क्यों?"

कन्फ्यूशियस ने उसे तीन आसान सबक़ सिखाए।

पहला सबक- उन्होंने एक बर्तन को पानी से भर दिया और पूछा कि अगर इसमें और पानी डालूं तो क्या होगा?"

ली वेई ने कहा कि यह छलक जाएगा।

कन्फ्यूशियस बोले, "बिल्कुल, रिश्ते भी ऐसे ही होते हैं। जब हम खुद को ज़बरदस्ती किसी ऐसी जगह डालते हैं जो पहले से भरी हो, तो संतुलन बिगड़ जाता है।"

तुम अपने बच्चों के घर में फिर से केंद्र बनना चाहते हो, लेकिन अब उनकी ज़िंदगी और उनके बच्चे ही उनका केंद्र हैं।

दूसरा सबक- उन्होंने पास के दो पेड़ों की ओर इशारा किया। जब पेड़ बहुत पास-पास होते हैं तो क्या होता है?

ली ने कहा, "वे एक-दूसरे को रोकते हैं और कमजोर हो जाते हैं।"

कन्फ्यूशियस ने कहा, "ज़िंदगी में भी यही होता है। ज़्यादा नज़दीकी भी समस्या बन जाती है। बढ़ने के लिए जगह ज़रूरी है।"

तीसरा सबक- कन्फ्यूशियस ने रेत को कसकर मुट्ठी में पकड़ा। अब क्या होगा?

ली वेई ने कहा, "रेत फिसल जाएगी।"

कन्फ्यूशियस ने कहा, "रिश्ते भी ऐसे ही होते हैं। प्यार दबाव से नहीं टिकता। जितना तुम पकड़ने की कोशिश करोगे, वह उतना दूर जाएगा। आज़ादी दो, तो वह खुद तुम्हारे पास रहेगा।"

-फेसबुक वाल से

## सामयिकी

# भारत के कुपोषण मुक्त होने में हैं कई चुनौतियां

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है, जिसका समाधान खोजने के उद्देश्य से साल 1975 में केंद्र सरकार ने समेकित बाल विकास सेवा योजना की शुरुआत की थी, इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना की गई, जिसका मकसद था कि छह वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और प्रारंभिक शिक्षा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा सके। बहुत हद तक यह योजना सफल भी रही है, लेकिन पिछले 50 वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी हम यह दावे के साथ नहीं कह सकते कि यह योजना शत-प्रतिशत सफल रही है।

इस समय देशभर में लगभग 13.9 लाख आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी प्रारंभिक बाल देखभाल और पोषण



अल्पना कुमारी
एक्टिविस्ट

व्यवस्था मानी जाती है। यह करीब आठ करोड़ से अधिक लाभार्थियों तक सेवाएं पहुंचा रही है। इस योजना के तहत छह प्रमुख सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिनमें पूरक पोषण, पूर्व-प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा और जरूरत पड़ने पर रेफरल सेवाएं शामिल हैं। इन सेवाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि बच्चे जीवन के पहले छह वर्षों में शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ विकसित हों और गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण मिल सके।

भारत में कुपोषण की समस्या लंबे समय से गंभीर रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के अनुसार, आज भी देश में 35.5 प्रतिशत बच्चे कम कद, 32.1 प्रतिशत कम वजन वाले और 19.3 प्रतिशत अत्यधिक दुबले पाए जाते हैं। ये आंकड़े इस बात की ओर संकेत करते हैं कि समस्या अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है, लेकिन पिछले दशकों में इसमें कुछ सुधार अवश्य हुआ है। यदि पिछले तीन दशकों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो यह स्पष्ट होता है कि आंगनबाड़ी प्रणाली ने कुपोषण की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार लाने में भूमिका निभाई है। वर्ष 1992-93 में जहां बच्चों में कम कद की दर लगभग 52 प्रतिशत थी, वहीं 2019-21 तक यह घटकर 35.5 प्रतिशत रह गई। इसी प्रकार कम वजन वाले बच्चों की संख्या 53.4 प्रतिशत से घटकर 32.1 प्रतिशत तक पहुंची है।

इन उपलब्धियों के बावजूद चुनौतियां भी कम नहीं हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि आंगनबाड़ी सेवाओं का लाभ सभी जरूरतमंद लोगों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है। देश में आंगनबाड़ी सेवाओं का उपयोग बढ़ा है, लेकिन 2016 से 2021 के बीच कुपोषण में जो कमी आई, उसमें आंगनबाड़ी सेवाओं का योगदान लगभग 9-12 प्रतिशत ही माना गया है। जो यह दर्शाता है कि योजना ने सकारात्मक प्रभाव डाला है, लेकिन इसे और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

हाल के वर्षों में सरकार ने आंगनबाड़ी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई नई पहलें शुरू की हैं। सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 योजना के तहत देशभर में लगभग दो लाख आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की प्रक्रिया चल रही है। इनमें इंटरनेट सुविधा, डिजिटल उपकरण और स्वच्छ पेयजल जैसी व्यवस्थाएं शामिल की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण केंद्रो में परिवर्तित करने की भी योजना बनाई गई है, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# यूरेका

## खोज



## ऐसे हुआ वेल्क्रो का आविष्कार

वेल्क्रो का आविष्कार किसी बड़ी प्रयोगशाला में नहीं, बल्कि एक साधारण सैर के दौरान हुआ और यही इसे खास बनाता है। साल 1940 के दशक में स्विट्ज़रलैंड के इंजीनियर जॉर्ज डे मेस्ट्रल अपने कुत्ते के साथ जंगल में घूमने निकले। लौटकर उन्होंने देखा कि उनके कपड़ों और कुत्ते के बालों पर छोटे-छोटे कांटेदार बीज चिपके हुए हैं। आमतौर पर लोग इन्हें झटककर फेंक देते, लेकिन मेस्ट्रल ने ऐसा नहीं किया। उनकी जिज्ञासा जाग उठी-आखिर ये बीज इतनी मजबूती से चिपकते कैसे हैं?

उन्होंने इन बीजों को माइक्रोस्कोप से देखा और जो सामने आया, वह चौंकाने वाला था। बीजों पर बहुत बारीक हुक (कांटे) थे, जो कपड़े और बालों के रेशों में फंस जाते थे। बस, यहीं से एक अनोखा विचार जन्मा-क्या इसी सिद्धांत पर कोई कृत्रिम चीज बनाई जा सकती है? कई सालों की मेहनत और प्रयोगों के बाद उन्होंने 'हुक और लूप' प्रणाली पर आधारित एक फास्टनर तैयार किया। एक सतह पर छोटे-छोटे हुक और दूसरी पर मुलायम लूप दोनों को दबाते ही वे चिपक जाते और खींचते ही अलग हो जाते। 1955 में इस आविष्कार का पेटेंट हुआ और इसका नाम रखा गया 'वेल्क्रो'। शुरुआत में लोगों ने इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन जब नासा ने अंतरिक्ष मिशनों में इसका उपयोग किया, तब इसकी उपयोगिता दुनिया के सामने आई। आज वेल्क्रो जूतों, बैगों और कपड़ों से लेकर अंतरिक्ष तकनीक तक हर जगह इस्तेमाल हो रहा है-सिर्फ एक जिज्ञासा भरे सवाल की वजह से।

### वैज्ञानिक के बारे में



जॉर्ज डे मेस्ट्रल का जन्म 1907 में स्विट्ज़रलैंड में हुआ था। वे बचपन से ही जिज्ञासु और आविष्कारशील स्वभाव के थे। केवल 12 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपना पहला पेटेंट हासिल कर लिया था, जो उनके वैज्ञानिक रुझान को दर्शाता है। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और प्रकृति से प्रेरणा लेकर नए विचार विकसित किए। उनका जीवन साधारण लेकिन प्रयोगधर्मी था, जहां वे रोज़मर्रा की चीजों में भी नवाचार के अवसर खोजते थे। वे अपने परिवार के साथ शांत जीवन बिताते हुए शोध और प्रयोगों में लगे रहे और 1990 में उनका निधन हो गया।



# धूमकेतु के लिए रोमांचक माह अप्रैल



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

अप्रैल माह धूमकेतु दर्शन के लिए एक रोमांचक समय होगा, क्योंकि इस महीने में कम से कम दो प्रमुख धूमकेतु नग्न आंखों से या दूरबीन की मदद से दिखाई दे सकते हैं। ये धूमकेतु लंबी अवधि के (लॉन्ग-पिरियड) और आवर्ती (पिरियडिक) प्रकार के हैं। मुख्य रूप से दो धूमकेतु सी/2026 ए1 (मैप्स) और सी/2025 आर3 (पैनस्टार्स), जिनकी चमक अपेक्षाकृत अधिक होने की संभावना है। इसके अलावा, 10पी/टेम्पेल 2 जैसे अन्य धूमकेतु दूरबीन से दिखाई दे सकते हैं, लेकिन वे कम चमकीले होंगे। ध्यान दें कि धूमकेतु की चमक मौसम, वायुमंडलीय स्थितियों और उनके व्यवहार पर निर्भर करती है, इसलिए पूर्वानुमान बदल सकते हैं। भारत (उत्तर गोलार्ध) से देखने के लिए सामान्य दिशा और समय पर फोकस करना आवश्यक है।

## सी/2026 ए1 (मैप्स)- संग्रेजिंग धूमकेतु

यह धूमकेतु 13 जनवरी, 2026 को चिली के अमैक्स1 वेधशाला में चार खगोलशास्त्रियों द्वारा खोजा गया। यह क्रूट्ज संग्रेजर समूह का सदस्य है, जो सूर्य के बहुत निकट से गुज़रने वाले धूमकेतु हैं। यह अब तक का सबसे पहले खोजा गया इनबाउंड क्रूट्ज धूमकेतु है (पेरिहेलियन से 11.5 सप्ताह पहले)। पेरिहेलियन एक खगोलीय अवधारणा है, जो सूर्य-केंद्रित कक्षाओं (जैसे ग्रहों, धूमकेतुओं या अन्य वस्तुओं की कक्षा) से संबंधित है। यह वह बिंदु है, जहां कोई वस्तु (जैसे पृथ्वी या धूमकेतु) अपनी कक्षा में सूर्य के सबसे निकट पहुंचती है। पेरी का अर्थ सबसे निकट और हेलियन का अर्थ सूर्य होता है। अर्थात सूर्य के चारों ओर घूमने वाली वस्तुओं की कक्षा आमतौर पर अंडाकार (एलिप्टिकल) होती है, न कि पूरी तरह गोलाकार। इसलिए इन पिंडों की दूरी हमेशा एक समान नहीं रहती।



संग्रेजिंग धूमकेतु के पेरिहेलियन की बात करें, तो 4 अप्रैल, 2026 को यह सूर्य की सतह से मात्र 7,48,000 किलोमीटर (4,65,000 मील) की दूरी पर रहेगा। यह सूर्य के व्यास का आधा हिस्सा जितना निकट है। इसकी अपेक्षित चमक की बात करें, तो यदि यह टूटा नहीं, तो इसकी चमक-4 मैग्निट्यूड तक पहुंच सकती है (शुक्र ग्रह जितनी चमकीली)। इससे पहले मार्च के अंत में बड़े शौकिया दूरबीनों से 13 मैग्निट्यूड पर दिखाई देगी, लेकिन अप्रैल में तेजी से चमक बढ़ेगी। लंबी पूंछ विकसित हो सकती है। अप्रैल में सूर्यास्त के बाद पश्चिम दिशा में मध्य-ट्वाइलाइट (अर्ध-अंधेरे) में दिखाई दे सकता है। दक्षिणी गोलार्ध में मार्च के अंत से ही दिखना शुरू हो सकता है, लेकिन उत्तर भारत से अप्रैल में पश्चिम क्षितिज पर निम्न ऊंचाई पर रहेगा। अप्रैल के मध्य के बाद यह सूर्य के करीब होने के कारण इसे देखना कठिन हो जाएगा।



सूर्यास्त के तुरंत बाद (लगभग 6-7 बजे आईएसटी) पश्चिम की ओर देखें, जहां यह शुक्र ग्रह के आसपास होगा। 8 अप्रैल को शुक्र के बहुत पास दिखाई दिया। नग्न आंखों से या छोटी दूरबीन से पूंछ दिख सकती है, लेकिन सूर्य के करीब होने से इसका दृश्यावलोकन कठिन होगा। इसे देखने के लिए अवरोध-रहित क्षितिज चुनें। यदि इस धूमकेतु की चमक-4 तक पहुंची, तो दिन के उजाले में भी दिख सकता है। संभावित जोखिम यह है कि सूर्य के निकट गर्मी और गुरुत्वाकर्षण से यह पूरी तरह टूट सकता है। यदि ऐसा हुआ, तो चमक कम हो जाएगी। फिर भी यदि बचा रहा, तो सूर्य के करीब होने से इसे देखना चुनौतीपूर्ण रहेगा।

### अन्य धूमकेतु (दूरबीन आवश्यक)

10 पी/टेंपेल 2 एक आवर्ती धूमकेतु है, जिसकी कक्षीय अवधि 5 .5 वर्ष है। इसकी चमक 12 मैग्निट्यूड, शाम और सुबह के आकाश में (ऊंचाई 11–44 डिग्री) पर ओफ्यूकस तारामंडल में दिखाई देगा। यह दूरबीन से ही दिखेगा, नग्न आंखों से नहीं, क्योंकि इसका चरम अगस्त 2026 में होगा। इसे देखने के लिए शाम को पश्चिम या सुबह पूर्व दिखा में खोजें। एक अन्य धमकेतु सी/2024 ई1 (विएरझोस), जिसका 10 मैग्निट्यूड होगा, शाम में दिखाई देगा, लेकिन ये कम उल्लेखनीय हैं और शौकिया खगोलविदों के लिए यह भी दूरबीनों से दृष्टिगोचर होगा।

### सी/2025 आर3 (पैनस्टार्स) - संभावित 'ग्रेट धूमकेतु'

2025 में पैनस्टार्स टेलीस्कोप द्वारा खोजा गया। यह धमकेतु 2026 की शुरुआत में चर्चा में आया। इसके पेरिहेलियन की बात करें, तो 19 अप्रैल, 2026 को सूर्य के सबसे निकट होगा। यह 3 से 7 मैग्निट्यूड के बीच चमकेगा। यदि 3 मैग्निट्यूड, तो नग्न आंखों से आसानी से दिखेगा। अप्रैल 2026 के मध्य (26 अप्रैल तक) सबसे अच्छा दिखाई देगा। यह पृथ्वी के सबसे निकट 26 अप्रैल को (73.2 मिलियन किमी दूर) होगा और सुबह के आकाश में दिखेगा। अप्रैल 11-12 को सूर्योदय से पहले पेगासस तारामंडल के पास दिखाई दिया था। वहीं अप्रैल 15 को यह ग्रेट स्क्वायर ऑफ पेगासस के निकट था। यह दक्षिणी गोलार्ध में अप्रैल के अंत में सूर्यास्त के बाद पश्चिम क्षितिज पर दिखाई देगा। इस धमकेतु को सूर्योदय से 1-2 घंटे पहले (लगभग 4-5 बजे आईएसटी) पूर्व दिशा में देखें। इसे पेगासस के आकाशगंगाओं के पास ढूंढें। दूरबीन या बाइनोकुलर के उपयोगी से इसे देखा जा सकता है, लेकिन यदि चमक 3 मैग्निट्यूड रही तो इसे नग्न आंखों से भी देखा जा सकेगा। नया चंद्रमा (17 अप्रैल के आसपास) के समय आकाश अंधेरा होगा, जो इसे देखने में बहुत आसानी रहेगी। इसे 2026 का ग्रेट धूमकेतु इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि यह धूमकेतु लंबी अवधि का है और चमकदार हो सकता है, लेकिन सूर्य के बीच से गुजरने (पृथ्वी और सूर्य के बीच) से चमक प्रभावित हो सकती है।

## मरीन लाइफ

# जेलीफिशः प्रकृति का पारदर्शी चमत्कार

जेलीफिश का शरीर बेहद मुलायम, पारदर्शी और जेल जैसा होता है, जिससे इन्हें 'समुद्री जेली' भी कहा जाता है। इनका शरीर लगभग 95 प्रतिशत पानी से बना होता है, इसलिए ये बहुत हल्की होती हैं और समुद्र की लहरों के साथ आसानी से तैरती रहती हैं। जेलीफिश की सबसे खास बात यह है कि इनमें दिल, दिमाग और हड्डियां नहीं होतीं, फिर भी ये लाखों वर्षों से पृथ्वी पर जीवित हैं।

जेलीफिश को दिल की आवश्यकता इसलिए नहीं होती, क्योंकि इनके शरीर में रक्त संचार (ब्लड सर्कुलेशन) की जटिल प्रणाली नहीं होती। इनके शरीर की संरचना इतनी सरल होती है कि पानी सीधे इनके ऊतकों (टिश्यू) के बीच से गुजरता है। इसी पानी के माध्यम से ऑक्सीजन और पोषक तत्व शरीर के सभी हिस्सों तक पहुंच जाते हैं। इस प्रक्रिया को डिफ्यूजन कहा जाता है, जिससे ये बिना दिल और ब्लड वेसल्स के भी आसानी से जीवित रह पाती हैं। इनका शरीर मुख्य रूप से एक घंटी के आकार का होता है, जिसके नीचे लटकती हुई टेंटेकल्स होती हैं। इन टेंटेकल्स में सूक्ष्म डंक होते हैं, जिन्हें नेमाटोसिस्ट कहा जाता है। ये डंक शिकार को पकड़ने और खुद की रक्षा करने में मदद करते हैं। कुछ जेलीफिश का डंक इंसानों के लिए भी खतरनाक हो सकता है। जेलीफिश का अपना कोई विकसित दिमाग नहीं होता, लेकिन इनके पास एक सरल तंत्रिका जाल (nerve net) होता है, जो इन्हें अपने आसपास के वातावरण को महसूस करने में मदद करता है। ये प्रकाश और स्पर्श के प्रति प्रतिक्रिया कर सकती हैं, जिससे ये दिशा बदलने या खतरे से बचने में सक्षम होती हैं। एक और रोचक तथ्य यह है कि कुछ जेलीफ़िश प्रजातियां, जैसे कि 'अमर जेलीफिश', अपनी उम्र को वापस शुरुआती अवस्था में ले जाने की क्षमता रखती हैं, जिससे वे सैद्धांतिक रूप से अमर मानी जाती हैं। जेलीफिश समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये छोटे जीवों को खाकर संतुलन बनाए रखती हैं और खुद भी कई बड़े समुद्री जीवों के भोजन का स्रोत होती हैं। इस तरह, अपनी सरल संरचना के बावजूद, जेलीफिश समुद्र के जीवन चक्र में एक अहम कड़ी हैं।





## वैज्ञानिक फैक्ट

# क्यों दिखाई पड़ता है आकाश का रंग नीला

साफ और धूप वाले दिन जब हम आसमान की ओर देखते हैं, तो वह हमें चमकीला नीला दिखाई देता है, जबकि शाम के समय वही आकाश लाल, नारंगी और गुलाबी रंगों में बदल जाता है। यह परिवर्तन प्रकृति के एक बेहद रोचक वैज्ञानिक सिद्धांत पर आधारित है, जिसे समझने के लिए हमें प्रकाश और वायुमंडल की भूमिका जाननी होती है। सूर्य से आने वाला प्रकाश देखने में भले ही सफेद लगता हो, लेकिन वास्तव में यह कई रंगों लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, जामुनी (इंडिगो) और बैंगनी का मिश्रण होता है। इन सभी रंगों की तरंगदैर्ध्य अलग-अलग होती है। लाल रंग की तरंगदैर्ध्य सबसे अधिक होती है, जबकि नीले और बैंगनी रंग की सबसे कम। कम तरंगदैर्ध्य वाले रंगों में ऊर्जा अधिक होती है और वे वातावरण में अधिक बिखरते हैं। जब सूर्य का प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करता है, तो वह गैसों (जैसे ऑक्सीजन और नाइट्रोजन), धूलकणों और जलवाष्प से टकराता है। इस टकराव के कारण प्रकाश का बिखराव होता है, जिसे वैज्ञानिक भाषा में "रेले प्रकीर्णन" कहा जाता है। इस प्रक्रिया में नीले और बैंगनी रंग की तरंगें सबसे अधिक बिखरती हैं। हालांकि बैंगनी रंग का बिखराव अधिक होता है, फिर भी हमें आकाश नीला दिखाई देता है। इसका कारण यह है कि हमारी आंखें नीले रंग के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं और सूर्य से भी नीले प्रकाश की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक पहुंचती है।



दिन के समय सूर्य सिर के ऊपर होता है, जिससे प्रकाश को कम दूरी तय करनी पड़ती है और नीला प्रकाश हर दिशा में बिखरकर पूरे आकाश को नीला बना देता है, लेकिन सूर्योदय और सूर्यास्त के समय सूर्य क्षितिज के पास होता है, जिससे प्रकाश को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। इस दौरान नीला और बैंगनी प्रकाश रास्ते में ही बिखर जाता है और हमारी आंखों तक मुख्यत: लाल, नारंगी और पीले रंग की किरणें पहुंचती हैं, जिससे आकाश का रंग बदल जाता है। ऊंचाई बढ़ने पर आकाश का रंग और गहरा नीला दिखाई देता है, क्योंकि वहां वायुमंडल पतला होता है और बिखराव कम होता है। अंतरिक्ष में तो लगभग कोई वायुमंडल नहीं होता, इसलिए वहां आकाश काला दिखाई देता है। इस प्रकार, आकाश का नीला रंग प्रकृति की एक सुंदर वैज्ञानिक प्रक्रिया का परिणाम है, जो हमें हर दिन एक नया और आकर्षक दृश्य प्रदान करती है।

# सर्पविष का विज्ञान: संरचना और प्रभाव



रणबीर सिंह
विज्ञान लेखक

भारत में आदिकाल से सांप से संबंधित फोकलोर और वैज्ञानिक साहित्य उपलब्ध है। आयुर्वेद में विष चिकित्सा में इनका वर्णन है। अंग्रेजों के समय में भारत उपमहाद्वीप ही नहीं, बल्कि श्रीलंका और बर्मा में पाए जाने वाले सांपों की प्रजातियों और इनके जहर के बारे में विशेष अध्ययन और डॉक्यूमेंटेशन वर्क हुआ था। इन पुस्तकों में सभी किस्म सांपों के हाथ से बनाए गए रंगीन चित्र दिए गए हैं। इनके बारे में बहुत सा अध्ययन ब्रिटेन की लैब्स में उन दिनों अंग्रेज वैज्ञानिकों ने किया था और मनुष्य में सांप के काटने के बाद शरीर में फैलने वाले इन जहरों को बे-असर करने के उपाय विकसित किए गए थे। आधुनिक मॉलिक्यूलर बायोलॉजीकल अध्ययनों से विभिन्न जहरीले सांपों के जहर की विस्मित करने वाली संरचनाएं सामने आई हैं। दवा उद्योग में सांपों के विभिन्न प्रकार के जहर की बड़ी मांग है, क्योंकि इस पर अरबों रुपये का उद्योग खड़ा किया गया है।

मनुष्य और पालतू पशुओं की जान बचाने के लिए या एन्वीनोमिंग के लिए जो एंटीबाडीज और अन्य उत्पाद दवा फैक्ट्रीज में बनाए जाए हैं, उससे पहले इन पर व्यापक अध्ययन किया जाता है और खास तरह की प्रोसस्सेस को विकसित किया जाता है। अब सांप के काटे का टीका बनाने के लिए घोड़ों का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि बायोटेक्नोलॉजी और केमिकल विधियों से इन्हें बड़ी मात्रा में निर्मित करना सिद्ध किया जा चुका है।

लोग सांप के प्रति एक ही प्रकार का नजरिया रखते हैः मार देना। यह बिल्कुल प्रकृति विरुद्ध काम है। सांपों के परिवेश अर्थात हैबिटैट और व्यवहार का अध्ययन करने वाले कुछ और कहते हैं। भारत में सांपों की करीब 300 किस्में हैं और इनके रंग और हैबिटैट भी अलग है। इनमें से नाग अर्थात कोबरा, वाईपर की दो किस्में और करात ही जहरीले हैं। सांप प्रजातियों की खुराक अलग-अलग होती है। भारत में सभी सांप जहरीले नहीं हैं। इनमें चार प्रकार के जहर होते हैं। ये एक प्रकार के कुदरती एंजाइम अथवा प्रोटीन होते हैं और इनकी रासायनिक और मॉलिक्यूलर संरचना अलग-अलग तरह की होती है। ज्यादातर जहर चार प्रकार के असर वाले यथा न्यूरोटॉक्सिक, साइटोटॉक्सिक, हीमोटॉक्सिक और मायोटॉक्सिक हैं। अर्थात कोई जहर शरीर के नर्वस सिस्टम, दूसरा, रक्त कोशिकाओं, तीसरा शरीर के उत्तकों की कोशिकाओं और चौथा मांशपेशियों की कोशिकाओं को नष्ट करता है। सांप अपने शरीर में जहर का निर्माण अथवा सिंथेसिस शिकार को बेदम करने के लिए और अपनी रक्षा करने के लिए करते हैं। इन चारों किस्म के जहर का निर्माण करने के लिए सांप के शरीर में विशेष कोशिकाएं/ग्रंथियां होती हैं। विष का उत्पादन अत्यधिक विशिष्ट लार स्रावी ग्रंथियों के भीतर होता है। रूपांतरित ग्रंथियां अथवा एपिथीलियल कोशिकाएं विभिन्न प्रोटीन घटकों का संश्लेषण करती हैं। सांपों के जहर की एक बड़ी वैरायटी फोस्फोलायीपेज ए-2 डाइजेस्टिव एंजाइम से 'तेज विकास' की प्रक्रिया के जरिए विकसित हुई है। इन जहरों के अलग-अलग टिश्यू टारगेट, मेम्ब्रेन रिसेप्टर और सेल प्लाज्मा मेम्ब्रेन को बदलने के अलग-अलग तरीके होते हैं। जहर जैसे असरात दिखाने वाले फोस्फोलायीपेज ए-2 की किस्मों से होने वाले दो सबसे आम असर हैं न्यूरोटॉक्सिसिटी और मायोटॉक्सिसिटी।



विभिन्नताओं के बावजूद, सांप का जहर एक जैसा सेल्यूलर घाव कैसे पैदा करते हैं, जो विकास के नजरिए से बहुत ज्यादा सुरक्षित है। वे शुरू में प्लाज्मा मेम्ब्रेन में गड़बड़ी पैदा करते हैं, जिससे साइटोसोलिक कैल्शियम आयन $Ca2+$ की मात्रा में भारी बढ़ोतरी होती है, जिससे सेल का क्षरण होता है। यह प्रक्रिया उन तरीकों से होती है, जिसमें मांसपेशियों के सेल्स और न्यूरोमस्कुलर जंक्शन प्रभावित होते हैं। उक्त कैल्शियम आयन एक धनात्मक आवेश वाला आयन है और कई जैविक तथा शारीरिक प्रक्रियाओं के लिए जरूरी है। यह एक द्विसंयोजी धनायन है, जिसका मतलब है कि जब एक उदासीन कैल्शियम परमाणु अपने दो सबसे बाहरी इलेक्ट्रॉन खो देता है, तो उस पर +2 का आवेश आ जाता है।

इस धनात्मक आवेश के कारण यह ऋणात्मक आवेश वाले आयनों (ऋणायनों)-जैसे कि फॉस्फेट और कार्बोनेट, के साथ आयनिक बंध बना पाता है। यह प्रक्रिया कैल्शियम लवणों के निर्माण और हड्डियों के खनिजीकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जहरों से होने वाले अलग-अलग सिस्टमिक पैथोफिजियोलॉजिकल नतीजे सेल टॉक्सिसिटी के अलग-अलग तरीकों की वजह से नहीं होते, बल्कि टारगेट किए गए टिश्यू और सेल्स की अंदरूनी शारीरिक और जैविक विशेषताओं की वजह से होते हैं। फोस्फोलायीपेज ए-2 एक ऐसा एंजाइम है, जो फॉस्फोलिपिड्स के हाइड्रोलिसिस को उत्प्रेरित करता है।

### टॉक्सिन्स का अध्ययन

वाइपर सांप की किस्म के विष के मामले में, फोस्फोलायीपेज ए-2 द्वारा पैदा की गई स्थानीय विकृति अन्य विषाक्त घटकों -मुख्य रूप से जिंक-निर्भर मेटालोप्रोटीनेज, की क्रिया से और भी अधिक जटिल हो जाती है। ये घटक रक्तस्राव, फफोले और अन्य ऐसे बदलाव पैदा करते हैं, जो ऊतकों को व्यापक नुकसान पहुंचाने और ऊतकों के खराब पुनर्निर्माण के कारण होने वाले दीर्घकालिक परिणामों अर्थात सीक्वेली के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके अलावा, विषाक्त पदार्थों के कारण ऊतकों को होने वाला नुकसान बैक्टीरिया के संक्रमण के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा करता है। यह संक्रमण स्थानीय विकृति को और भी अधिक जटिल बना देता है और अंतत: गैंग्रीन तथा ऊतकों के नष्ट होने का कारण बन सकता है, जिसके परिणामस्वरूप प्रभावित अंग को काटकर अलग करने की आवश्यकता पड़ सकती है। इन फोस्फोलायीपेज ए-2 टॉक्सिन्स के समूह का गहन अध्ययन किया जाता है, क्योंकि कई देशों में सर्पदंश से मरने वाले लोगों की बड़ी संख्या बहुत गंभीर है। टॉक्सिन्स का अध्ययन इसलिए भी किया जाता है, क्योंकि वे ऊतकों और कोशिकाओं की कार्यप्रणाली के अज्ञात पहलुओं को उजागर करने में मदद कर सकते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,988.68 | 24,196.75 |
| गिरावट | 122.56 | 34.55 |
| प्रतिशत में | 0.16 | 0.14 |

सोना 1,57,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,58,700 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### डीसीएम श्रीराम ने बेची पॉलीटेक की अपनी 50 फीसदी हिस्सेदारी

**नयी दिल्ली।** डीसीएम श्रीराम ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपनी अनुषंगी कंपनी श्रीराम पॉलीटेक लिमिटेड (एसपीएल) में अपनी आधी हिस्सेदारी नीदरलैंड की कंपनी टेक्नॉर एपेक्स बी वी को 56 लाख डॉलर में बेचेगी। इससे यह इकाई एक संयुक्त उद्यम में बदल जाएगी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि डीसीएम श्रीराम के बोर्ड ने इस सौदे को मंजूरी दे दी है, जिसके 23 अप्रैल तक पूरा होने की उम्मीद है। इस लेनदेन से एसपीएल में डीसीएम श्रीराम की हिस्सेदारी 100 प्रतिशत से घटकर 50 प्रतिशत रह जाएगी।

### भारत-न्यूजीलैंड 27 को करेंगे एफटीए पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड 27 अप्रैल को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस मुक्त व्यापार समझौते का उद्देश्य घरेलू निर्यातकों के सामान को न्यूजीलैंड के बाजार में बिना किसी शुल्क के प्रवेश दिलाना है। साथ ही इससे अगले 15 साल में 20 अरब डॉलर का निवेश आएगा। दोनों देशों ने पिछले साल 22 दिसंबर को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर पांच अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

### वाहनों के दाम एक लाख रुपये तक बढ़ाएगी वोल्वो

**मुंबई।** स्वीडन की लक्जरी कार विनिर्माता वोल्वो कार्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारत में अपने वाहनों की कीमतों में एक मई से एक लाख रुपये तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में लगातार व्यवधान आने और विदेशी मुद्रा विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव के चलते उसे कीमतों में यह सीमित बदलाव करना पड़ रहा है। इसके साथ ही वोल्वो कार्स इंडिया ने संकेत दिए कि वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियां इसी तरह बनी रहने पर आगे भी कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है।

### मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने में जुटा मैक्स

**नयी दिल्ली।** मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड 'मेडिकल टूरिज्म' को बढ़ावा देने के लिए अपनी क्षमता विस्तार को तेज कर रहा है। कंपनी के सीएमडी अभय सोई ने कहा कि अगले तीन से चार वर्ष में कुल 10,000 'बेड' उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। कंपनी ने 2028 तक भारत के प्रमुख स्थानों पर 3,700 'बेड' जोड़ने के लिए 6,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। इसने राष्ट्रीय राजधानी के साकेत स्थित अपने मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 400 'बेड' का नया टावर शुरू किया है।

# शेयरों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स 123 अंक टूटा, निफ्टी 24,200 के नीचे बंद

## अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर पर स्पष्टता का इंतजार, मिलेगी बाजार के रुख को दिशा

**मुंबई, एजेंसी**




उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 123 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी 24,200 अंक के नीचे बंद हुआ। हाल की तेजी के बाद बैंक और वित्तीय शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को गंवाते हुए 122.56 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,988.68 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और 78,730.32 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली से यह गिरावट के साथ 77,674.93 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 1,055.39 अंक का उतार-चढ़ाव आया। एनएसई निफ्टी भी 34.55 अंक यानी 0.14 प्रतिशत टूटकर 24,196.75 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक ऊंचे में 24,400.95 तक गया और नीचे में 24,102.80 अंक तक आया।

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत के बीच दोनों मानक सूचकांकों में बुधवार को एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई थी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचडीएफसी बैंक में सबसे ज्यादा 1.75 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा

### बढ़त में रहे अन्य एशियाई बाजार

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार दोपहर के कारोबार में सकारात्मक दायरे में थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को ज्यादातर बढ़त के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.51 प्रतिशत बढ़कर 96.36 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 666.15 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स बुधवार को 1,263.67 अंक बढ़कर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 388.65 अंक बढ़कर 24,231.30 अंक पर रहा था।

### गिरावट वाले शेयर

टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस

### ये रहे लाभ में

ट्रेंट, इटर्नल, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इन्फोसिस

### एक्सपर्ट्स की राय

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार की शुरुआत सकारात्मक रही। हालांकि, उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सौदों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। निवेशकों ने हाल की बढ़त के बाद मुनाफा वसूली की। बाजार को अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर पर स्पष्टता का इंतजार है, जो निकट भविष्य के बाजार के रुख को दिशा देगा।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा कि भारतीय बाजार में आज उतार-चढ़ाव देखने को मिला। पश्चिम एशिया के प्रति बाजार धारणा संवेदनशील है। क्षेत्रवार रुझान मिलाजुला रहा। धातु, आईटी और ऊर्जा शेयरों ने सूचकांक को सहारा दिया, जबकि बैंक और वाहन शेयरों पर कुछ दबाव देखने को मिला।

# लगातार मांग से चांदी 1700 रुपये चढ़ी, सोना टूटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 1,700 रुपये बढ़कर 2.58 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसकी वजह लगातार मांग और मज़बूत वैश्विक रुख था, जबकि निवेशक भू-राजनीतिक घटनाक्रम और मुद्रा के उतार-चढ़ाव पर नज़र रखे हुए थे। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 1,700 रुपये या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 2,58,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई, जबकि पिछली सत्र में यह 2,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत वाला सोना 200 रुपये टूटकर 1,57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। बुधवार को, सोने की कीमत 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।



एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि बृहस्पतिवार को सोने में सीमित दायरे में कारोबार हुआ, जो मिले-जुले बाजार संकेतों को दिखाता है।

# वैश्विक वृद्धि में मुख्य भूमिका निभाएगा एशिया : आईएमएफ

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि एशिया वैश्विक वृद्धि का मुख्य चालक बना रहेगा, जिसमें भारत और चीन क्षेत्रीय विस्तार में 70 प्रतिशत का योगदान देंगे। साथ ही संगठन ने यह भी कहा कि खाड़ी संकट के कारण ऊर्जा का झटका इस क्षेत्र को नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा।



आईएमएफ ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी शुल्क और व्यापारिक अनिश्चितता के चलते क्षेत्रीय वृद्धि दर के 2026 में घटकर 4.4 प्रतिशत और 2027 में 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह आंकड़ा 2025 में 5% था। आईएमएफ के एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने यहां पत्रकारों से कहा कि एशिया ने 2026 में एक मजबूत स्थिति के साथ प्रवेश किया है और अमेरिकी शुल्कों तथा बढ़ती अनिश्चितता का खामियाजा भुगतने के बावजूद क्षेत्र की वृद्धि दर जुझारू बनी हुई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की जीवाश्म ईंधन पर उच्च निर्भरता और प्रमुख वस्तुओं के लिए संघर्ष वाले क्षेत्रों पर निर्भरता को देखते हुए, ऊर्जा का नया झटका उन्हें नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा। इससे मुद्रास्फीति बढ़ रही है, बाहरी संतुलन कमजोर हो रहा है और वित्तीय मोर्चे पर सख्ती बढ़ रही है।

**यूपी रेरा ने लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद समेत आठ जिलों में दी स्वीकृति**

# 1300 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित होंगी 13 परियोजनाएं

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय पर बैठक करते अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी।

**अमृत विचार :** लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, गाजियाबाद, वाराणसी, गौतमबुद्ध नगर व मथुरा में 1,300.38 करोड़ के निवेश से 13 परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। गुरुवार को उप्र विनियामक प्राधिकरण (रेरा) की 200वीं बैठक में परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

इनमें बिल्डरों द्वारा 1,976 आवासीय और व्यावसायिक इकाइयां निर्मित करके भूखंड, फ्लैट, विला व दुकानें आदि बिक्री किए जाएंगे। न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय पर अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में बैठक हुई। निवेश और इकाइयों की संख्या में गाजियाबाद अग्रणी रहा। जहां 767.58 करोड़ की लागत से दो आवासीय परियोजनाओं में कुल 1,137 इकाइयां निर्मित करने को मंजूरी दी गई।

- **1,976 व्यावसायिक व आवासीय इकाई निर्मित करेंगे बिल्डर**
- **मुरादाबाद में 13.86 करोड़ की आवासीय परियोजना स्वीकृत**

लखनऊ में सबसे अधिक 66.55 करोड़ की कुल पांच परियोजनाएं स्वीकृत की गईं। इनमें दो आवासीय, दो व्यावसायिक और एक मिश्रित उपयोग की परियोजना में 404 इकाइयां विकसित की जाएंगी।

बरेली में 16.33 करोड़ रुपये लागत की एक आवासीय परियोजना स्वीकृत की गई। इस परियोजना में 84 आवासीय इकाइयां निर्मित की जाएंगी। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर में 141.14 करोड़ रुपये की एक व्यावसायिक परियोजना में 21 इकाई, मथुरा में 160.93 करोड़ रुपये की एक आवासीय परियोजना में 198 इकाई, सहारनपुर में 131.49 करोड़ रुपये से एक आवासीय परियोजना में 83 इकाई विकसित की जाएंगी।

इसी तरह वाराणसी में 2.50 करोड़ रुपये से एक व्यावसायिक परियोजना में 20 इकाइयां व मुरादाबाद में 13.86 करोड़ रुपये से एक आवासीय परियोजना में 29 इकाइयां स्वीकृत की गईं।

# SIP: छोटे कदम, बड़ा निवेश




**कारोबार डेस्क**

आज के समय में निवेश की दुनिया तेजी से बदल रही है। ऐसे में SIP अर्थात सिस्टेमैटिक इंवेस्टमेंट प्लान, आम निवेशकों के बीच एक लोकप्रिय और भरोसेमंद विकल्प बनकर उभरा है। एसआईपी के जरिए आप म्यूचुअल फंड में नियमित रूप से छोटी-छोटी रकम निवेश कर सकते हैं, जिससे लंबे समय में अच्छा फंड तैयार हो सकता है। आइए समझते हैं कि क्या है एसआईपी और यह कैसे हमारे पैसे को बढ़ाता है-




### क्या है एसआईपी

- SIP एक ऐसी निवेश पद्धति है जिसमें आप हर महीने (या तय अवधि पर) एक निश्चित राशि म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यह निवेश बाजार के उतार-चढ़ाव के हिसाब से यूनिट्स खरीदता है। जब बाजार नीचे होता है तो ज्यादा यूनिट मिलती हैं और जब ऊपर होता है तो कम—इसे रुपी कॉस्ट एवरेजिंग कहते हैं।

### क्यों है SIP फायदेमंद

- **छोटे निवेश से शुरुआत :** आप 100 या 500 रुपये महीने से भी शुरू कर सकते हैं।
- **अनुशासन बनाता है :** नियमित निवेश की आदत डालता है।
- **कंपाउंडिंग का लाभ :** समय के साथ आपका पैसा तेजी से बढ़ सकता है।
- **मार्केट टाइमिंग की चिंता नहीं :** बाजार कब ऊपर या नीचे जाएगा, इसकी चिंता कम हो जाती है।

### आसानी से समझें

- **क्या SIP सुरक्षित है?**
  -एसआईपी खुद में सुरक्षित या असुरक्षित नहीं है, यह उस म्यूचुअल फंड पर निर्भर करता है जिसमें आप निवेश कर रहे हैं। इक्विटी फंड में जोखिम अधिक होता है, जबकि डेट फंड अपेक्षाकृत सुरक्षित होते हैं।
- **क्या बीच में एसआईपी बंद कर सकते हैं?**
  -हाँ, एसआईपी को कभी भी रोका या बदला जा सकता है। इसमें कोई पेनाल्टी नहीं होती। हालांकि ये हर महीने जमा करते हैं लेकिन डाकघर की आरडी से अलग और लाभकारी है।
- **मार्केट गिरने पर क्या करें?**
  -अधिकांश निवेशक घबरा जाते हैं, लेकिन यही समय SIP जारी रखने का होता है क्योंकि आपको सस्ती यूनिट्स मिलती हैं।
- **सबसे जरूरी सलाह**
  -सिर्फ हाई रिटर्न देखकर फंड न चुनें। फंड का चुनाव उसके पिछले 3–5 साल का प्रदर्शन देखकर उसका विश्लेषण करने के बाद लें। बेहतर होगा किसी वित्तीय सलाहकार के माध्यम से चुनें।

### निवेश से पहले ध्यान रखने योग्य बातें

- अपने लक्ष्य (जैसे बच्चों की शिक्षा, रिटायरमेंट) स्पष्ट करें।
- जोखिम सहने की क्षमता समझें।
- सही फंड का चयन करें (एक्सपर्ट की सलाह लें तो बेहतर)
- लक्ष्य प्राप्ति और बड़ा फंड एकत्र करने के लिए लंबी अवधि जैसे 5 से 10 वर्ष तक निवेश का नजरिया रखें।
- निरंतरता बनाए रखें, चाहे बाजार चढ़े या गिरावट आए।

### आदर्श SIP पोर्टफोलियों

- अगर आप 500–1000 SIP शुरू कर रहे हैं :
- 40% Flexi Cap Fund
  30% Large Cap Fund
  30% Mid/Small Cap
- इससे आपका जोखिम संतुलित रहेगा और रिटर्न की संभावना भी अच्छी होगी।

### काम की बात

- SIP आम निवेशक के लिए एक आसान, लचीला और प्रभावी निवेश तरीका है। सही योजना और धैर्य के साथ यह आपके वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में मजबूत सहायक बन सकता है। निवेश में जल्दबाजी नहीं, निरंतरता ही सफलता की कुंजी है। ...तो एसआईपी में निवेश कर बढ़ाएं अपना धन। ...शुभ निवेश



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# बंगाल की समस्याओं का हल है भाजपा की डबल इंजन सरकार : योगी आदित्यनाथ

**रामपुरहाट (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में भ्रष्टाचार, जबरन वसूली और माफिया राज ने पश्चिम बंगाल को पहचान के संकट में धकेल दिया है।

योगी आदित्यनाथ ने भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में बीरभूम जिले के रामपुरहाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल के लोगों को अब तृणमूल कांग्रेस की जरूरत नहीं है और मतदाताओं से आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा का समर्थन करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों से बंगाल पहचान के संकट का सामना कर रहा है। तृणमूल कांग्रेस सरकार में आतंक, जबरन वसूली, भ्रष्टाचार और माफिया राज प्रदेश की पहचान बन गए हैं। आम लोगों, खासकर महिलाओं और युवाओं के बीच डर का माहौल उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि लोग खौफ में जी रहे हैं। बेटियां और बहनें सुरक्षित नहीं हैं, युवाओं का कोई भविष्य नहीं है और राजनीतिक संरक्षण में माफिया पनप रहे है। भाजपा इस माफिया संस्कृति को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।



पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट में एक जनसभा के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा के सत्ता में आने से पहले के हालात की तुलना पश्चिम बंगाल से करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि उनका राज्य भी कभी लगातार दंगों, कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का गवाह रहा था। उन्होंने कहा कि बंगाल में आज जो स्थिति दिख रही है, वह नौ साल पहले उत्तर प्रदेश में थी।

### अभिषेक ने अमित शाह को दी मतगणना के दिन मौजूद रहने की चुनौती

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने भाजपा पर पश्चिम बंगाल चुनावों से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मतगणना के दिन कोलकाता में मौजूद रहने की बृहस्पतिवार को चुनौती दी। पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के भगवानपुर में एक चुनावी रैली में बनर्जी ने कहा कि अगर आपमें हिम्मत है, तो मतगणना के दिन कोलकाता में मौजूद रहें, तब हम देखेंगे। उन्होंने ममता बनर्जी के चौथी बार सत्ता में लौटने का विश्वास व्यक्त किया। मतगणना चार मई को होगी। भाजपा नेताओं से धमकियां मिलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि हमें धमकियां मिल रही हैं। गृह मंत्री कह रहे हैं कि तृणमूल कार्यकर्ता अपने घरों से बाहर न निकलें वरना उन्हें जेल भेज दिया जाएगा। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि किसी में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह यहां आकर बंगाल के लोगों को धमकाए।

# महिला आरक्षण कानून में संशोधन और परिसीमन को जोड़ना साजिश है: बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि महिला आरक्षण कानून में संशोधन और परिसीमन आयोग के गठन से संबंधित विधेयकों को कथित तौर पर आपस में जोड़ना मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने की साजिश है।

बनर्जी ने कूच बिहार जिले के माथाभंगा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों को जोड़कर भारत को बांटने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों को आपस में जोड़कर भारत को बांटने की कोशिश की जा रही है। इन विधेयकों को आपस में जोड़ना मतदाताओं के नाम हटाने और एनआरसी को लागू करने की साजिश है।



जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

बता दें कि सरकार ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन और परिसीमन से संबंधित तीन विधेयकों को पेश किया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026' और 'परिसीमन विधेयक, 2026' पेश किए, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया।

बनर्जी ने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण विधेयक तो बहुत पहले ही पारित हो चुका था, फिर इसके कार्यान्वयन में देरी क्यों हुई? तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने दावा किया कि लोकसभा में उसके निर्वाचित सांसदों में से 37 प्रतिशत महिलाएं हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान कथित तौर पर कार्ड बांटने का जिक्र करते हुए, बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का कथित उल्लंघन करने के लिए उन्हें (सीतारमण) पद से हटाने की चुनौती दी।



लोगों को संबोधित करते तमिलनाडु के सीएम स्टालिन।

# तमिलनाडु : स्टालिन ने जलाई परिसीमन विधेयक की प्रति, इसे बताया 'काला कानून'

**चेन्नई/नामक्कल, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बृहस्पतिवार को परिसीमन विधेयक की एक प्रति जलाकर उसे काला कानून करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विधेयक तमिल लोगों को उनकी अपनी ही भूमि में शरणार्थी बनाने का प्रयास है। महिला आरक्षण संशोधन अधिनियम पर संसद के बजट सत्र की विशेष बैठक से कुछ घंटे पहले स्टालिन ने काला झंडा दिखाया, केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई परिसीमन विधेयक की एक प्रति जलाई और नारे लगाए। मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार के सिलसिले में पश्चिमी तमिलनाडु के नामक्कल में हैं और वहां उन्होंने विधेयक की प्रति जलाई। स्टालिन और काले वस्त्र पहने अन्य लोगों ने इस बीच नारे लगाए। उन्होंने 'पोराडावोम, वेलवोम ओन्द्रगा (आइए हम मिलकर संघर्ष करें, साथ मिलकर जीतें) का नारा भी लगाया। स्टालिन द्वारा विधेयक की प्रति जलाने के बाद पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विधेयक की प्रतियां जलाईं। उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान मदुरै में विधेयक की एक प्रति जलाई। उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि परिसीमन केंद्र सरकार के हाथों में राज्य के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को खत्म करने का एक हथियार है।



जनसम्पर्क करते टीवीके प्रमुख विजय।

# चुनाव घोषणा पत्र : टीवीके प्रमुख बोले-महिलाओं को 2500 रुपये मासिक देंगे

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी किया जिसमें महिलाओं के लिए 2,500 रुपये की मासिक सहायता और निर्धन तबके की महिलाओं की शादी के वास्ते आठ ग्राम सोना देने का वादा किया गया है। विजय ने इन महिलाओं की शादी के लिए सोने के अलावा उच्च गुणवत्ता वाली रेशम की एक साड़ी देने का भी वादा किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों के वास्ते पांच लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण और बच्चों को बीच में पढ़ाई छोड़ने से रोकने के लिए माताओं को प्रतिवर्ष 15 हजार रुपये देने का भी आश्वासन दिया। विजय ने पांच एकड़ से कम भूमि वाले किसानों के लिए पूर्ण सहकारी फसल ऋण माफी और धान के लिए 3,500 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का वादा किया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इजराइल के हमलों में चार लेबनानी राहत कर्मियों की मौत

**टायरे।** इजराइली सेना के बुधवार को लगातार तीन लक्षित हमलों में चार लेबनानी बचावकर्मी मारे गए और छह घायल हो गए। यह घटना नबातिएह के पास स्थित दक्षिणी गांव मयफदौन में हुई, जहां पहले हमले में घायल नागरिकों की मदद के लिए पहुंचे बचावकर्मियों को निशाना बनाया गया। दूसरे हमले में, पहले से घायल साथियों की सहायता करने पहुंचे दल को निशाना बनाया गया, जबकि तीसरा हमला उन राहतकर्मियों पर हुआ जो पहले दो समूहों की मदद के लिए पहुंचे थे। लेबनान ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है। इस्लामिक हेल्थ कमेटी के अधिकारी अबू हैदर हया ने कहा कि राहतकर्मियों को निशाना बनाना संकेत है कि इस युद्ध में कोई सीमा रेखा नहीं बची है।

### लश्कर ए तैयबा के सह संस्थापक को लाहौर में गोली मारी, घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान स्थित लश्कर ए तैयबा आतंकी समूह का सह संस्थापक आमिर हमजा बृहस्पतिवार को लाहौर में मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में गोली लगने से घायल हो गया। हमजा को लश्कर ए तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद के बाद दूसरा सबसे महत्वपूर्ण नेता माना जाता है। सईद आतंकी वित्तपोषण मामलों में कई वर्षों की सजा के बाद 2019 से लाहौर की कोट लखपत जेल में बंद है। अज्ञात बंदूकधारियों ने गृह मंत्री मोहसिन नकवी के स्वामित्व वाले निजी टीवी चैनल '24 न्यूजएचडी टीवी' के वाहन पर गोलीबारी की। चैनल के धार्मिक कार्यक्रम के मेजबान न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) नजीर अहमद गाजी और हमजा वाहन में सवार थे। इस हमले में हमजा को गोली लगी जबकि गाजी बाल-बाल बच गए।

### नीदरलैंड्स में जेलेंस्की को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा

**मिडलबर्ग।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को बृहस्पतिवार को एक समारोह में प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फोर फ्रीडम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। जेलेंस्की को यह पुरस्कार रूस द्वारा चार वर्ष से अधिक समय पहले शुरू किए गए युद्ध के जवाब में उनके और उनके देश के साहस और दृढ़ता के लिए रूजवेल्ट फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया। रूजवेल्ट फाउंडेशन की स्थापना 1982 में की गई थी। फाउंडेशन के अध्यक्ष ह्यूगो डी जोंगे ने बृहस्पति को कहा, हम यूक्रेन की जनता के अटूट साहस और दृढ़ संकल्प व उनके राष्ट्रपति जेलेंस्की के दृढ़ व संकल्पित नेतृत्व को सर्वोच्च सम्मान देते हैं। नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री रॉब जेटेन ने जेलेंस्की को सम्मानित किया।

# ईरान युद्ध : यूरोप में बढ़ा संकट, सिर्फ छह सप्ताह के लिए बचा विमान ईंधन

## आईआईए ने सबसे बड़ा ऊर्जा संकट करार दिया, कहा- युद्ध जारी रहा तो रद्द होंगी उड़ानें

**पेरिस, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के प्रमुख फातिह बिरोल ने बृहस्पतिवार को आगाह किया कि यूरोप के पास संभवतः करीब छह हफ्ते का विमान ईंधन ही बचा है और यदि ईरान युद्ध के कारण तेल आपूर्ति बाधित रहती है तो जल्द ही उड़ानें रद्द करने की नौबत आ सकती हैं।

आईईए के कार्यकारी निदेशक फातिह बिरोल ने एक साक्षात्कार में पश्चिम संकट के वैश्विक प्रभावों की गंभीर स्थिति बयां करते हुए इसे अब तक का सबसे बड़ा ऊर्जा संकट करार दिया जो दरअसल होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए तेल, गैस एवं अन्य महत्वपूर्ण आपूर्ति के बाधित होने से पैदा हुआ है। बिरोल ने कहा, पहले डायर (भयानक) स्ट्रेट्स नाम का एक समूह था। अब यह सचमुच एक डायर स्ट्रेट बन गया है और इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर पड़ेगा। यह जितना लंबा चलेगा, वैश्विक आर्थिक वृद्धि और महंगाई के लिए उतना ही खराब होगा। बिरोल ने कहा कि इसका प्रभाव पेट्रोल (गैसोलीन) की ऊंची कीमतें, गैस की बढ़ती कीमतें और बिजली की महंगी दरों के रूप में दिखाई देगा जबकि दुनिया के कुछ हिस्से दूसरों की तुलना में अधिक प्रभावित होंगे।

उन्होंने कहा, सबसे ज्यादा असर एशियाई देशों पर पड़ेगा जो पश्चिम एशिया से ऊर्जा पर निर्भर हैं जिनमें जापान, दक्षिण कोरिया, भारत, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं। इसके बाद इसका प्रभाव यूरोप और अमेरिका पर पड़ेगा। उन्होंने आगाह किया कि यदि होर्मुज नहीं खुलता है तो जल्द ही हम यह खबर सुन सकते हैं कि विमान ईंधन की कमी के कारण एक शहर से दूसरे शहर के लिए उड़ानें रद्द की जा सकती हैं।




### अमेरिकी सीनेट में युद्ध रोकने का प्रस्ताव खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सीनेट ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को रोकने वाले प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इस पहल का 52 सीनेटरों ने विरोध और 47 ने समर्थन किया। यह वोट इस साल चौथी बार है जब सांसदों ने इसकी वैधता और दायरे को लेकर जताई गई चिंताओं के बावजूद औपचारिक मंजूरी के बिना यह युद्ध जारी रखने की अनुमति दी है।

### अराघची ने मुनीर से कहा- गैरकानूनी युद्ध के स्थायी अंत की शर्तों को देंगे प्राथमिकता

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि उनके देश पर थोपे गए गैरकानूनी युद्ध के निर्णायक और स्थायी अंत की शर्तें उनकी प्राथमिकता हैं और अमेरिकी मीडिया में उसके रुख को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम पाकिस्तान के प्रयासों के लिए आभारी हैं और हमने कभी इस्लामाबाद जाने से इन्कार नहीं किया। हमारे लिए अहम है कि हम पर थोपे गए इस गैरकानूनी युद्ध का निर्णायक और स्थायी अंत किन शर्तों पर होगा। अराघची ने बुधवार को तेहरान में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात के दौरान यह बात कही। उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मुनीर के साथ पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय, सुरक्षा संस्थानों और तकनीकी विशेषज्ञों के प्रतिनिधि शामिल थे।

### वार्ता के दूसरे दौर की तारीख अभी तय नहीं : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत के दूसरे दौर के लिए अभी कोई तारीख तय नहीं की गई है। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी का यह बयान उन खबरों के बीच आया है कि पाकिस्तानी पक्ष द्वारा ईरानी नेतृत्व सहित क्षेत्रीय नेताओं के साथ किए गए हालिया संपर्क के बाद बातचीत का एक और दौर संभव है।

### चीन के बदले सुर, कहा- होर्मुज खोलना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की साझा मांग

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने ईरान से होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा है। तेहरान के अमेरिका के साथ युद्ध के दौरान इस अहम समुद्री मार्ग पर दबाव बढ़ाने के बीच बीजिंग की ओर यह पहली अपील है। वांग यी ने बुधवार को अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत के दौरान अंतरराष्ट्रीय नौवहन की स्वतंत्रता और सुरक्षा की गारंटी मांगी। वांग की यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के नेतृत्व में पाकिस्तान का एक मध्यस्थता प्रतिनिधिमंडल बुधवार को तेहरान पहुंचा, जहां उसने इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता के लिए नए शांति प्रस्तावों पर चर्चा की। ईरान का करीबी सहयोगी और उसके तेल का सबसे बड़ा आयातक चीन भी अमेरिकी नाकेबंदी से बढ़ते ऊर्जा संकट को लेकर चिंतित है। इस नाकेबंदी के कारण ईरान के बंदरगाहों से तेल और गैस ले जाने वाले जहाजों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

# विफल हो रहा है अखिल भारतीय सेवा के निर्माण का उद्देश्य..ये देश का दुर्भाग्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच अविश्वास को उजागर करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को चुनाव निकाय की ओर से राज्य में 1,000 से अधिक प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के तबादलों को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने टिप्पणी की कि यह देश का दुर्भाग्य है कि अखिल भारतीय सेवाओं के निर्माण का उद्देश्य विफल हो रहा है।

हालांकि सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने इस विवादास्पद कानूनी प्रश्न को भविष्य में विचार के लिए खुला रखा कि क्या निर्वाचन आयोग को चुनाव वाले राज्यों में प्रशासनिक परिवर्तन करने से पहले संबंधित राज्य से परामर्श करने की आवश्यकता है। सीजेआई ने कहा कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर की कवायद में न्यायालय को न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति करनी पड़ी क्योंकि पक्षों के बीच विश्वास की कमी थी। पीठ ने कहा, आयोग को राज्य सरकार के अधिकारियों पर भरोसा नहीं है और राज्य को उनके आयोग द्वारा लाए गए अधिकारियों पर भरोसा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 31 मार्च के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग द्वारा अधिकारियों के तबादलों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था।सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता अर्का कुमार नाग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने कहा कि विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद पश्चिम बंगाल में लगभग 1,100 अधिकारियों का रातोंरात तबादला कर दिया गया। पहली बार किसी राज्य के मुख्य सचिव का इस तरह से तबादला किया गया है। पीठ ने टिप्पणी की, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है या ऐसा सिर्फ इसी राज्य में नहीं हुआ है। बनर्जी ने कहा कि निर्वाचन आयोग को इस तरह तबादलों से पहले राज्य से परामर्श करने की आवश्यकता है। सीजेआई ने पूछा, जिन अधिकारियों का तबादला हुआ है, वे सभी पश्चिम बंगाल कैडर के हैं। ऐसा नहीं है कि अन्य राज्यों के अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। बनर्जी ने कहा कि याचिकाकर्ता यह तर्क नहीं दे रहा है कि न्यायालय को अधिकारियों के तबादलों पर रोक लगानी चाहिए, बल्कि उसने इस मामले में कानून का एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है। पीठ ने कहा, हम उचित मामले में इस पर निर्णय लेंगे। हम कानून के प्रश्न को खुला रखेंगे।



• सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में अधिकारियों के तबादलों के खिलाफ दायर याचिका पर की टिप्पणी

### मुस्लिम पर्सनल लॉ के प्रावधानों के खिलाफ याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को केंद्र से उस जनहित याचिका पर जवाब मांगा जिसमें मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। याचिका में इन प्रावधानों को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि ये महिलाओं के खिलाफ कथित तौर पर भेदभावपूर्ण हैं। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने याचिकाकर्ताओं पौलोमी पाविनी शुक्ला और न्याय नारी फाउंडेशन की ओर से मामले में पेश हुए वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर गौर किया और केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को नोटिस जारी किया।

# सैन्य संघर्ष किसी समस्या का हल नहीं हो सकता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया एक बेहद तनावपूर्ण स्थिति से गुजर रही है, जिससे सभी देश प्रभावित हो रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह कहते हुए यूक्रेन और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति लाने की अपील की कि सैन्य संघर्ष से किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता।

मोदी ने ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह टिप्पणी की, जिसमें व्यापार, रक्षा और अवसंरचना के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। अपनी वार्ता में मोदी और स्टॉकर ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्षों के वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें कम करने के लिए संयुक्त रूप से काम करने का संकल्प लिया। ऑस्ट्रिया के चांसलर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से चार दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को नयी दिल्ली पहुंचे। भारत की यह उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बयान में कहा, पूरी दुनिया बहुत ही गंभीर और तनावपूर्ण स्थिति से गुजर रही है और यह स्थिति हम सब को प्रभावित कर रही है। ऐसे तनावपूर्ण वैश्विक माहौल में भारत और ऑस्ट्रिया इस बात पर एकमत हैं कि सैन्य संघर्ष से समस्याओं का हल नहीं हो सकता। चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम एक स्थिर, टिकाऊ और स्थायी शांति का समर्थन करते हैं।



• प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ वार्ता के बाद की टिप्पणी

### छह समझौतों पर दोनों पक्षों ने किए हस्ताक्षर

मोदी-स्टॉकर वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें एक समझौता भारतीय और ऑस्ट्रियाई कंपनियों को एक-दूसरे के यहां निवेश करने में सहायता के लिए एक त्वरित तंत्र स्थापित करने से संबंधित है। सैन्य क्षेत्र में सहयोग के लिए भी एक समझौता किया गया। मोदी ने स्टॉकर की यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और भारत में रेलवे के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा पहल सहित कई इंजीनियरिंग परियोजनाओं में ऑस्ट्रियाई कंपनियों की भागीदारी का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, भारत-यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता होने के बाद, भारत और यूरोपीय संघ के संबंधों में एक नया स्वर्णिम अध्याय शुरू हो गया है। चांसलर स्टॉकर की यात्रा के साथ, हम भारत-ऑस्ट्रिया संबंधों को भी एक नए युग में ले जा रहे हैं।

### ट्रंप महाभियोग मामले में जांच की सिफारिश

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले महाभियोग जांच से जुड़े दो पूर्व अधिकारियों के खिलाफ न्याय विभाग (डीओजे) को जांच करने का निर्देश दिया है।

गबार्ड के कार्यालय ने पुष्टि की कि उन्होंने एक व्हिसलब्लोअर और खुफिया समुदाय के एक पूर्व निगरानी अधिकारी के खिलाफ आपराधिक संदर्भ तैयार किए हैं, हालांकि किसी विशेष अपराध का उल्लेख नहीं किया गया है। गबार्ड के कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि इन संदर्भों पर आपराधिक जांच शुरू करनी है या नहीं, यह निर्णय न्याय विभाग के अभियोजक लेंगे।

# रूस के यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों में हमले, 16 लोगों की मौत

**कीव, एजेंसी**

रूस ने यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर कई घंटे तक सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में 16 लोग मारे गए और 80 से अधिक लोग घायल हो गए। लगभग दो सप्ताह में यूक्रेन को निशाना बनाकर किया गया रूस का यह सबसे बड़ा हवाई हमला था।

अधिकारियों ने बताया कि रूस ने लगभग 700 ड्रोन और कई बैलिस्टिक एवं क्रूज मिसाइलें दागीं, जिनका मुख्य निशाना आम नागरिक थे। रूस ने चार साल से अधिक समय पहले पड़ोसी देश पर आक्रमण किया था और तब से रूसी सेना लगभग हर दिन नागरिक क्षेत्रों पर हमले कर रही है। नियमित हमलों के बीच-बीच में बड़े पैमाने पर हमले भी होते रहते हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इन हमलों में 15,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं। ताजा बमबारी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की इस सप्ताह जर्मनी, नॉर्वे और इटली की 48 घंटे की यात्रा के बाद हुई है। यात्रा के दौरान जेलेंस्की ने रूसी मिसाइलों को रोकने में सक्षम और अधिक वायु रक्षा प्रणालियों की तत्काल मांग की थी।

## सुकून तलाश करने की राह में खतरे भी हैं

# क्या आपकी दीवारें सब देख रही हैं

सोचिए, आप ऑफिस से थके-हारे घर लौटते हैं, दरवाजा अपने आप खुल जाता है, कॉफी मेकर मशीन गरम कॉफी तैयार रखती है और आपकी पसंद का म्यूजिक बजने लगता है। वैसे तो यह जादुई सा लगता है, लेकिन दरअसल इस आराम के पीछे एक ऐसी कीमत है जो आप अनजाने में चुका रहे हैं। आपके घर के स्मार्ट उपकरण चाहे वह स्मार्ट टीवी हो, फ्रिज हो या रोबोट वैक्यूम क्लीनर, वे सिर्फ आपकी सेवा नहीं कर रहे, बल्कि वे आपके निजी जीवन का एक लाइव डेटा मैप भी बना रहे होते हैं।




इंटरनेट ऑफ थिंग्स के इस युग में हर उपकरण इंटरनेट से जुड़ा है। इसका मतलब है कि आपके घर की हर हलचल डेटा बनकर कंपनी के सर्वर पर जा रही है।

### ऐसे समझें यह सारा माजरा



- **रोबोट वैक्यूम का मैप :** रोबोट वैक्यूम क्लीनर पूरे घर का एक थ्री डी मैप बनाता है। उसे पता है कि आपका बेडरूम कितना बड़ा है और घर में कितना फर्नीचर है और आपकी लाइफस्टाइल कैसी है। यह डेटा रियल एस्टेट या फर्नीचर कंपनियों के लिए बहुत कीमती है।
- **स्मार्ट टीवी की नजर :** स्मार्ट टीवी में ऑटोमैटिक कन्टेंट रिकग्नीशन तकनीक होती है। यह न केवल यह ट्रैक करता है कि आप क्या देख रहे हैं, बल्कि टीवी में लगे सेंसर और माइक यह भी जान सकते हैं कि कमरे में कितने लोग बैठे हैं।
- **स्मार्ट फ्रिज और सेहत :** आपका स्मार्ट फ्रिज जानता है कि आप कब दूध खत्म करते हैं और कब शराब या कोल्ड ड्रिंक पीते हैं। यह डेटा आपकी डाइट और स्वास्थ्य की पूरी जानकारी इंश्योरेंस कंपनियों को दे सकता है।



**फैक्ट**

क्या आप जानते हैं कि एक अंतरराष्ट्रीय रिसर्च में पाया गया कि एक औसत स्मार्ट घर दिन भर में लगभग 50 से 100 एमबी डेटा बाहरी सर्वर पर भेजता है। अमेरिका में एक मर्डर केस के दौरान पुलिस ने स्मार्ट वॉटर मीटर के डेटा का इस्तेमाल यह साबित करने के लिए किया था कि आरोपी ने अपराध के वक्त खून साफ करने के लिए बहुत ज्यादा पानी का इस्तेमाल किया था। आपके घर के उपकरण आपके सबसे वफादार गवाह या मुखबिर बन सकते हैं।

### क्या करते हैं वीवीआईपी

कई राष्ट्राध्यक्ष और वीवीआईपी मॉडिफाई किए फोन का उपयोग करते हैं जिसमें से कैमरा या जीपीएस जैसे हार्डवेयर हटा दिए जाते हैं। ऐसे कंप्यूटरों का उपयोग किया जाता है जो कभी इंटरनेट से नहीं जुड़ते। इसे एयर गैपिंग कहा जाता हैं।

### ये जरूरी बातें भी रखें ध्यान

- **डार्क लिसनिंग और स्मार्ट बल्ब**
  क्या आप जानते हैं कि कुछ स्मार्ट बल्ब आपके कमरे की आवाजों के साथ सिंक होते हैं। यानी उनके पास माइक न भी हो तो भी वे बिजली खपत में होने वाले बदलावों से घर के अंदर की हलचल का अंदाजा लगा सकते हैं।
- **घर की प्राइवेसी का लीक होना**
  स्मार्ट सिक्योरिटी कैमरे सबसे खतरनाक हो सकते हैं। अगर इन कैमरों का पासवर्ड कमजोर है या उनकी कंपनी का सर्वर हैक होता है तो कोई अनजान व्यक्ति आपके बेडरूम के अंदर की लाइव फीड देख सकता है।
- **बिजली के मीटर की जासूसी**
  स्मार्ट मीटर बता सकते हैं कि आपने रात को किस वक्त लाइट बंद की, सुबह कितने बजे उठे और कौन से उपकरण जैसे एसी या हीटर का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। यह आपके रूटीन का सटीक ग्राफ है।

### एक्सपर्ट टिप्स

- **कैमरों पर फिजिकल कवर :** अगर आपके स्मार्ट टीवी या लैपटॉप में कैमरा है तो उस पर एक छोटा सा स्टिकर या स्लाइडर लगा दें। सॉफ़्टवेयर पर भरोसा करने से बेहतर है भौतिक सुरक्षा।
- **अलग वाई-फाई नेटवर्क :** स्मार्ट उपकरणों के लिए अलग वाई-फाई नेटवर्क बनाएं। इससे कोई हैकर आपका स्मार्ट बल्ब हैक करेगा तो आपके मुख्य कंप्यूटर या फोन तक नहीं पहुंच पाएगा।
- **म्यूट बटन का प्रयोग :** स्मार्ट स्पीकर्स जैसे एलेक्सा या गूगल होम में फिजिकल म्यूट बटन होता है। जब कोई निजी बात कर रहे हों तो उसे मैन्युअली बंद कर दें।
- **अपडेट्स हैं जरूरी :** अपने हर स्मार्ट उपकरण के फर्मवेयर को समय-समय पर अपडेट करते रहें। पुराने सॉफ़्टवेयर में हैकिंग का खतरा सबसे ज्यादा होता है।

# मेलोनी को साहसी समझा था मगर गलत साबित हुआ

**मिलान/साओ पाओलो।** पोप लियो 14वें का समर्थन करने के कारण इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर आ गई हैं। मेलोनी को कभी यूरोप और डोनाल्ड ट्रंप के बीच सेतु माना जाता था। वहीं, ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला डी सिल्वा ने भी पोप की आलोचना करने के लिए ट्रंप पर निशाना साधा है।

पोप लियो आलोचना करने के बाद ट्रंप ने अपना गुस्सा मेलोनी पर निकाला जो लंबे समय से उनके सबसे करीबी यूरोपीय सहयोगियों में से एक रही हैं। मेलोनी ने पोप पर इस तीखे हमले को अस्वीकार्य बताया था और ईरान पर अमेरिका-इजराइल युद्ध का समर्थन करने से इन्कार कर दिया था। ट्रंप ने इटली के एक प्रमुख दैनिक अखबार को दिए साक्षात्कार में कहा, मुझे लगा था कि उनमें साहस है, लेकिन मैं गलत था। हालांकि मेलोनी ने ट्रंप के हमलों का सीधे तौर पर जवाब नहीं दिया है। बुधवार को ट्रंप ने अपने रुख पर जोर देते हुए कहा कि उनके बीच संबंध खराब हो गए हैं। 'फॉक्स न्यूज' से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, उनका (मेलोनी का) रवैया नकारात्मक रहा है। जिसने भी ईरान के मामले में हमारी मदद करने से इनकार किया है, उनके साथ हमारे संबंध पहले जैसे नहीं रहे।

इस सप्ताह मेलोनी ने पोप पर ट्रंप के हमले को अस्वीकार्य बताया था जो अमेरिकी राष्ट्रपति की अब तक की सबसे सीधी आलोचना थी।



• पोप लियो का समर्थन करने पर इटली की प्रधानमंत्री पर भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में नकारात्मक परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक खर्चों पर नियन्त्रण रखें।

**वृष** – आज आपके ऊपर मानसिक दबाव बढ़ सकता है। सिरदर्द की समस्या हो सकती है। माइग्रेन के रोगियों को भोजन और नींद का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**मिथुन** – आज आय के नए स्रोत बनेंगे, लेकिन आपके खर्च भी बढ़ेंगे। व्यापार को लेकर बड़ी डील हो सकती है।

**कर्क** – आज धन की कमी से रुके कार्य प्रारंभ हो सकते हैं। आपको व्यापार में बड़े अवसर मिल सकते हैं। अपनी पुरानी गलतियों का विश्लेषण करेंगे।

**सिंह** – आज परिजनों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। कानूनी मामलों में उलझ सकते हैं। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

**कन्या** – आज नई तकनीक के प्रति अत्यंत आकर्षित रहेंगे। घर में आपका मन नहीं लगेगा। तीर्थस्थल की यात्रा हो सकती है। हिसाब-किताब में पारदर्शिता रखें।

**तुला** – आज आपकी आय में वृद्धि होगी। बच्चे काफी अनुशासित रहेंगे। रिश्तेदारों के घर जाने का अवसर मिलेगा।

**वृश्चिक** – आज विरोधी आपके प्रति सक्रिय रहेंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परीक्षा परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है।

**धनु** – आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त व्यवस्थित रहेगी। पारिवारिक तनाव दूर होगा। मन में अज्ञात कारणों से चिन्ता रहेगी।

**मकर** – आज नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। संतान की उन्नति से आप अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। पूर्व में किया गया निवेश लाभप्रद सिद्ध होगा।

**कुंभ** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को सावधान होकर वक्तव्य देना चाहिये। कार्यक्षेत्र का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा।

**मीन** – आज अटके हुए काम दोबारा शुरू होंगे। वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें। शारीरिक पीड़ा हो सकती है।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 17 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- कृष्ण पक्ष, अमावस्या 17 .21 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-रेवती 12 .02 तक तत्पश्चात अश्विनी।

### सुडोकू - 121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 | 1 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 1 | 9 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 4 | 7 |

### सुडोकू -122

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | | | 5 | | | | |
| | 1 | | | | 9 | | | |
| | | 5 | | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 4 | | | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 2 | | | 3 | 1 | | 6 | | |
| 5 | | | | 4 | | | 9 | |
| | | | 7 | | | | 1 | |
| | 6 | | | 9 | 2 | | 8 | 4 |

**भारत ने जारी की रिपोर्ट** | विश्व भर में अब तक के सर्वाधिक रॉकेट प्रक्षेपित किए गए पिछले साल

# अंतरिक्ष में मानवीय प्रभुत्व बढ़ाने वाला साल रहा 2025

**चेन्नई, एजेंसी**

भारतीय अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता रिपोर्ट (इसार-2025) के अनुसार वर्ष 2025 में विश्व भर में अब तक के सबसे अधिक रॉकेट प्रक्षेपित किए गए। इस रिपोर्ट को इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने कुछ दिन पहले बेंगलुरु में आयोजित ''स्पेसक्राफ्ट मिशन ऑपरेशंस'' (स्मॉप्स-2026) के उद्घाटन सत्र के दौरान जारी किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 में कुल 328 रॉकेट प्रक्षेपित किए गए जिनमें से 315 सफल रहे। इन मिशनों के जरिए 4,198 उपग्रहों को उनकी कक्षाओं में स्थापित किया गया।

इस वर्ष अंतरिक्ष में मानव निर्मित वस्तुओं की संख्या में भी भारी बढ़ोतरी हुई और कुल 4,651 नई वस्तुएं अंतरिक्ष में भेजी गईं। इसरो ने बताया कि पिछले वर्षों की तुलना में यह एक बड़ी वृद्धि है, क्योंकि 2024 में 254 प्रक्षेपणों के माध्यम से 2,963 वस्तुएं और 2023 में 212 प्रक्षेपणों के माध्यम से 3,135 वस्तुएं अंतरिक्ष में भेजी गई थीं। भारत की तरफ से 2025 के अंत तक निजी संचालकों और शैक्षणिक संस्थानों सहित कुल 144 अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित किए गए। वर्तमान में भारत के पास निचली कक्षा (एलईओ) में 22 और भू-स्थैतिक कक्षा (जीईओ) में 31 सक्रिय उपग्रह हैं। वहीं, एनवीएस-02 उपग्रह एक अंडाकार कक्षा में अपना काम कर रहा है। इसके अलावा, भारत के दो दूरस्थ अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान-2 और आदित्य-एल1 भी पूरी तरह सक्रिय हैं। साल 2025 की एक खास घटना चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल का चंद्रमा के पास से गुजरना रहा। यह मॉड्यूल नवंबर 2023 में पृथ्वी की ऊंची कक्षा में भेजा गया था, जिसने नवंबर 2025 में चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में फिर से प्रवेश किया।



### कचरामुक्त रखें अंतरिक्ष को

रिपोर्ट में अंतरिक्ष को साफ रखने के प्रयासों पर भी जोर दिया गया है। इसरो ने 2030 तक मलबे मुक्त अंतरिक्ष मिशन का लक्ष्य रखा है। इसके तहत अब उपग्रहों के डिजाइन और संचालन में ऐसे बदलाव किए जा रहे हैं जिससे मिशन खत्म होने के बाद वे अंतरिक्ष में कचरा न बनें।



> ऋषभ पंत अपनी विकेट खुद ही गंवा रहे हैं जबकि वह इसके लिए गेंदबाजों को मेहनत नहीं करवा रहे और और इसी वजह से मौजूदा आईपीएल सत्र में लखनऊ सुपर जाएंट्स की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।
> –नवजोत सिंह सिद्धू


# स्टेडियम

अयोध्या, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

गुजरात टाइटंस

बनाम

कोलकाता नाइट राइडर्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**



- विराट कोहली बेंगलुरु–228 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–224 रन
- रजत पाटीदार बेंगलुरु–222 रन

**पर्पल कैप**



- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 10 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई – 10 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ– 9 विकेट

**हाईलाइट**

### फ्रेंच ओपन की इनामी राशि में इजाफा

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की इनामी राशि में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जिससे कुल इनामी राशि छह करोड़ 17 लाख यूरो (सात करोड़ 21 लाख डॉलर) हो गई है। यह कुल राशि पिछले साल के मुकाबले 53 लाख यूरो अधिक है। प्रतियोगिता 24 मई को पश्चिमी पेरिस के रोलां गैरो में शुरू होगी। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उप विजेता को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को सात लाख 50 हजार यूरो और पहले दौरे में हारने वाले खिलाड़ियों को 87 हजार यूरो मिलेंगे। पुरुष और महिला युगल के विजेताओं को छह लाख यूरो और मिश्रित युगल की चैंपियन जोड़ी को एक लाख 22 हजार यूरो मिलेंगे।

### खलील चोट के कारण आईपीएल से बाहर

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज खलील अहमद कूल्हे में चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं, जो अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश में जुटी इस फ्रेंचाइजी टीम के लिए करारा झटका है। खलील ने सीएसके की तरफ से अभी तक सभी पांच मैच में हिस्सा लिया है। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 14 अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान अपने दाहिने कूल्हे में दर्द की शिकायत की थी।

### एशियाई खेलों के पदक पर बरवाल की नजरें

**नई दिल्ली।** हाल में भारतीय एथलेटिक्स का सबसे पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने के बाद मैराथन धावक सावन बरवाल का लक्ष्य एशियाई खेलों में देश के लिए 1982 के बाद इस दूरी का पहला पदक जीतना है। मैराथन में भारत का आखिरी एशियाई खेल पदक होसुर कुक्कप्पा सीतारण ने 1982 में नयी दिल्ली में जीता था। उससे पहले छोटा सिंह ने राष्ट्रीय राजधानी में हुए शुरुआती 1951 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

# क्विंटन डिकॉक के शतक से मुंबई ने पंजाब को दिया 196 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : शुरुआती झटकों से उबारा, नमन संग शतकीय भागीदारी



रन लेते मुंबई इंडियंस के क्विंटन डिकॉक (बाएं) और नमन धीर। एजेंसी

**मुंबई, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक के तेजतर्रार शतक और नमन धीर के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ छह विकेट पर 195 रन बनाए।

मौजूदा सत्र में अपना पहला मैच खेल रहे डिकॉक ने 60 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से नाबाद 112 रन की पारी खेलने के अलावा नमन धीर (50 रन, 31 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए उस समय 122 रन की साझेदारी की जब टीम तीसरे ओवर में 12 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अर्शदीप ने उनके फैसले को सही साबित करते हुए तीसरे ओवर में रेयान रिकेल्टन (02) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (00) को लगातार गेंदों पर पवेलियन भेजा।

रिकेल्टन ने अर्शदीप की गेंद को बाउंड्री पर शशांक सिंह के हाथों में खेला और इस तेज गेंदबाज का 100वां आईपीएल शिकार बने। अगली गेंद पर सूर्यकुमार भी शॉर्ट थर्ड मैन पर युजवेंद्र चहल के हाथों लपके गए। डिकॉक ने मौजूदा टूर्नामेंट की अपनी पहली गेंद पर मार्को यानसेन (30 रन पर एक विकेट) पर छक्का जड़ा जबकि नमन ने जेवियर बार्टलेट पर चौका मारा। नमन हालांकि 10 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब युजवेंद्र चहल ने यानसेन की गेंद पर शॉर्ट फाइन लेग पर उनका आसान कैच टपका दिया।

नमन ने विजयकुमार वैशाक का स्वागत दो चौकों और एक छक्के के साथ किया और पावर प्ले में मुंबई का स्कोर दो विकेट पर 48 रन तक पहुंचाया। नमन और डिकॉक ने अगले ओवर में चहल पर छक्के मारे। डिकॉक ने चहल पर छक्के और एक रन के साथ 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। डिकॉक ने बार्टलेट की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ 11वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। नमन ने भी शशांक (19 रन पर एक विकेट) की गेंद पर एक रन के साथ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन इस तेज गेंदबाज की अगली गेंद को लॉन्ग ऑफ पर बार्टलेट के हाथों में खेल गए।

डिकॉक ने बार्टलेट पर चौके के साथ 53 गेंद में अपना तीसरा आईपीएल शतक पूरा किया। कप्तान हार्दिक पंड्या (14) ने यानसेन पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर शानदार कैच का शिकार बने। उन्होंने अगली गेंद को भी सीधा खेला जो छह रन के लिए जा रही थी लेकिन अय्यर ने गेंद को लपका और बाउंड्री से बाहर जाने से पहले बार्टलेट की ओर उछाल दिया जिन्होंने कैच पकड़ा।

**मुंबई इंडियंस**

**195/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| रेयान रिकेल्टन का शशांक बो अर्शदीप | 02 |
| क्विंटन डिकॉक नाबाद | 112 |
| सूर्यकुमार यादव का चहल बो अर्शदीप | 00 |
| नमन धीर का बार्टलेट बो शशांक | 50 |
| हार्दिक पंड्या का बार्टलेट बो यानसेन | 14 |
| शेरफेन रदरफोर्ड बो अर्शदीप | 01 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 08 |
| मयंक रावत नाबाद | 00 |

**अतिरिक्त :** 08, **विकेट पतन :** 1-12, 2-12, 3-134, 4-175, 5-185, 6-193

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-22-3, यानसेन 4-0-30-1, बार्टलेट 4-0-39-0, वैशाक 3-0-36-0, चहल 3-0-45-0, शशांक 2-0-19-1



अर्शदीप सिंह। एजेंसी

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 1.503 |
| 2. | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 0.889 |
| 3. | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 0.720 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | 0.576 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.322 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.029 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.804 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.846 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.772 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 5 | 0 | 4 | 1 | 1 | -1.383 |

## टी-20 प्रारूप में एक ही तरह से गेंदबाजी करके प्रासंगिक नहीं रह सकते : एंगिडी

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप में बड़े-बड़े बल्लेबाजों को परेशान करने वाली लुंगी एंगिडी की नीचे की ओर गिरती हुई धीमी गेंद (डिपिंग स्लोअर बॉल) इंडियन प्रीमियर लीग में भी बल्लेबाजों के लिए उतनी ही घातक बनी हुई है। एनगिडी ने 2018 में चेन्नई सुपरकिंग्स में ड्वेन ब्रावो के कहने पर अपनी धीमी गेंदों पर काम करना शुरू किया था और खेल के इस सबसे छोटे प्रारूप में इस अहम कला में महारत हासिल करने में उन्हें थोड़ा समय लगा। दक्षिण अफ्रीका और दिल्ली कैपिटल्स के इस तेज गेंदबाज को हैरानी है कि अब सभी उनकी गेंदबाजी विविधताओं के बारे में बात कर रहे हैं जबकि ये वर्षों से उनके खेल का हिस्सा रही हैं। बृहस्पतिवार को चुनिंदा संवाददाताओं से बात करते हुए एनगिडी ने अपनी हाल की सबसे असरदार गेंद के बारे में बात की। एक धीमी गेंद जो बल्लेबाज के पास पहुंचते-पहुंचते नीचे की ओर गिरने लगती है। यह धीमी यॉर्कर, लेंथ गेंद या धीमी बाउंसर हो सकती है। दक्षिण अफ्रीका के इस तेज गेंदबाज ने टी20 विश्व कप के दौरान कहा था यह एक ही गेंद के साथ तीन अलग-अलग लेंथ हैं और बल्लेबाज को यह अंदाजा लगाना होता है कि अगली गेंद कौन सी आने वाली है। बृहस्पतिवार को इस तेज गेंदबाजी से उनकी विविधताओं और टी20 प्रारूप में बल्लेबाजों से आगे रहने में



वह कैसे कामयाब रहे इस बारे में कई सवाल पूछे गए। एनगिडी ने उन सभी का जवाब बहुत ही आसान शब्दों में दिया। एनगिडी ने कहा ऐसा लगता है कि हर कोई हैरान है लेकिन मैं तो वर्षों से धीमी गेंदें डाल रहा हूं। शायद मैं अब उन्हें थोड़ी अधिक फ्लाइट दे रहा हूं। मैं आईपीएल से जुड़े ट्रेंड पर नजर रख रहा हूं। हर कोई तेज गेंदबाजी करना चाहता है। उन्होंने कहा इन जैसी बल्लेबाजी के लिए मददगार पिचों पर आपको कुछ अलग करना पड़ता है। यही एकमात्र तरीका है जिससे आप प्रासंगिक बने रह सकते हैं। बहुत से लोग मेरे से इसके बारे (डिपिंग स्लोअर बॉल के बारे में) पूछते हैं। उन्हें लगता है कि यह आसान है। एनगिडी ने कहा इस गेंद को सही तरीके से डालने में मुझे लगभग एक साल का समय लगा। यह मेरे मुख्य हथियारों में से एक है।

# तेज गेंदबाजी आक्रमण ने आरसीबी को बना दिया खतरनाक टीम

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच जीतकर इतिहास रच दिया है और इसमें उसके तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम रही।

चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के गेंदबाजों ने सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएके) और लखनऊ सुपर जाएंट्स जैसी टीमों पर हावी रहकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

बदलाव का पहला संकेत 28 मार्च को मिला जब जैकब डफी ने तीन विकेट लेकर सनराइजर्स के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। जोश हेज़लवुड की शुरुआती मैचों में अनुपस्थिति में उन्होंने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई। हैदराबाद के खिलाफ मैच के बाद डफी ने कहा था मैं तो बस उस दिग्गज खिलाड़ी की जगह संभाल रहा हूं। जोश ने पिछले साल यहां बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, इसलिए उसने जो अच्छा किया था, उसे मैं आगे बढ़ाने की कोशिश करूं।

हेजलवुड ने वापसी करने के बाद अपना जलवा दिखाया और लखनऊ की टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया। इसके लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। आरसीबी के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने मैच के बाद संवाददाताओं से हेजलवुड के बारे में कहा मुझे लगता है कि वह पहले से ज्यादा चुस्त-दुरुस्त दिख रहे हैं। चोट के बाद उन्हें काफी आराम मिला है। इसलिए वह पहले से ज्यादा तेज और फिट हो गए हैं और अब उन्हें अपने शरीर पर पूरा भरोसा है। यह उनकी गेंदबाजी में दिख रहा है। आरसीबी के पास भुवनेश्वर कुमार के रूप में एक नया अन्य उपयोगी तेज गेंदबाज है जिन्होंने हेज़लवुड का साथ देते हुए तीन विकेट लिए। वह अपनी धीमी बाउंसर, यॉर्कर और कम गति वाली गेंद करके बल्लेबाजों को परेशान कर रहे हैं। यही नहीं आरसीबी को रसिक सलाम के रूप में एक उपयोगी तेज गेंदबाज मिला है जिन्होंने पिछले मैच में चार विकेट लिए। अपने इस तेज गेंदबाजी आक्रमण के कारण आरसीबी किसी भी मैदान पर जीत हासिल करने में सक्षम है।



जोश हेजलवुड



भुवनेश्वर कुमार



रसिक सलाम

# पहली जीत के लिए बेताब केकेआर

**अहमदाबाद, एजेंसी**

लगातार खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपनी लय में लौटकर पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। कप्तान अजिंक्य रहाणे और कोच अभिषेक नायर के नेतृत्व में केकेआर की स्पष्ट रणनीति नजर नहीं आ रही है। उसे अब तक पांच मैच में से चार मैच में हार का सामना करना पड़ा है।

हर्षित राणा और आकाश दीप के चोटिल होने तथा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर किए जाने के बाद टूर्नामेंट से पहले उसकी गेंदबाजी काफी कमजोर हो गई थी। उसके लिए हालांकि सबसे बड़ी चिंता सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिन गेंदबाजों की खराब फॉर्म है। चक्रवर्ती इस टूर्नामेंट में अभी तक एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं। केकेआर की समस्याएं मैदान के अंदर और बाहर के कुछ फैसलों के कारण बढ़ गई हैं। टिम सीफर्ट और रचिन रविंद्र जैसे खिलाड़ियों को टीम से बाहर रखने पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि टॉस जीतने के बाद उनके फैसले भी समझ से परे हैं। पंजाब के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए मैच में रहाणे ने बल्लेबाजी का फैसला करके सभी को चौंका दिया।



अभ्यास सत्र के दौरान केकेआर के उपकप्तान रिंकू सिंह (दाएं से दूसरे), अंगकृष रघुवंशी (दाएं से तीसरे), वैभव अरोड़ा (बाएं से तीसरे) और अन्य। एजेंसी

### घरेलू मैदान पर जीत हासिल नहीं कर पाया गुजरात

गुजरात टाइटन्स की टीम भी अभी तक अपने घरेलू मैदान पर जीत हासिल नहीं कर पाई है। उसे अभी तक यहां खेले गए एकमात्र मैच में राजस्थान रॉयल्स से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके बाद उसने विरोधी टीम के मैदानों पर दो जीत हासिल की। उसकी गेंदबाजी मजबूत नजर आ रही है जिसमें प्रसिद्ध कृष्णा अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और राशिद खान ने अपनी लय वापस हासिल कर ली है। शुभमन गिल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाजों के फॉर्म में आने से गुजरात टाइटन्स मजबूत नजर आ रही है।

- घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा गुजरात टाइटन्स

### दिशाहीन नजर आ रही कोलकाता टीम

केकेआर दिशाहीन टीम नजर आ रही है। अभी तक सारा ध्यान कैमरन ग्रीन पर रहा है जिन्हें आंद्रे रसेल की जगह भरने के लिए रिकॉर्ड 25 .20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। ऑस्ट्रेलिया का यह ऑलराउंडर उस कीमत को सही ठहराने के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन वह पांच पारियों में केवल 56 रन ही बना पाए हैं और गेंदबाजी में भी खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। केकेआर के बल्लेबाजी क्रम में भी स्पष्टता नजर नहीं आती। पिछले मैच में सुनील नारायण को पारी की शुरुआत करने के लिए भेजा गया जबकि रहाणे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन यह दोनों ही बदलाव कारगर साबित नहीं हुए। मनीष पांडे, राहुल त्रिपाठी और सार्थक रंजन जैसे बल्लेबाजों को मौका नहीं मिला है। केकेआर को जीत हासिल करने के लिए रणनीति को बदलना होगा और तीनों विभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

**सफलता** | वह यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं

# वैशाली ने फिडे महिला कैंडिडेट्स जीतकर रचा इतिहास

**साइप्रस/ नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली ने फिडे विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह खिताब को जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस उपलब्धि पर वैशाली को बधाई दी।

बुधवार को 14 राउंड के इस मुकाबले में आखिरी राउंड में कतेरीना लाग्नो को हराकर वैशाली ने खिताब अपने नाम किया। इस खिताबी जीत के साथ ही उन्होंने इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का टिकट मिल गया है, जहां उनका सामना चीन की जू वेनजुन से होगा। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए आर वैशाली को बधाई दी है। डॉ. मांडविया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने पर आर वैशाली को बधाई। पूरे भारत को आप पर गर्व है।



### वर्ष 2023 में तीसरी भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर बनकर किया था कमाल

वैशाली दिसंबर 2023 में कोनेरू हम्पी और डी हरिका के बाद तीसरी भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर बनीं। इसके बाद वह गुपचुप अपने खेल को आगे बढ़ाती रहीं। उन्होंने आयु वर्ग के कई खिताब जीते और 2021 में अंतर्राष्ट्रीय मास्टर का खिताब हासिल किया। इसके बाद 2022 में चेन्नई के मल्लापुरम में शतरंज ओलंपियाड में उन्होंने व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने टीम को भी कांस्य पदक दिलाने में मदद की। कैंडिडेट्स प्रतियोगिता में भी उन्होंने अपना शांत आत्मविश्वास बनाए रखा। उन्हें इस प्रतियोगिता में कमजोर खिलाड़ी माना जा रहा था लेकिन उन्होंने केवल अपने खेल पर ध्यान केंद्रित किया और सभी धारणाओं को गलत साबित कर दिया। नॉर्वे की शतरंज चैंपियन अन्ना मुज़िचुक, महिला विश्व रैपिड चैंपियन एलेक्जेंड्रा गोरियाचकिना, विश्व ब्लिट्ज चैंपियन बिबिसारा असाउबायेवा और चीन की दो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी झू जिनर और पूर्व कैंडिडेट्स विजेता टैन झोंगयी जैसी दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी में उन्हें जीत का प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा था।

### मां की उपस्थिति ही सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली।** अपने शांत स्वभाव लेकिन मजबूत आत्मविश्वास वाली कैंडिडेट्स प्रतियोगिता की विजेता आर वैशाली अक्सर अपनी मां के साथ देखी जाती हैं और विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने से पहले यही उनकी ताकत हैं। वह एक ऐसी भारतीय खिलाड़ी हैं जो अपने खेल को ही अपनी पहचान बनने देती हैं। वैशाली के लिए जो चीज सबसे महत्वपूर्ण है वह है उनके घर का माहौल। वह एक ऐसे परिवार से हैं जो पूरी तरह से शतरंज के प्रति समर्पित है और जिसने बिना किसी दिखावे के महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। साइप्रस के पाफोस में खेले गए कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में आठ महिला खिलाड़ियों में सबसे कम रेटिंग वाली खिलाड़ी वैशाली ने अपने शांत खेल और आत्मविश्वास से ही जीत हासिल करके अपनी काबिलियत साबित कर दी।

## मेसी पर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप

**मियामी।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी पर मियामी स्थित एक 'इवेंट प्रमोटर' ने मुकदमा दायर किया है, जिसका कहना है कि इस दिग्गज खिलाड़ी ने पिछले साल एक प्रदर्शनी मैच में अनुपस्थित रहकर 70 लाख डॉलर के अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया है।

अदालती रिकॉर्ड के अनुसार विड म्यूजिक ग्रुप ने पिछले महीने मियामी-डेड सर्किट कोर्ट में मेसी और अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) के खिलाफ धोखाधड़ी और अनुबंध के उल्लंघन का मुकदमा दायर किया था। मेसी और एएफए ने इस संबंध में टिप्पणी के लिए भेजे गए सवालों का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। मेसी को महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। वह मेजर लीग सॉकर क्लब इंटर मियामी व अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम दोनों के लिए खेलते हैं।

# बायर्न म्यूनिख चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में

- क्वार्टर फाइनल में रियल मैड्रिड को 4-3 से हराया

**म्यूनिख, एजेंसी**

बायर्न म्यूनिख ने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड को हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। लुइस डियाज़ और माइकल ओलिस के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में रियल मैड्रिड पर 4-3 से जीत दर्ज की।

बायर्न म्यूनिख ने पहला चरण 2-1 से जीता था। इस तरह से उसने कुल 6-4 के स्कोर से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। डियाज ने 89वें मिनट और ओलिस ने स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल करके बायर्न म्यूनिख की जीत सुनिश्चित की। उसकी तरफ से अलेक्जेंडदर पावलोविच (छठे) और हैरी केन (38वें) ने पहले हाफ में गोल किए थे। रियल मैड्रिड की तरफ से अर्डा गुलेर ने दो (पहले और 29वें मिनट) तथा किलियन एमबाप्पे (42वें) ने गोल किए। रियाल मैड्रिड के खिलाड़ी 86वें मिनट में एडुवार्डो कैमाविंगा को लाल कार्ड देने के रेफरी के फैसले से संतुष्ट नहीं थे और उन्होंने मैच खत्म होने के बाद उन्हें घेर लिया। जिसके कारण गुलेर को लाल कार्ड दिखाया गया। बायर्न म्यूनिख सेमीफाइनल में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन से भिड़ेगा। दूसरा सेमीफाइनल आर्सेनल और एटलेटिको मैड्रिड के बीच खेला जाएगा।